जबलपुर, बुधवार
01 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 275
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'अगर आपके पैर में जूते नहीं हैं तो अफसोस न करें, दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जिनके पास तो पैर ही नहीं है।'


2 पालकी में सवार हो नगर भ्रमण...
5 वार्षिक फीस में मनमानी कापी...
7 युद्ध का 32वां दिन: इजरायल ने...
11 एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन...


# मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश मिलकर लिखेंगे आध्यात्मिक पर्यटन की नई इबारत: डॉ. यादव

### बाबा विश्वनाथ से की प्रदेश की जनता की खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारें विरासत के साथ विकास के मंत्र को आत्मसात करते हुए सुशासन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में साझा संस्कृति विकसित कर रही हैं। यह न केवल दोनों राज्यों के संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, बल्कि जन-कल्याण के नए मार्ग भी प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के भ्रमण के दौरान कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने वाराणसी भ्रमण की शुरूआत देवादिदेव महादेव श्री काशी विश्वनाथ जी के दर्शन और पूजन के साथ किया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजन कर मध्यप्रदेश की जनता की खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पावन गंगा घाट पहुँचकर पतित पावनी माँ गंगा के दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ माँ गंगा का पूजन किया और गंगाजल से आचमन किया। दर्शन और पूजन के बाद उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ के धाम में आकर जो आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है, वह अद्भुत है।

### काशी-महाकाल के बीच व्यवस्थाओं का साझा संगम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को वाराणसी भ्रमण के दौरान विश्व प्रसिद्ध श्री



काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और बाबा महाकाल के धामों के बीच व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू (स्ल्ह) किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य दर्शनार्थियों को सुगम और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर परिसर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

### सिंहस्थ-2028 के लिए प्रबंधन का रोडमैप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी के अनुभवों को मध्यप्रदेश के उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के न्यासियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रेजेंटेशन से कॉरिडोर में तीर्थयात्री प्रबंधन, क्राउड कंट्रोल (भीड़ प्रबंधन), दर्शन व्यवस्था और मोबाइल ऐप आधारित टोकन सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ और काशी कॉरिडोर के प्रबंधन से सीख लेकर हम उज्जैन में श्रद्धालुओं के लिए दूरगामी योजनाएं तैयार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को दर्शन की उच्चतम और सुगम व्यवस्था देना हमारा लक्ष्य है। प्रेजेंटेशन से तीर्थ स्थल प्रबंधन की एसओपी (स्ह्क्क) को समझा। इसमें रियल टाइम सीसीटीवी मॉनिटरिंग, जोन-बेस्ड क्राउड कंट्रोल, सुरक्षा प्रोटोकॉल और स्वच्छता प्रबंधन के आधुनिक तौर-तरीकों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा ग्लोबल सनातन पुस्तक भी भेंट की गई।

# बिहार-नालंदा के मंदिर में भगदड़, 9 की मौत

## इनमें 8 महिलाएं, राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2500 जवान, 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए कोई नहीं

नालंदा।

नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 8 महिलाएं शामिल हैं, जिनकी भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। बाकी घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा





स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। इस हादसे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की ओर मृतकों के परिजनों के लिए कुल 8 लाख रुपये मुआवजे का एलान किया है। वहीं, घायलों के लिए केंद्र सरकार ने 50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जबकि राज्य सरकार ने घायलों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की है।

### एक-दूसरे के ऊपर गिर गए श्रद्धालु

घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। हादसे में कई श्रद्धालु घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर और मेला दोनों को बंद करवा दिया है।

### महिलाओं के गिरने से मची भगदड़

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शीतलाष्टमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मंगला मेला के कारण भीड़ और बढ़ गई थी। पुलिस के मुताबिक कुछ महिलाएं नहाकर मंदर जा रही थीं। इसी दौरान कुछ महिलाएं डिहाइड्रेशन और दम घुटने से बेहोश होकर गिर पड़ी, जिससेअचानक अफरा-तफरी मच गई और लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई। मृतकों में रीता देवी बिहारशरीफ सकुन्त मोहल्ले की रहने वाली है। रेखा देवी नूरसराय, अनुष्का देवी रहुई, कांति देवी नवादा, देवंती देवी इस्लामपुर, मालो देवी हिलसा, चिंता देवी रहुई, कांति देवी दीपनगर. शामिल है ।

### मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने किया मुआवजे का एलान

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शीतला मंदिर हादसे पर शोक जताया और मृतकों के लिए मुआवजे की घोषणा की। मृतकों को राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से 4 लाख रुपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये (कुल 6 लाख रुपये प्रति व्यक्ति) की सहायता राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। उन्होंने घटना पर दुख जताया और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की है। इस तरह केंद्र और राज्य को मिलाकर मृतकों के लिए कुल 8 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 रुपये मुआवजे की घोषणा की है

# मोदी ने सेमीकंडक्टर प्लांट का किया उद्घाटन

अहमदाबाद (वार्ता)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां साणंद में केन्स टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर प्लांट का शुभारंभ किया और कहा कि यह मज़बूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है जो भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा को मज़बूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गौरव की बात है कि एक भारतीय कंपनी ने सेमीकंडक्टर चिप निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा है। उन्होंने कहा कि यह कंपनी अब वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बन गई है। उन्होंने कहा, यह एक शानदार शुरुआत है। आने वाले दिनों में, कई भारतीय कंपनियां वैश्विक सहयोग के माध्यम से दुनिया को मज़बूत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला प्रदान करेंगी।श्री मोदी ने कहा कि आज की यह उपलब्धि वास्तव में मेक इन इंडिया , मेक फॉर द वर्ल्ड (भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ) के मंत्र को साकार करती है। उन्होंने कहा, यह प्लांट कैलिफ़ोर्निया स्थित एक




### कहा यह आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा कदम

कंपनी को इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल्स की आपूर्ति कर रहा है और इसके उत्पादन का बड़ा हिस्सा पहले ही निर्यात के लिए बुक हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच असल में यह एक नया पुल बन गया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, साणंद में बने ये मॉड्यूल्स अमरीकी कंपनियों तक पहुंचेंगे और वहां से पूरी दुनिया को ऊर्जा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि ये भारत और दुनिया, दोनों जगह इलेक्ट्रिक वाहन इकोसिस्टम और भारी उद्योगों को मज़बूत करेंगे। उन्होंने ऐसी वैश्विक साझेदारियों को दुनिया के बेहतर भविष्य की नींव बताया।

प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा, यह सिर्फ़ एक प्रोडक्ट की बात नहीं है, यह भारत के वैश्विक बाज़ार में भरोसेमंद सेमीकंडक्टर सप्लायर बनने की बात है। श्री मोदी ने महामारी से लेकर भू-राजनीतिक संघर्षों तक इस दशक में आई चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला खासकर चिप, दुर्लभ खनिज और ऊर्जा के क्षेत्र में, सबसे ज़्यादा प्रभावित हुई हैं।

# सूरत की बिल्डिंग में आग, 5 की मौत

## इनमें चार महिलाएं, एक बच्चा शामिल



**सूरत।** गुजरात के सूरत में एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पड़ोसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के लिंबायत इलाके का यह मकान एक व्यापारी का है, जिसमें करीब 8 टन साड़ियों का स्टॉक रखा हुआ था। इससे घर में पैदल चलने तक की जगह नहीं बची थी। इसी के चलते आग इतनी तेजी से भड़की। किसी को बचने का मौका नहीं मिला। मरने वालों में एक बच्चे समेत 4 महिलाएं शामिल हैं। इनके नाम- शाहनाज बेगम अंसारी (उम्र 65 वर्ष), हुसा बेगम अंसारी (उम्र 18 वर्ष), शबीन अंसारी (उम्र 28), परवीन अंसारी (उम्र 19) और शुभान अंसारी (उम्र 4) शामिल हैं।

# अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा : ट्रम्प

### हमसे तेल खरीदो, नहीं तो हिम्मत दिखाओ और होर्मुज जाकर ले लो

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा। देशों को खुद ही अपने हालात संभालने होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन जैसे देश जो होर्मुज स्ट्रेट से फ्यूल नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें अमेरिका से तेल खरीदना चाहिए क्योंकि अमेरिका के पास इसकी कोई कमी नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि अगर देश चाहें, तो हिम्मत दिखाएं और खुद होर्मुज स्ट्रेट जाकर तेल ले लें। अमेरिका उनकी मदद के लिए नहीं आएगा, जैसे वे अमेरिका की मदद के लिए नहीं आए। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान काफी हद तक कमजोर हो चुका है और सबसे मुश्किल काम पहले ही पूरा हो गया है। अब बाकी देश खुद जाकर अपना तेल ले सकते हैं।




अमेरिका ने ईरान के इस्फहान शहर में एक बड़े हथियार डिपो पर एयरस्ट्राइक की है। वॉल स्ट्रीट जर्नल रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला सोमवार रात को किया गया। इसके लिए 2000 पाउंड के बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल हुआ। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि इस डिपो में बड़ी मात्रा में हथियार और सैन्य सामग्री रखी गई थी, जिसे निशाना बनाया गया। बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल मजबूत और भूमिगत ठिकानों को तबाह करने के लिए किया जाता है। हमले के बाद डिपो में रखे हथियारों में विस्फोट होने से कई धमाके हुए और इलाके में आग के बड़े गुबार उठे। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी सोशल मीडिया पर धमाकों का एक वीडियो शेयर किया है।

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने बताया कि अमेरिका समझौता करना चाहता है और ज्यादा सैन्य कार्रवाई से बचना चाहता है। लेकिन उन्होंने यह भी साफ किया कि बातचीत के साथ-साथ ईरान पर सैन्य दबाव जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बातचीत चल रही है, लेकिन हमले पूरी तरह नहीं रुकेंगे। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान के कम से कम 4,770 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो चुकी है। इस दौरान करीब 21 हजार लोग घायल भी हुए हैं। इनमें बसीज और पुलिस के जवान शामिल हैं।

# मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना धोखा साबित हुयी : राहुल

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए मंगलवार को इसे धोखा करार दिया और कहा कि यह योजना अपने उद्देश्य से भटक गई और आम नागरिकों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा। श्री गांधी ने एक बयान में आरोप लगाया कि परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया, जबकि ज़मीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कोई भी शहर तब तक 'स्मार्ट' नहीं हो सकता,



जब तक वह अपने नागरिकों को साफ पानी, स्वच्छ हवा और सुरक्षा जैसी बुनियादी गरिमा उपलब्ध नहीं कराता। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब 48 हजार करोड़ रुपये खर्च होने और 97 प्रतिशत परियोजनाओं के पूरे होने का दावा किया गया, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि कितने शहरों में वास्तव में ठोस बदलाव आया और लोगों के जीवन में क्या सुधार हुआ।

# पश्चिम बंगाल चुनाव के बीच लिएंडर पेस ने भाजपा का दामन थामा



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टेनिस के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। श्री पेस ने केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। श्री रिजिजू ने भाजपा की सदस्यता वाली पर्ची के साथ फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले श्री पेस का भाजपा में शामिल होना के कई बड़े राजनीतिक मायने हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले उनका भाजपा में शमिल होना बेहद अहम माना जा रहा है। लोग कयास लगा रहे हैं कि राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी अहम भूमिका हो सकती है।प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री पेस की पिछले दिनों भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से पश्चिम बंगाल दौरे पर मुलाकात हुयी थी। इस दौरान उनके साथ सौमिक भट्टाचार्य भी मौजूद थे। भाजपा में शामिल होने के बाद श्री पेस ने कहा, यह मेरे जीवन का बड़ा दिन है। मैं प्रधानमंत्री मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# वीर विक्रम यादव बने डीजीसीए के नये महानिदेशक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी वीर विक्रम सिंह यादव को मंगलवार को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) का नया महानिदेशक नियुक्त किया। ओडिशा कैडर के 1996 बैच के आईएएस अधिकारी श्री यादव इससे पहले पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के तौर पर नियुक्त थे। वह मध्य प्रदेश कैडर के 1996 बैच के अधिकारी फैज अहमद किदवई की जगह लेंगे, जिन्हें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।



# नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़! डेडलाइन के आखिरी दिन बड़ी सफलता

## 59 हथियार, 1856 गोला बारूद के साथ नक्सलियों का सरेंडर

छत्तीसगढ़।

नक्सलवादियों को खत्म करने की डेडलाइन से पहले ही बस्तर और नारायणपुर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है, जब घातक हथियारों के साथ नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। अब नक्सलियों ने हथियारों का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में वापसी करने का मन बना लिया है। बस्तर के डीआईजी ने पी सुंदरराज ने इसे बड़ी सफलता बताया है.केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 तय की थी और इस पर लोकसभा में चर्चा हो चुकी है। अब डेडलाइन के आखिरी दिन



दंतेवाड़ा में नक्सलवाद पर अंतिम वार किया गया है, जहां 5 माओवादियों ने सरेंडर किया है. इन नक्सलियों ने 40 हथियार भी सुपुर्द किए हैं. इसकी जानकारी बस्तर के डीआईजी पी. सुंदरराज ने दी है और उन्होंने इसे ऐतिहासिक सफलता बताया है। वहीं दूसरी तरफ जवानों की संयुक्त कार्रवाई में नारायणपुर में एक लाख के इनामी नक्सली ने सरेंडर किया है। डेडलाइन के आखिरी दिन नक्सलियों के सरेंडर करने का सिलसिला लगातार जारी है। नारायणपुर में ग्रामीणों के सहयोग से जवानों को मिली बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने 59 हथियार बरामद, 1856 जिंदा राउंड (गोला बारूद), विस्फोटक एवं द्धश्वष्ठ से संबंधित 581 नग सामग्री, खोखा 1908 नग, बीजीएल राउंड एवं लॉन्चर कुल 330 नग बरामद किए हैं।

### बस्तर संभाग पूरी तरह से नक्सलमुक्त

बस्तर के डीआईजी पी सुंदरराज ने कहा कि बस्तर संभाग पूरी तरह से नक्सलमुक्त हो गया है. नक्सल कमांडर पापाराव के सरेंडर के बाद कोई भी नक्सल मूवमेंट नहीं बची है। कोई नक्सली बस्तर में अभी सक्रिय नहीं है।

### सरेंडर करते समय नक्सलियों ने सौंपे घातक हथियार

*पी सुंदरराज ने अपने बयान में कहा कि लगातार ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं. सुरक्षा बलों का दबाव और सरकार की प्रभावी पुनर्वास नीति के कारण नक्सलियों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने एसएलआर, इंसास, कार्बाइन, .303 रायफल, बीजीएल लॉन्चर, मोर्टार जैसे घातक हथियार सौंपे हैं, जो नक्सली गतिविधियों में इस्तेमाल किए जाते थे।*

# पालकी में सवार हो नगर भ्रमण को निकले भगवान महावीर

## धूम धाम से मनाया गया जन्म कल्याणक महोत्सव

बुढार (स्वतंत्रमत)।

पूरे देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी सभी जगहों में तिथि अनुसार 30 मार्च को जिन शासन नायक भगवान महावीर की जन्म जयंती जैन अनुयायियों द्वारा भव्यता से पारंपरिक तरीकों से मनाई गई। बुढार में पूज्य निर्यापक मुनि प्रसाद सागर एवं पूज्य मुनि शीतल सागर के पावन सानिध्य मिलने से इस वर्ष बुढार समाज में एक विशेष उत्साह देखने में आया।

30 मार्च दिन रविवार को प्रात: 7 बजे से वासुपूज्य जिन मंदिरजी, शांतिनाथ जिन मंदिर एवं पार्श्वनाथ जैन मंदिर में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की की जिन बिम्ब प्रतिमाओं में जन्माभिषेक, शांति धारा श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। पार्श्वनाथ जैन मंदिर में मुनि प्रसाद सागर, शीतल सागर के मुखारबिंद से 108 कलशों से भगवान महावीर



स्वामी जी का महा मस्तकाभिषेक किया गया।

मुनि की आहार चर्या के पश्चात दोपहर 1.30 बजे पार्श्वनाथ जैन मंदिर एवं शांतिनाथ जैन मंदिर से से श्री जी की भव्य शोभा यात्रा , विमान, रथ जी,एवं पालकी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो पारंपरिक मुख्य मार्ग से होती हुई वापस मंदिर जी में आहुत हुई, जहां नगर भ्रमण पश्चात श्री जी का मस्तकभिषेक दोनों मंदिरों में किया गया। तत्पश्चात शांतिनाथ जिन मंदिर में समाज का सामूहिक भोज आयोजित हुआ। शाम के वक्त शांतिनाथ जिन मंदिर में भगवान की महा आरती एवं पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमें पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

उक्त समस्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में बुढार, धनपुरी,सभी जगहों की कमेटियां, पाठशाला के बच्चों द्वारा बढ़ चढ़ कर भूमिकाएं निभाई गई, वासुपुज्य मंदिर समिति, शांतिनाथ मंदिर समिति, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन समिति, त्रिशला, जागृति व स्तुति महिला मंडल, पाठशाला समिति, विद्यासागर युवा संघ, बालिका मंडल व सकल जैन समाज बुढार ने पूर्ण हर्षोल्लास से भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया।



# जिला अस्पताल में अनियमितताओं के खिलाफ युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिला मुख्यालय में युवा कांग्रेस द्वारा जिला अस्पताल में व्याप्त गंभीर अनियमितताओं के विरोध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी के नेतृत्व एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन में दिया गया। युवा काँग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि, जिला अस्पताल परिसर में संचालित वाहन स्टैंड में मरीजों एवं उनके परिजनों से अवैध एवं मनमानी तरीके से शुल्क वसूला जा रहा है। इस अवैध वसूली के कारण पहले से परेशान मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। इसके अतिरिक्त अस्पताल के ब्लड बैंक में भी गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, वहीं दलालों के माध्यम से अवैध वसूली किए जाने के आरोप लगाए गए हैं।

रक्त की कमी के कारण गरीब एवं असहाय मरीजों का उपचार प्रभावित हो रहा है। युवा कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि वाहन स्टैंड में हो रही अवैध वसूली को तत्काल बंद कराया जाए तथा यदि ठेका वैध है तो निर्धारित दरों को सार्वजनिक किया जाए। साथ ही ब्लड बैंक में व्याप्त दलाली पर सख्त कार्रवाई करते हुए रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, प्रिंस सिंह, सत्यनारायण साहू, शैलेन्द्र शर्मा, आशीष द्विवेदी, दीपांशु गुप्ता, महेंद्र यादव, अमन तिवारी, पंकज तिवारी, ओम साहू, कृतितेंद्र सिंह, शिवम तिवारी, दीपक साहू, शुभांक पाण्डेय, कान्हा कोरी सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई साप्ताहिक जनसुनवाई



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर ने जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में वार्ड नम्बर 7 निवासी शिवा जायसवाल ने दरवाजे के सामने पिलर खड़े करने के लिए गढ्डा खोदकर निस्तार बंद करने पर तत्काल रोक लगवाने, ग्राम मिठौरी निवासी सूरज सिंह नल जल योजना के कार्य को पूर्ण करवाने, ग्राम चुनिया निवासी सोभनाथ कोरी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि स्वीकृत करवाने, निवासी मुन्नी बाई नामदेव ने वृद्धा पेंषन स्वीकृत करवाने, ग्राम गोड़िनगुडा निवासी संतीराम यादव ने वनाधिकार का पट्टा दिलवाने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में दिए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त अन्य आवेदनों को भी कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** डीपीसी अमरनाथ सिंह ने जानकारी दी है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 1 अप्रैल से 4 अप्रैल स्कूल चलें हम अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल चले हम अभियान के तहत 1 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम जिला मुख्यालय के रघुराज शाससकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनप्रतिनिधियो, अधिकारियो, अभिभावको की उपस्थिति में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होने वाले राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का वर्चुअली प्रसारण भी किया जाएगा।

# गैस सिलेंडर एवं बिजली बिल में मूल्य वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि, अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी तथा पेट्रोल-डीजल की कमी के विरोध में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने किया, जिसके पश्चात महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मध्यप्रदेश में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के बीच लगातार बढ़ती कीमतों ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं पेट्रोल एवं डीजल की अनियमित उपलब्धता और राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई वृद्धि ने जनता पर महंगाई की दोहरी मार डाल दी है। उन्होंने मांग की कि प्रदेश सरकार तत्काल



बिजली बिलों में की गई वृद्धि को वापस ले, गैस सिलेंडर के दामों में कमी करे तथा पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे। साथ ही गैस की कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाने की भी मांग की गई, जिससे आमजन को राहत मिल सके। अजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता पहले से ही महंगाई से त्रस्त है, ऐसे में गैस एवं बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी ने लोगों का जीवन और अधिक कठिन बना दिया है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीनिवास शर्मा, नगर अध्यक्ष प्रभात पाण्डेय, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा,युवा काँग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राम नरेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह,सिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष अजीत सोनी, वरिष्ठ कांग्रेसी विष्णु प्रताप सिंह,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला,विवेक तिवारी, कुंज बिहारी द्विवेदी, राम नरेश चतुर्वेदी, डैनी फ्रांसिस, पुष्पराज सिंह, हरिशंकर तिवारी, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश चौधरी,संजय पटेल, अशोक तिवारी, वरुण पाल, नईम अहमद, राजू विश्वकर्मा, मुन्ना दुबे, सोनेलाल, सिद्धू कोल, भैयालाल, अकरम खान, यासीन अली, जसवीर सिंह, धनु बर्मन,प्रिंस सिंह, सत्यनारायण साहू, शैलेन्द्र शर्मा, आशीष द्विवेदी, दीपांशु गुप्ता, महेंद्र यादव, अमन तिवारी, पंकज तिवारी, ओम साहू, कृतितेंद्र सिंह, शिवम तिवारी, दीपक साहू, शुभांक पाण्डेय, कान्हा कोरी सहित काफी संख्या मे काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

# भक्ति और उल्लास के साथ माता के किया गया माता के ज्वारों का विसर्जन

शहपुरा।

विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में चैत्र नवरात्रि के समापन पर माता के जवारे का विसर्जन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकालकर जवारे का विसर्जन स्थानीय नदी-तालाब में किया गया। प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार ग्राम के दुर्गा मंदिर एवं खेरमाता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कलश स्थापना की गई थी। अंतिम दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का विशेष श्रृंगार कर



श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात महिलाओं को क्रमबद्ध रूप से बैठाकर कलश वितरित किए गए, जिन्हें महिलाओं ने सिर पर धारण कर शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान पूरे गांव में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। महिलाएं और श्रद्धालु कलश व जोत जवारे के साथ दुर्गा मंदिर से खेरमाता मंदिर तक भ्रमण करते हुए आगे बढ़े। इस दौरान च्जय माता दीज्, च्जय श्रीरामज् और च्विश्व कल्याण होज् जैसे जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जवारे विसर्जन के इस धार्मिक आयोजन में ग्रामवासियों की भारी सहभागिता रही। श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था ने पूरे कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। यह आयोजन गांव की परंपरा, एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर सामने आया।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम सिंहपुर निवासी गयाप्रसाद पाण्डेय ने क्रमोन्नति का लाभ दिलवाने, वार्ड नम्बर 14 बुढार निवासी पुष्पेंद्र कोल ने घर से कब्जा हटवाने, ग्राम कोटमा निवासी दीपक तिवारी ने भूमि से अतिक्रमण हटवाने, ग्राम खोल्हाड़ निवासी विमला रजन ने कैंसर के उपचार हेतु आथिक सहायता राषि



प्रदाय करने,उमरिया जिले के ग्राम घुनघुटी निवासी उधिया बाई ने अतिक्रमण हुई भूमि को वापस दिलाने हेतु आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओटीपी आने के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला के निर्देश अनुसार जिला महिला इकाई टीम पहुंची परसोत्तम गैस एजेंसी लोगों की केवाईसी होने के बाद ओटीपी आने के बाद भी सिलेंडर नहीं दिए जा रहे थे ।एजेंसी वालों का कहना है कि ओटीपी आएगी और तुरंत आपको सिलेंडर दिया जाएगा मगर एक हफ्ता 15 दिन हो गए ओटीपी के बाद भी नहीं दिया कोई भी कार्य व्यवस्थित ढंग से नहीं हो रहा था ट्रांसफर के लिए भी पूरे डाक्यूमेंट्स लेकर लोग घूम रहे थे तो सिलेंडर ट्रांसफर नहीं कर रहे थे काफी कंप्लेन आ रही थी तो जिला महिला इकाई टीम पहुंची पुरुषोत्तम गैस एजेंसी जिसमें जिला अध्यक्ष प्रीति सेन, प्रदेंश सह सचिव कल्पना दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष शशि शुक्ला, संभागीय उपाध्यक्ष अलका वर्मा, जिला उपाध्यक्ष आशा सुहाने, उपाध्यक्ष अलका अग्रवाल, यूथ बीइंग अध्यक्ष अमन सुहाने, कटनी जिले की जितनी भी एजेंसी हैं अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन महिला इकाई की टीम सभी का निरीक्षण करेंगे उपभोक्ताओं की मदद करने के लिए।

# सत्या परधान ने 75 अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को पछाड़ जीता गोल्ड

**डिंडौरी।** यदि इरादे फौलादी हों और अपनी संस्कृति के प्रति अटूट प्रेम हो, तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह नहीं रोक सकते। डिंडोरी जिले के ग्राम्य अंचलों से निकलकर अपनी पहचान बनाने वाले युवा फिल्मकार सतपाल सिंह पंद्राम (सत्या परधान) ने इस बात को वैश्विक मंच पर सच कर दिखाया है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (स्न्ष्ट), भोपाल द्वारा आयोजित चसिनेब्रेशन 3.श्ज अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 2026 में सत्या की डॉक्यूमेंट्री फिल्म च्त्रष्ठरू, स्नश्द्यद्म ष्ठह्लद्बद्बज् ने च्डॉक्यूमेंट्री श्रेणीज् में प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

**कड़े मुकाबले में अव्वल रही गुडुम**-इस अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में देश और दुनिया भर से लगभग 75 फिल्मों की प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं। कड़े चयन मापदंडों के बाद केवल 25 फिल्मों को मुख्य समारोह में प्रदर्शन के लिए चुना गया। सत्या परधान की फिल्म ने न केवल इन शीर्ष 25 फिल्मों में जगह बनाई, बल्कि अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब जीतकर जूरी और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**लोक कला को समर्पित एक स्वतंत्र प्रयास**-सत्या की पहली स्वतंत्र डॉक्यूमेंट्री फिल्म है। यह फिल्म डिंडौरी के पारंपरिक वाद्य यंत्र च्गुडुमज् और उससे जुड़ी विलुप्त होती लोक संस्कृति पर आधारित है। सत्या ने अपनी इस जीत का श्रेय अपनी च्अम्माज्, अपने सहयोगियों और जिले के उन लोक कलाकारों को दिया है, जो अपनी पहचान को आज भी गर्व से सहेजे हुए हैं।

**संसाधनों की कमी पर भारी**



**पड़ी जिद**-आदिवासी बहुल जिले डिंडोरी से निकलकर फिल्म निर्माण जैसे क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मुकाम हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं था। तकनीकी संसाधनों के अभाव के बावजूद, अपनी संस्कृति को विश्व पटल पर लाने की जिद ने सत्या को आज इस मुकाम पर पहुँचाया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के युवाओं में एक नई ऊर्जा और गौरव का संचार हुआ है। यह जीत मेरी नहीं, बल्कि उन तमाम कलाकारों की है जो आज भी डिंडोरी की अद्भुत कला-संस्कृति को संजोए हुए हैं। यदि शासन और प्रशासन का उचित सहयोग मिले, तो हमारे जिले से कई और प्रतिभावान फिल्मकार निकलेंगे और हमारी माटी की कहानियाँ दुनिया तक पहुँचेंगी।

**सत्या परधान, फिल्मकार**

**भविष्य की राहः अनकही कहानियों को मिलेगा मंच**-सत्या का मानना है कि डिंडोरी कहानियों और प्रतिभाओं का गढ़ है। वे आने वाले समय में जिले की कई और अनकही और अनसुनी कहानियों को सिनेमा के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाना चाहते हैं। इस बड़ी जीत के बाद जिले भर से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।

# विशाल गदा यात्रा में हिन्दू राष्ट्र की गूंज

## जगह-जगह हुआ यात्रा का स्वागत, शामिल हुए विधायक टी राजा





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हिन्दू सेवा परिषद् के चतुर्दश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर मंगलवार को नौदरा ब्रिज स्थित हनुमान मंदिर हिंदू धर्म सभा तत्पश्चात ऐतिहासिक गदा यात्रा निकाली गई। गदा यात्रा में हिन्दू राष्ट्र की हुंकार के साथ भारत माता और जय जय श्रीराम के गगन भेदी जयघोष गूंजते रहे। डॉ स्वामी राघव देवाचार्य, आचार्य धीरेन्द्र पांडे एवं हैदराबाद से पधारे हिंदू विधायक एवं प्रखर वक्ता टी राजा सिंह तथा हिन्दू जनजागृति के प्रचारक राम काणे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### धर्मांतरण रोकने की मांग

कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि टी राजा सिंह ने कहा कि महाकाल उज्जैन की तर्ज पर बूढ़ी खेरमाई मंदिर से मुख्यमंत्री मोहन बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाऐं। आदिवासियों का धर्मांतरण रोकने के लिए युवा शौर्य से हिन्दू आगे बढ़े और किसी की परवाह ना करे। हर इंसान का सपना होता है, तो हिन्दू किसी से बिना डरे अपना सपना बनाए की हिन्दू राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि ओवेसी अब डरता है जब हैदराबाद में रामनवमी यात्रा होती है। बोला राजनीतिक करने वालो को अगर कुर्सी बचानी है तो हिन्दुत्ववादी की मांगे पूरी करे, गौ हत्या रोके, लव जिहाद रोके, लैंड जिहाद रोके। राजा सिंह ने हिन्दुत्व पर उद्बोधन देते हुए बहुत कुछ कहते हुए अखंड हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया।

### जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि गदा यात्रा का मुख्य आकर्षण 31 फिट की मिट्टी चांदी कलर का गदा एवं दादा भगवान हनुमान की विशाल के प्रतिमा रहा। गदा यात्रा में गदा के अलावा झाकियां, बैण्ड बाजे, ढोल, डीजे एवं भगवा ध्वज शामिल रहे। यात्रा में 10 फीट का त्रिशूल विशेष आकर्षण रहा। गदा यात्रा श्री हनुमान के मंदिर से प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चौक, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट से होते हुए सिविक सेंटर में सम्पन्न हुई। यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व हनुमान जी के मंदिर में संतो की अगुवाई में महाआरती कर भगवा ध्वज दिखाकर गदा यात्रा प्रारंभ की गई। गदा यात्रा में 11 हजार से भी ज्यादा भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर अतुल जेसवानी, नितिन सोनपाली, सौरभ जैन, अक्षय क्षा, गौरव साहू आदि उपस्थित रहे।




## मंत्री राकेश सिंह ने निर्माणाधीन अस्पताल का किया निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मंगलवार को रामपुर छापर में निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल में जो भी कमियां हैं, उसे जल्दी पूरा करें। इसके अलावा उन्होंने महाराष्ट्र स्कूल के पास, आदिनाथ दीक्षितपुरा, कृपाल चौक व न्यू शोभापुर में कुछ परिचित वरिष्ठजनों के प्राकृतिक निधन पर शोक सभा में शामिल हुए।

## भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर अवकाश की मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 23 अप्रेल को कायस्थ समाज के अराध्य देव चित्र गुप्त महाराज के प्रकटोत्सव पर कायस्थ महासभा चित्र गुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी महामंत्री सहेन्द्र श्रीवास्तव, अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ विनोद श्रीवास्तव आदि ने शासन से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है।



## बंगाल की खाड़ी से आई नमी, गरज-चमक के साथ फिर बरसे बादल

### गर्मी से मिली हल्की राहत, आगे तेजी से बढ़ सकता है पारा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात मौसम ने जिले में एक बार फिर करवट बदल ली। सोमवार रात तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई, जिसके बाद बुधवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हैं। इस बदलाव का असर तापमान पर भी देखने को मिला और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया । विशेषज्ञों का कहना है कि मौसमी सिस्टम में बदलाव और हवा की दिशा बदलने के कारण यह परिवर्तन हुआ है। वातावरण में नमी बढ़ने से बादलों की सक्रियता बनी हुई है, जिससे शाम तक शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से पड़ रही तेज गर्मी से लोग परेशान थे, ऐसे में इस मौसम बदलाव ने राहत पहुंचाई है। हालांकि, मौसम विभाग ने यह भी संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में तापमान फिर से बढ़ सकता है।

### 2 अप्रैल को फिर नया सिस्टम होगा सक्रिय

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इसके कारण पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में गिरावट होगी। मौसम विभाग के अनुसार 2 अप्रैल को एक और सिस्टम सक्रिय होगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिससे एमपी में फिर मौसम बदलेगा। उल्लेखनीय है कि जिले में मार्च में भी रातें ठंडी रहती हैं। पारा औसत 15 डिग्री के आसपास ही रहता है। वहीं, दिन में 36 से 40 डिग्री के बीच तापमान दर्ज किया जाता है। 31 मार्च 2017 को दिन का पारा 41.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है, जबकि 4 मार्च 1898 में रात का तापमान 3.3 डिग्री दर्ज किया गया था। यहां मार्च में मावठा भी गिरता है। पिछले 10 में से 9 साल बारिश हो चुकी है।

## श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर होंगे विविध आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के प्रतिष्ठित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय (एमएलबी), राइट टाउन स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान भक्त मंडल- महाविद्यालय परिवार एवं श्री राम सेवा समिति जाबालिपुरम के संयुक्त तत्वावधान में श्री हनुमान प्राकट्योत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार दिनांक 2 अप्रैल को हनुमान प्रकट उत्सव का आयोजन प्रातः 5 बजे चोला अर्पण, पूजा-अर्चना का के साथ शुभारंभ होगा। इसके उपरांत संगीतमय सुंदरकांड पाठ के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा। साथ ही सामूहिक कल्याण एवं विश्व शांति की भावना से हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु जन अपनी सहभागिता निभा सकेंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य आध्यात्मिक संबंध, नैतिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन विगत कई वर्षों से सतत रूप से आयोजित किया जा रहा है और प्रत्येक वर्ष इसमें जनसहभागिता एवं उत्साह में निरंतर वृद्धि हो रही है। अभिषेक, पूजन-अर्चन के पश्चात दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद वितरण (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुजन सपरिवार प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे।

## 11 अप्रैल से पंजाबी समाज का 34वां राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन

***जबलपुर।** पंजाब समाज का 34वॉं राष्ट्रीय पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 अप्रैल दिन शनिवार 2026 को पंजाबी हिन्दू एसोसियेशन के तत्वाधान में दो दिवसीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन संस्था कार्यालय 1291, पंजाबी एसोसियेशन नेपियर टाउन, जबलपुर में आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम को भव्य रूप देने हेतु एक आवश्यक बैठक संस्था अध्यक्ष नरेन्द्र मालिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सम्मेलन को भव्य रूप देने हेतु स्वागत समिति, आवासीय व्यवस्था, पंजीयन काउंटर, पूछताछ काउंटर,मंच व्यवस्था, जोड़ियों का मिलान, कार्डो की घोषणा, भोजन व्यवस्था, मेडीकल व्यवस्था रहेगी।*



## एपीएन स्कूल में 5 स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वर्तमान समय तकनीक के माध्यम से सीखने का समय है, क्योंकि तकनीक एक ऐसा साधन है जिसकी सहायता से हम विभिन्न प्रकार की नई-नई जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुये एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में सीएसपी उदयभान सिंह. और केन्ट थाना प्रभारी पूष्पेन्द्र पटेल के आतिथ्य में संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव की उपस्थिति में 5 स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। अब शाला परिसर में सभी कक्षाऐं स्मार्ट क्लास के साथ संचालित होगी। साथ ही इन सभी कक्षाओं में एआई का प्रयोग कर अध्यापन कार्य कराया जायेगा। कार्यक्रम में मानवेन्द्र सिंह, अजय वर्मा, करन खुराना, अमरचन्द बावरिया, सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकायें उपस्थित रहे ।

## बायोगैस से तैयार होगा एकलव्य विद्यालय में बनने वाला भोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की गोबरधन योजना के तहत ग्राम पंचायत महगवां परियट जनपद पंचायत पनागर में स्वीकृत बायोगैस प्लांट का स्थल निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा किया गया । यह बायोगैस 30 घन मीटर में बनेगा, जिसकी लागत राशि 22 लाख 67 हजार रूपये है।

बायो गैस संयंत्र से 400 मीटर की दूरी पर एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय स्थित है जिसमें भोजन पकाने में वर्तमान में एक माह में 60 सिलेण्डर की खपत है। इस संयंत्र के स्थापित



हो जाने से बायोगैस के माध्यम से बच्चों का भोजन तैयार किया जावेगा। जिससे की लगभग राशि 60 हजार रूपये बायोगैस संयंत्र को संचालित करने हेतु प्रतिमाह प्राप्त होगा तथा संयंत्र से निकलने वाले खाद एवं गौकाष्टि से अलग से राशि प्राप्त होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने भ्रमण के दौरान उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पनागर एवं संबंधित उपयंत्री को आवश्यकतानुसार पुनरीक्षित प्राक्कयलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीयकृति प्राप्त करने के निर्देश दिये।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर दागी गोलियां

### घमापुर मयूर कला मंदिर के समीप वारदात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** घमापुर थाना क्षेत्रातंर्गत मयूर कला मंदिर के समीप बीती रात दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर दनादन फायरिंग कर दी। जिससे एक गोली युवक के दाहिने पैर की जांघ में जा धंसी, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। पुलिस ने बताया कि चांदमारी दुर्गा मंदिर के समीप रहने वाला 23 वर्षीय यश थोराट बीती रात करीब सवा नौ बजे अपने साथी बिन्नू उर्फ निखिल श्रीवास, चीकू उर्फ सौम्य सिंह के साथ मयूर कला मंदिर अपना स्वीट्स के पास खड़े होकर बात कर रहा था। उसी समय बाबू उर्फ कृष्णा हासवानी सिंधी एवं निखिल उर्फ कंजा सिंधी हरे रंग की एक्सिस में कांचघर तरफ से चौरसिया पान वाले की दुकान के पास से उसके पास पहुंचे। जिन्होंने पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज शुरु कर दी, इसी दौरान बाबू उर्फ कृष्णा सिंधी ने पिस्टल निकालकर यश पर पिस्टल से दनादन फायरिंग शुरु कर दी, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। यश भी अपनी जान बचाकर भागा, लेकिन एक गोली उसके दाहिने पैर की जांघ में जा धंसी। जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल विक्टोरिया में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## राहगीरों के लिए बंद रहेगा ओएफके की सड़कों से आवागमन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आयुध निर्माणी खमरिया, ओएफके ने अपने क्षेत्र की समस्त सड़कों को अगले 24 घंटे तक प्रवेश करने से निषिद्ध कर दिया है. ओएफके प्रशासन ने इसके लिए बकायदा सार्वजनिक सूचना क्षेत्र में प्रसारित की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि 31 मार्च की अर्धरात्रि 12 बजे से 1 अप्रैल की रात 12 बजे मतलब पुरे 24 घंटे तक प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयुध निर्माणी खमरिया इस्टेट से आने-जाने वाले सभी मार्ग आमजनों के लिए बंद रहेंगे. ओएफके प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन 24 घंटों में केवल आपातकालीन सेवाएं जैसे एम्बुलेंस, स्टाफ कारों, स्कूल बसों एवं अग्निशमन को ही प्रवेश की अनुमति होगी. इसके अलावा शेष किसी भी वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी. ओएफके ही नहीं बल्कि गन कैरिज फैक्ट्री ,जीसीएफ, व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर और एमपीईबी भी हर साल इसी तरह 24 घंटों के लिए अपने क्षेत्र में आम लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाता है।

## गुंजन कला सदन के तत्वावधान में आज संगीतमय शाम का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गुंजन कला सदन मप्र द्वारा आज एक अप्रैल को संध्या 6.30 बजे से शहीद स्मारक भवन, गोलबाजार में एक ही कलाकार श्रृंखला के अंतर्गत गायक रज्जन सूर्यवंशी के मधुर गीतों की संध्या आयोजित है। वे भजन, लोकगीत, गजल और फिल्मी गीत प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर अजय विश्नोई, अभिलाष पांडे, आशीष रस्तोगी, राजेश दीवान, सेठ बालकिशन एवं रमेश चौधरी आतिथ्य करेंगे ।

## भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध विषय पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर द्वारा 'भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता के रुप में हिंदी के विद्वान प्रो. उमेश कुमार सिंह ने भारतीय चिंतन की गहराई और उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शन सिद्ध हो सकती है। शोध के माध्यम से प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक के साथ जोड़कर नई संभावनाओं का विकास किया जा सकता है। वेद, उपनिषद, योग, आयुर्वेद तथा भारतीय दर्शन की




वैज्ञानिकता और व्यावहारिक उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक पद्धति से जोड़ना समय की आवश्यकता बताया कार्यक्रम संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. तृप्ति उकास,डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. ज्योति जुनगरे,डॉ. इंद्र कुमार बड़कडे, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, डॉ. ज्ञानेश पाण्डेय, डॉ. रुकमणि अहिरवार, श्रीमती लल्लाबाई लोधी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. कमलेश मौर्य, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुदेश मेहलोरिया प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

## 2 अप्रैल को नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



प्रत्येक माह की पूर्णिमा को हरे कृष्णा आश्रम से भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 501 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती पर 2 अप्रेल गुरुवार प्रातः 7 बजे परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमानजी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी। ज्ञात हो नर्मदा पंचकोसी सेकड़ो वर्षो से भेड़ाघाट से निकाली जा रही है जिसमे अब हजारो भक्त शामिल होते है। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया जाएगा। नर्मदा पंचकोसी परिक्रमा बेनगंगा पुल पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन लामेटा घाट नाव पार करके शनि मंदिर डुडुवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट से सिद्धन माताजी आश्रम के सामने से नाव पार करके हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महा आरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, दुर्गा पटेल, विनोद दीवान आदि ने की है।

## ताला तोड़कर नगदी, साड़ी और लहंगा उड़ा ले गए चोर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

माढ़ोताल थानातंर्गत स्टार सिटी फेस-1 नक्षत्र नगर के एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर चांदी की बिछिया, नगदी व साड़ी और लहंगा चुरा ले गये। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि स्टार सिटी नक्षत्र नगर निवासी 40 वर्षीय अंकुर गुप्ता एनएच-30 मंडला रोड जबलपुर में पेट्रोल पंप का संचालन करते है। जो कि अपने घर में ताला लगाकर किसी काम से 26 मार्च को सतना गये थे। बीते दिवस सुबह उनके भाई अमित ने फोन पर सूचना दी कि तुम्हारें घर का ताला टूटा हुआ है। अंकुर ने सतना से लौटकर देखा तो सामने गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे चांदी की बिछिया, लड़के की घड़ी, पत्नी की साड़ी व लहंगा तथा नगदी 60 हजार रूपये गायब थे। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

## दर्जन भर बदमाशों ने मिलकर की घोड़ा-बग्घी चालक की बेरहमी से हत्या

### हनुमातनाल थाना क्षेत्र की वारदात, एक घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हनुमानताल थाना क्षेत्र में बीती रात एक शादी समारोह में बारात के दौरान हुए विवाद के बाद एक दर्जन बदमाशों ने घोड़ा-बग्घी चलाने वाले दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने युवकों पर चाकूओं से दनादन वार किये, जिसमें एक युवक की मौत हो गई वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

### पहले लोगों ने समझाकर किया अलग

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राजाबाबा की कुटी आजाद नगर मोहरिया निवासी 23 वर्षीय सोहराब अहमद उसका मित्र मोनू उर्फ सादिल, बादशाह और अमन चिकनी शादी-बारातों में घोड़ा बग्घी चलाने का काम करते है। बीती रात चारों नूरानी गेट के पास शादी में आरिफ भाई का घोड़ा लेकर बारात लगाने गये थे। शादी वाले घर



के बाहर वे चारों घोड़ा लेकर खड़े थे, घोड़े के पीछे जीशान नामक युवक खड़ा था। जिसे मोनू ने घोड़े से दूर खड़े होने के लिये कहा कि घोड़ा लात मारता है तो जीशान को लगा कि मोनू गाली दे रहा है। इसी कारण मोनू एवं जीशान का आपस में विवाद हो गया था। जिसके बाद शादी वाले परिवार के लोगों ने दोनों को समझाकर अलग-अलग कर दिया था। जिसके बाद जीशान धमकी देकर बोला कि बारात लग जाये फिर बताता हूॅं। इसके बाद सोहराब, मोनू उर्फ सादिल, बादशाह औश्र अमन चिकनी बारात लगाने के बाद घोड़ा छोडने मोनू के सेठ आरिफ के यहां रात 12 बजे जा रहे थे।

### हथियारों से लैस होकर आए बदमाश

जैसे ही वे स्लाटर हाउस के आगे समा प्राइमरी स्कूल के सामने पहुंचे तभी 4 मोटर साइकिलों में जीशान, फरहान, गुलशेर, डी नौशाद, याशीन, साकिर, तनवीर और शहबाज अपने दोस्तों के साथ आये और आते गालीगलौज शुरु कर दी। जीशान ने मोनू से कहा कि बारात में बड़ा हीरो बन रहा था मार डालो इसको, फिर जीशान, शहबाज और गुलशेर चाकू निकालकर उन पर चाकू से जान से मारने की नियत से हमला शुरु कर दिया। गुलशेर ने मोनू को जांघ पेट में चाकू मारकर चोट पहुंचाई सोहराब अहमद को भी शहबाज, जीशान ने चाकू एवं हाथ मुक्कों से मारपीट की। उनके अन्य साथी फरहान, गुलशेर, डी नौशाद, याशीन, साकिर, तनवीर और शहबाज ने दौड़ा-दौड़ा कर उन पर हमला कर दिया। बादशाह एवं अमन चिकनी एवं आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया, मोनू व सोहराब मौके से से भागकर अपनी जान बचाये मोनू के जांघ एवं पेट में बहुत खून बह रहा था। जिसे आसपास के लोग ऑटो में बैठाकर विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये। जहां मोनू उर्फ मोहम्मद सादिल उम्र 24 वर्ष निवासी नयापुल मोतीनाला गोहलपुर की विक्टोरिया अस्पताल में मृत्यु हो गई हैं। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# चिचगांव सरपंच के विरोध में थाने पहुंची महिलाएं

## सरपंच पर अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप, पुलिस से की कार्यवाही की मांग

कटंगी (स्वतंत्र मत)।

जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोड़मी गांव की करीब दर्जन भर से अधिक महिलाओं ने सोमवार की रात तकरीबन 11 बजे थाना पहुंचकर ग्राम पंचायत चिचगांव के सरपंच अरविंद खरे के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। महिलाओं ने सरपंच पर नहलेसरा में अवैध शराब ब्रिकी की जब्ती की कार्रवाई के दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का कथित आरोप लगाया है।



दरअसल, महिलाओं और सरपंच के बीच का यह पूरा विवाद नहलेसरा में संचालित होने वाली किराना दुकान में बिक रही अवैध शराब ब्रिकी की जब्ती की कार्रवाई के दौरान हुआ है। महिलाओं ने ग्राम कोड़मी को नशा मुक्त बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। सोमवार को महिलाओं को सूचना मिली थी कि कटंगी सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर कोड़मी गांव की सीमा में आने वाले ग्राम नहलेसरा में अवैध शराब बिक्री हो रही है। जिसकी रोकथाम के लिए गांव की महिलाओं ने रात्रि में ही उक्त स्थान पर पहुंचकर वहां से शराब बरामद की और पुलिस को सूचना दी। महिलाओं की इस कार्रवाई को देख चिचगांव सरपंच ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया। जिससे महिलाओं के आत्मसम्मान को गहरा आघात पहुंचा और उन्होंने थाना पहुंचकर शराब बेचने वाले आरोपियों को पुलिस के हवाले किया वहीं सरपंच के खिलाफ भी लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

महिलाओं ने बताया कि कोड़मी पंचायत के नहलेसरा में सुखदास हरदे, पंकज भवरे और राजेंद्र भवरे अपनी-अपनी दुकानों से अवैध तरीके से देसी विदेशी कच्ची शराब की बिक्री कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर महिलाओं ने दुकानों में दबिश दी तो दुकानों से शराब जप्त की गई।

महिलाओं की इसी कार्रवाई के दौरान सरपंच अरविंद खरे ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया ऐसा आरोप लगा है। महिलाओं ने पूरे घटनाक्रम की रात्रि में ही पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची जिसने शराब बिक्री करने वाले दो लोगों को थाने लाया। महिलाओं ने सरपंच सहित शराब की अवैध बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब हो कि कोड़मी गांव की महिलाएं फरवरी माह से लगातार गांव को नशा मुक्त बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है। वह गांव में शराब ब्रिकी करने वाले लोगों को पहले ही सचेत कर अवैध शराब ब्रिकी बंद करने की अपील कर चुकी है इसके बावजूद भी कुछ लोग अवैध शराब ब्रिकी कर रहे है तो महिलाओं ऐसे घरों और दुकानों में पहुंचकर शराब जब्त कर पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई करवा रही है।

अब तक महिलाएं बड़ी मात्रा में देसी-विदेशी और कच्ची शराब जब्त करवाकर बेचने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करवा चुकी है। कोड़मी गांव की महिलाओं के जुनून को देखकर अन्य गांव की महिलाएं भी अब अपने गांव को नशामुक्त गांव बनाने की दिशा में प्रयास करने के लिए आगे आ रही है। कोड़मी गांव में पहले खुलेआम शराब ब्रिकी होती थी लेकिन अब जब महिलाओं ने गांव को नशामुक्त बनाने का बीड़ा उठाया है तो शराब बेचने से लेकर पीने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।



# महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा

### जैन मंदिर में विशेष पूजा और गणेश भवन में प्रवचन का आयोजन

कटंगी (स्वतंत्र मत)।

सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करूणा के शाश्वत सिद्धातों से पूरे विश्व को आलोकित करने वाले जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती 31 मार्च मंगलवार को पूरे देश में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। बालाघाट जिले के कटंगी में सकल जैन समाज के द्वारा महावीर जयंती पर्व को बेहद धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह साड़े 09 बजे स्थानीय जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सकल जैन समाज के लोगों ने बड़-चड़कर हिस्सा लिया। यात्रा में महिलाएं-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चों के द्वारा भगवान महावीर स्वामी के गगनचुंबी नारे लगाए गए। जिससे पूरा शहर गूंज उठा। शहर महावीर स्वामी के भक्ति के रंग में डूबा हुआ नजर आया। शोभायात्रा ने सिनेमा चौक, सिवनी रोड़, राममंदिर गली से होकर बस स्टेंड का भ्रमण करने के बाद यथास्थान पर विराम लिया। मंदिर में सुबह विशेष पूजा अर्चना, महाआरती और धर्म ध्वजारोहण किया गया। जैन समाज के अनुयाईयों ने महावीर जयंती पर अहिंसा और करुणा के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया। यह पर्व जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव का प्रतीक है। जो भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के संदेश के जरिए समाज को मार्गदर्शन प्रदान करता हैं। महावीर जयंती से पूर्व ही नगर के श्री गणेश भवन में जैन साधु के द्वारा प्रवचन दिया जा रहा है जहां हर दिन जैन समाज के लोग पहुंचकर धर्म लाभ कमा रहे है। भगवान महावीर के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। वहीं शाम में मंदिर परिसर के सामने भजन संध्या का भी आयोजन हुआ।

# दृष्टि मालवी ने हासिल किए 100 प्रतिशत अंक, स्कूल में प्रथम स्थान

**छिंदवाड़ा (स्वतंत्र मत)।** जिले के चौरई नगर पालिका परिषद क्षेत्र के रेडिएंट इंग्लिश मीडियम स्कूल की नन्ही छात्रा दृष्टि मालवी ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शानदार सफलता हासिल की है। के.जी.-2 कक्षा की छात्रा दृष्टि ने सभी विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ए+ ग्रेड हासिल किया और अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



दृष्टि मालवी, निलेश मालवी एवं नेहा मालवी की सुपुत्री हैं। इतनी छोटी उम्र में इस प्रकार का उत्कृष्ट प्रदर्शन न केवल उनके परिवार बल्कि विद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने दृष्टि की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों का कहना है कि दृष्टि शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रही हैं और हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। परिजनों ने भी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के मार्गदर्शन एवं बच्ची की मेहनत को दिया है। दृष्टि की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। क्षेत्र में इस सफलता को लेकर हर्ष का माहौल है और सभी लोग नन्ही छात्रा को बधाई दे रहे हैं।

# रेत माफियों के खिलाफ पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्यवाही

### एम्बुलेंस से रेत घाट पहुंचे पुलिस और 7 टैक्टरों पर की कार्यवाही

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

फिल्मी पर्दे पर आपने अक्सर पुष्पा को पुलिस की आँखों में धूल झोंकते और कानून से बचते देखा होगा, लेकिन मध्यप्रदेश के बालाघाट की वैनगंगा नदी के तट पर मंगलवार की सुबह एक अलग ही पटकथा लिखी गई। यहाँ कहानी बिल्कुल उलट थी, पुलिस ने खुद पुष्पा का अंदाज अपनाकर उन रेत माफियाओं को धूल चटा दी, जो कानून की हर आहट को भांप लेने का दंभ भरते थे। यह केवल एक छापेमारी नहीं थी, बल्कि प्रकृति का सीना छलनी करने वालों के खिलाफ खाकी की एक सर्जिकल स्ट्राइक थी।





मंगलवार, 31 मार्च की अलसुबह जब वैनगंगा नदी के शांत तट पर सायरन बजाती एक एम्बुलेंस तेज़ी से पहुंची, तो वहां अवैध उत्खनन कर रहे लोगों को लगा कि शायद कोई गंभीर हादसा हुआ है। माफियाओं का मुखबिर तंत्र इतना मजबूत था कि पुलिस की जीप मुख्यालय से निकलते ही उन तक खबर पहुँच जाती थी, लेकिन इस बार पुलिस मदद के एम्बुलेंस लिबास में मौत बनकर आई थी।

जैसे ही एम्बुलेंस के दरवाजे खुले, अंदर से सफेद स्ट्रेचर के बजाय मुस्तैद पुलिस बल बाहर निकला। यह नजारा देख माफियाओं के पैरों तले ज़मीन खिसक गई। जो अपराधी कल तक कानून को चुनौती दे रहे थे, वे अपनी जान बचाकर झाड़ियों और खेतों की ओर भागने लगे।

**ड्रोन से बुना गया चक्रव्यूह** – थाना नवेगांव अंतर्गत भमोड़ी घाट से लगातार अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों के बाद, थाना प्रभारी रमेश जाट के नेतृत्व में एक विशेष योजना बनाई गई। माफियाओं के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस ने ड्रोन कैमरों का सहारा लिया। आसमान से मिली सटीक लोकेशन के बाद चार अलग-अलग टीमों ने चारों दिशाओं से घेराबंदी की।

**रंगे हाथों पकड़ा गया अवैध कारोबार** – पुलिस की इस अचानक कार्रवाई ने माफियाओं को संभलने का मौका तक नहीं दिया। मौके पर पुलिस ने अवैध उत्खनन और परिवहन में लगे 07 ट्रैक्टरों (04 पावर ट्रैक और 03 आयशर) को रंगे हाथों जब्त किया। जब्त किए गए वाहनों की कुल कीमत लगभग 35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 317(5) सहित म.प्र. गौण खनिज अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### इनका कहना हैं

हमें माफियाओं के उस तंत्र को तोड़ना था जो हमारी हर हरकत की खबर उन तक पहुँचाता था। एम्बुलेंस का उपयोग एक रणनीतिक कदम था ताकि हम बिना किसी आहट के मौके पर पहुँच सकें और धरपकड़ कर सकें। इसलिए ही सुबह को भमोड़ी रेत घाट में एम्बुलेंस से पहुंचे रहा, जहां नदी से 4 टैक्टर पकड़े और कुछ गांव में रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ा गया हैं, उन पर कार्यवाही की गई हैं, वहीं कुछ रेत खाली कर के ट्रैक्टर भाग निकले है उनकी भी तलाश जारी हैं।

**रमेश जाट, थाना प्रभारी ग्रामीण थाना नवेगांव**

# जिले को नशा मुक्त बनाने प्रचार प्रसार करने के दिए गए निर्देश

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** जिले में नशा मुक्ति अभियान के सक्रिय क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर सभागार में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी कि उपस्थिति में एनसीओआरडी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस सक्रिय रहकर वैद्यानिक कार्यवाही करे एवं पूर्व से दर्ज प्रकरणों पर पुलिस न्यायालय में तेजी से गवाही करावें। जिससे दोष सिद्ध हो सके एवं दोषी व्यक्ति इस प्रकार के व्यवसाय से दूर रहने की दिशा में मजबूर हो सके। उन्होने कहा कि जनअभियान परिषद्- विभिन्न विभागो/संस्थाओ से समन्वय कर मैराथन, प्रभातफेरी, नशामुक्त प्रदर्शनी का आयोजन करे तथा एनएमबीए एप पर ऑनलाईन एवं ऑफलाईन शपथ के कार्यक्रम आयोजित किए जाए।



सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कक्षा 8वीं से 12वीं तक स्कूल के विद्यार्थियो के लिये आयोजित होने वाले विशेष समर केम्पों में प्रतियोगिताएँ,चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, रंगोली, ग्राफ्टी वाल फॉर ड्रग संदेश आदि का आयोजन, व्याख्यान, लघुकृत फिल्मो का प्रदर्शन किया जावे। विद्यालय के 100 मीटर के दायरे मे पान/गुटखा की दुकानो पर विकय को प्रतिबंधित किया जावे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैराथन रैली, नशीली दवाओं के विरूद्ध दौड़, स्वास्थ्य विभाग हस्ताक्षर अभियान, एनएमबीए एप पर ऑनलाईन एवं ऑफलाईन शपथ, तम्बाकू नियंत्रण केन्द्र द्वारा तम्बाकू उत्पदों के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जाये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के आव्हान पर केमिकल ड्रग्स के विरूद्ध 1 अप्रैल 2026 से मुहिम चलाई जाए इसमें एनसीओआरडी समन्वय के समस्त विभाग नशामुक्ति एवं सिन्थेटिक ड्रग्स से दूरी के संबंध में रैली, नुक्कड़-नाटक, निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद, सोशल मिडिया आदि के माध्यम से नशे के विरूद्ध व्यापक प्रचार प्रसार करें। एवं लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करें।

स्कूल, कालेज,अस्पताल, डी-एडिक्शन सेंटर आदि में आने वाले ऐसे प्रकरणों की पुलिस को सूचना दी जावे ताकि पुलिस इनसे सम्पर्क कर इस कारोबार में संलग्न व्यक्तियों की जानकारी लेकर योजनाबद्ध तरीके से इन दोषियो के विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही कर सके।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का किया गया शुभारंभ

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर म.प्र. जन अभियान परिषद विकास खंड मानपुर ने जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति अभियान अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारम्भ नवांकुर संस्था रामकृष्ण शोध संस्थान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक भीम सिंह, जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला द्वारा नगर पचायत मानपुर में जल मंदिर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्याऊ जल सेवा गर्मी के मौसम में राहगीरो की प्यास बुझाने का एक पुनीत और सामाजिक कार्य है जो भारतीय संस्कृति में जल के महत्व को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

# तीन मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

### जनहितैषी योजनाओं से लोगों के जीवन में आया उल्लेखनीय बदलाव : आशुतोष अग्रवाल

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जिले के उमरिया नगर मंडल, मानपुर मंडल और बिजौरी मंडल में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया था जिसका समापन नगर के प्रसिद्ध उमरार सिटी में 31 मार्च को किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में तीनों मंडलों के मंडल पदाधिकारी,बूथ और शक्ति केंद्रों के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां संबंधी विषय की जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. मोहन यादव कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कई जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन जनहितैषी और जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। इन योजनाओं ने लोगों के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाया है। देश और प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ योजनाओं के परिणामों की जानकारी भी आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करे। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने हमारे कार्य पद्धति के विषय को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक हैं। अनुशासन हमारी कार्य पद्धति का हिस्सा है,अनुशासन से ही लक्ष्य हासिल होते हैं। जिला उपाध्यक्ष सुमित गौतम ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां संबंधी विषय पर बताया कि भाजपा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कई जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।



इन जनहितैषी और जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। इन योजनाओं ने लोगों के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाया है। देश तेजी से तरक्की कर रहा है। प्रशिक्षण सत्र के समापन के अंतिम दौर में भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पार्टी हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की नसीहत दी है।

# महाविद्यालय उमरिया में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम संपन्न

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय रणविजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया में आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी महाविद्यालय उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम जितेंद्र कुमार ने बताया कि राज्य से प्राप्त निर्देश अनुसार महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कुल 110 छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन की जांच बीएमआई की जांच बीपी शुगर की जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर अनिल गुप्ता, किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता वर्षा त्रिपाठी.पूनम मिश्रा, एएनएम कृष्ण सिंह, एएनएम प्रीति यादव के द्वारा स्वास्थ्य एवं जांच परीक्षण संपादित किया गया। डॉ विमला मरावी प्राचार्य महाविद्यालय द्वारा उक्त गतिविधि के आयोजन से छात्र-छात्राओं को हो रहे लाभ के संबंध में प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं उमंग शिक्षा हेल्थ एंडयू वैलनेस कार्यक्रम एक सकारात्मक पहल की ओर बताया गया। महाविद्यालय से डॉ रमेश कोल.रश्मि सिंह.डॉ. ॠषि राज पुरवार जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वय उपस्थित रहे।



# महंगाई पर कांग्रेस का हल्ला बोल

### सिलेंडर, ढोलक के साथ सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

मंगलवार 31 मार्च को जिले के बिरसिंहपुर पाली में बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और पेट्रोल-डीजल की कमी जैसे मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन ने नगर का माहौल गरमा दिया। विरोध की शुरुआत नगर के प्रमुख प्रकाश चौराहे से हुई, जहां कांग्रेस कार्यकर्ता गैस सिलेंडर और ढोलक के साथ अनोखे अंदाज में पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। ढोलक की थाप और नारों की गूंज ने राहगीरों का ध्यान भी अपनी ओर खींच लिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं, बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी हो रही है और पेट्रोल-डीजल की कमी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इन बुनियादी समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय जनता को नजरअंदाज कर रही है। प्रकाश चौराहे पर विरोध दर्ज कराने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च शुरू किया। नारेबाजी करते हुए यह जुलूस एसडीएम कार्यालय तक पहुंचा, जहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की कि महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किया जाए, गैस सिलेंडर और बिजली दरों में राहत दी जाए तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति को सुचारु बनाया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि आम जनता की परेशानियों को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता। इस पूरे प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न फैले। हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन कांग्रेस ने साफ संकेत दे दिया है कि महंगाई के मुद्दे पर वह पीछे हटने वाली नहीं है। बिरसिंहपुर पाली में हुआ यह विरोध प्रदर्शन आने वाले समय में बड़े राजनीतिक आंदोलन का संकेत भी माना जा रहा है।



### करकेली में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

करकेली में मंगलवार 31 मार्च को गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, उनकी अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि तथा पेट्रोल-डीजल की कमी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करकेली द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया।इसके पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार करकेली को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने आम जनता को हो रही भारी परेशानियों को रेखांकित करते हुए मांग की कि बढ़ती महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किया जाए तथा आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। लगातार बढ़ती कीमतों से आमजन का जीवन अत्यंत कठिन हो गया है और सरकार को इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2 अप्रैल से

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत सुड़गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों की टीमें भी भाग लेंगी जिससे क्षेत्र में खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों से समय पर पहुंचकर प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया है। आयोजन समिति अध्यक्ष हन्नू सिंह आर्मो, उपाध्यक्ष बीरसिंह धुर्वे, सचिव बलसिंह सैयाम, कोषाध्यक्ष राजाराम वरकड़े, उध्दोषक दिनेश कुमार सोनवानी, मीडिया प्रभारी इन्द्रमेन मार्को, वरिष्ठ खिलाड़ी विजय मलगाम, दमरी लाल परते, सुखचैन सैयाम समस्त खिलाड़ी बंधुओं एव ग्रामवासियों क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।

## एक दिवसीय अभ्यास वर्ग 12 को

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** सहकार भारती द्वारा विगत प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व एवं सहभागिता में आगामी 12 अप्रैल की सुबह 10 बजे से 4 बजे तक विभाग सिवनी का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग संघ कार्यालय समर्पण भवन बस स्टैंड में आयोजित किया जाना तय हुआ है। जिसमें सिवनी विभाग के अंतर्गत जिला बालाघाट, छिंदवाड़ा, पांढुरना, मंडला, सिवनी 5 जिले के जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की अपेक्षित हैं।

## अस्त्र शस्त्र संचालन का प्रदर्शन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** रामनवमी के पावन पर्व पर नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विभिन्न संगठन सम्मिलित रहे काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल के तत्वाधान में अस्त्र शस्त्र संचालन का भव्य प्रदर्शन किया गया जिसकी सर्वत्र सराहना हुई। युवा पीढ़ी को शास्त्र और शास्त्रों में निपुण करने के लिए अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए खड़े होने की आवश्यकता बताई और यह कहा ऐसे प्रशिक्षण निरन्तर होने चाहिए।

## चांदगांव में खुला प्याऊ घर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** रामनवमी के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र कुमार चौधरी एवं ब्लॉक समन्वयक सुनील कुमार साहू के मार्गदर्शन में जल संचय अभियान के अंतर्गत जल मंदिर शुद्ध प्याऊ, जल शक्ति से नव शक्ति पहल की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत आमजन एवं पक्षियों के लिए सार्वजनिक प्याऊ घर की स्थापना नवांकुर संस्था मां सरस्वती ग्राम विकास सेवा समिति चांदगांव तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सभी सदस्यों द्वारा की गई।

प्रमुख सचिव उमराव का स्वागत

मण्डला(स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव पशुपालन प्रमुख सचिव खनिज साधन एवं संचालक माइनिंग उमाकांत उमराव मंगलवार को मंडला पहुंचे। सर्किट हाउस में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रमुख सचिव श्री उमराव दो दिवसीय प्रवास पर मंडला आये हैं। बुधवार को वह महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अंजनिया आगमन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## जिला कोषालय का निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने वित्त वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को जिला कोषालय का वार्षिक निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने स्ट्रांग रूम स्टांप रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान उन्होंने फायर सेफ्टी के लिए आवश्यक उपकरण रखने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला कोषालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी सहित कोषालय का स्टाफ रहा।

# शिक्षा माफियाओं की मनमानी: कापी किताब और स्कूल ड्रेस खरीदने में पालकों की जेब पर डल रह डाका

मण्डला(स्वतंत्रमत)






आज से नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ हो रहा है। इसी के साथ पालकों की चिंता भी बढ़ गई है किताबों के दामों में भारी वृद्धि तो कापियों के दाम में भी उछाल आया है यहीं नही कम्पास, स्कूल बैग, पैन रबड़ सीस, स्टेशनरी समान के दाम आसमान छू रहे हैं स्कूली ड्रेस ही नही मौजे जूतों की कीमतों में भी खुलेआम लूट चल रही है। बच्चों के टिफिन लंच बॉक्स 200 से 500 रूपए तक के मिल रहे हैं यहीं नही बच्चों की पानी की बॉटल भी इसी दर पर उपलब्ध है वहीं स्कूलों के फीस में भी वृद्धि कर दी गई है। नए शिक्षा सत्र के साथ ही लूट की दुकानें भी तेजी से दिखाई देने लगी हैं। चिन्हित दुकानों में ही सामग्री उपलब्ध होने से अभिभावकों को मजबूर होकर महंगे दाम पर स्कूली सामग्री खरीदनी पड़ रही है। जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूली किताबों की बढ़ती कीमतों ने अभिभावकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने के दबाव और बाजार में मनमानी दरों पर बिक्री ने एक बार फिर स्कूल और दुकानदारों की कथित सांठगांठ को उजागर कर दिया है। इस पूरे मामले को लेकर अभिभावकों में नाराजगी है और वे प्रशासन से जांच की मांग कर रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी स्कूल खुलने से पहले अभिभावक अपने बच्चों के लिए किताबें खरीदने बाजार पहुंचने लगे हैं। नगर की चुनिंदा दुकानों में ही किताबों के सेट उपलब्ध हैं। लेकिन इस बार कीमतों में अचानक हुई वृद्धि ने उन्हें चौंका दिया। कई अभिभावकों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में किताबों के सेट पर 20 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक के छात्रों के लिए किताबों के सेट 3 हजार से लेकर 8 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं जो मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए भारी बोझ साबित हो रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि कई निजी स्कूलों द्वारा उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे केवल कुछ तय दुकानों से ही किताबें खरीदें। यदि कोई अभिभावक बाहर से किताब खरीदने की कोशिश करता है तो उसे या तो पूरी किताबें नहीं मिलतीं या फिर स्कूल द्वारा सूची में बदलाव का हवाला देकर मना कर दिया जाता है। कुछ मामलों में तो स्कूलों द्वारा यह भी कहा जाता है कि बाहर से खरीदी गई किताबें मान्य नहीं होंगी जिससे अभिभावक मजबूरी में महंगे दाम पर किताबें खरीदने को विवश हो जाते हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब स्कूल और दुकानदारों के बीच सांठगांठ के आरोप सामने आए हों। हर साल इस तरह की शिकायतें सामने आती हैं लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में यह व्यवस्था जस की तस बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन और कुछ चुनिंदा पुस्तक विक्रेताओं के बीच समझौता होता है जिसके तहत वही दुकानदार किताबें बेचते हैं और बदले में स्कूल को कमीशन दिया जाता है। यही कारण है कि किताबों की कीमतें बाजार दर से अधिक होती हैं और अन्य दुकानों पर वही किताबें उपलब्ध नहीं कराई जातीं। मंडला के कई अभिभावकों ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि एक बच्चे की पढ़ाई का खर्च पहले ही काफी अधिक है ऐसे में किताबों की इतनी महंगी कीमतें उनके बजट को बिगाड़ रही हैं। एक अभिभावक ने कहा स्कूल फीस यूनिफॉर्म और अन्य खर्चों के बाद किताबों पर इतना खर्च करना बहुत मुश्किल हो गया है। हमें मजबूर किया जा रहा है कि हम सिर्फ तय दुकान से ही किताब लें जहां कीमतें बहुत ज्यादा हैं। शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी स्कूल को अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। साथ ही किताबों की सूची भी पारदर्शी होनी चाहिए और बाजार में आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए। लेकिन मंडला में इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन होता नजर आ रहा है। न तो किताबों की कीमतों पर नियंत्रण है और न ही बिक्री की प्रक्रिया में पारदर्शिता दिखाई दे रही है। इस व्यवस्था का असर छोटे पुस्तक विक्रेताओं पर भी पड़ रहा है। वे किताबें बेचने में असमर्थ हैं क्योंकि उन्हें स्कूलों की सूची में शामिल नहीं किया जाता। इससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है और बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म होती जा रही है। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया हम भी किताबें मंगाना चाहते हैं लेकिन स्कूलों से कोई सूची नहीं मिलती। इस पूरे मामले को लेकर अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो यह समस्या और गंभीर हो जाएगी। उन्होंने मांग की है कि किताबों की कीमतों की जांच की जाए। जिले में कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां निजी स्कूल स्वयं ही महंगी पुस्तकों की बिक्री कर रहे हैं और अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है कि वे इन्हीं पुस्तकों को खरीदें यह स्थिति न केवल अनुचित है बल्कि शिक्षा के मूल उद्देश्य के भी विपरीत है।

## पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष बनाए गये चन्द्र कुमार नागपाल



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी का चुनाव बीती रात सिंधी गुरूद्वारा में सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे सभी की सहमति से दूसरी बार चन्द्र कुमार नागपाल को पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनोनीत किया गया। तत्पश्चात सभी समाजिक बन्धुओं वरिष्ठ जनों ने शुभकामनाएं बधाई दिया।

## दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर में आज शुरू होगा अखंड रामायण पाठ

### दो को मनाया जाएगा श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव



***नैनपुर ( स्वतंत्र मत )।*** नगर के समस्त श्री हनुमान जी मंदिर में राम भक्त श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव जोरदार तैयारियां चल रही है मंदिरो की रंगाई पुताई के साथ साथ साज-सज्जा की जा रही है। 2 अप्रेल को संकट मोचन श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। अखंड रामायण पाठ , श्री राम धुन, वाहन रैली, शोभायात्राएं, पूजन हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बुधवारी बाजार में स्थित सिद्धपीठ मंदिर में आज 11 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा जो निरंतर दूसरे दिवस 11 बजे समाप्त होगा तत्पश्चात हवन पूजन महाआरती बाद प्रसाद वितरण होगा तत्पश्चात साम 7 बजे से विशाल भंडारा प्राप्त किया जावेगा। श्री हनुमान गढी सेवा समिति द्वारा नगर के समस्त माताओं भक्त जनों से अपील की गई है कि आयोजन में अपना तन-मन-धन से सहयोग करे।

## रम्मू सिंह मरावी हुए सेवानिवृत्त



**मण्डला/नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत जनपद में प्रभारी खंड अधिकारी श्री मरावी का सेवानिवृत समारोह के दौरान विदाई की गई जिसमें समस्त सरपंच सचिव रोजगार सहायक मोबाइलजर पीसीओ एवं जनपद पंचायत नारायणगंज के समस्त स्टाफ द्वारा रम्मू सिंह मरावी के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें श्री मरावी के परिवार के सभी सदस्य एवं उनके रिश्तेदारों की उपस्थिति रही कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष आसाराम भारतीया, उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा एवं मुल्लू सिंह मरावी, वरिष्ठ समाजसेवी मागनलाल सोनी की उपस्थिति रही तहसीलदार संगम पटले एवं सभी जनपद सदस्य भी इस कार्यक्रम में पहुंचे और विगत वर्षों से लगातार अपने कर्तव्य का पालन करते हुए श्री मरावी द्वारा समस्त जनपद पंचायत नारायणगंज के कर्मचारी एवं सरपंच सचिव रोजगार सहायकों को कुशल मार्गदर्शन दिया जिसके कारण लोगों ने आज उन्हें विदाई दी।

## जनता का दर्द कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गैस सिलेंडर की अपर्याप्त उपलब्धता बिजली दरों में लगातार वृद्धि तथा पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और आम जनता की समस्याओं को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। विरोध प्रदर्शन के पश्चात नगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एड. राकेश तिवारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता महंगाई और मूलभूत सुविधाओं की कमी से त्रस्त है। रसोई गैस की समय पर उपलब्धता नहीं हो रही है वहीं बिजली दरों में लगातार वृद्धि से आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही पेट्रोल और डीजल की कमी ने आम जनजीवन और परिवहन व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार इन समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। यदि शीघ्र ही इन मुद्दों पर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कांग्रेस पार्टी द्वारा और उग्र आंदोलन किया जाएगा।


## जनगणना पर अधिवक्ताओं का ज्ञापन



मण्डला (स्वतंत्रमत)

देश में प्रस्तावित जनगणना को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित 10 वर्षीय जनगणना जो विभिन्न कारणों से लंबित हो गई थी अब वर्ष 2026 में कराए जाने की अधिसूचना भारत सरकार द्वारा जारी की गई है। हालांकि इस अधिसूचना के बाद ओबीसी वर्ग में असंतोष देखा जा रहा है जिले में अधिवक्तागणों ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि जनगणना को जातिगत आधार पर कराया जाए जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी को भी स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा जनमानस की मांग को ध्यान में रखते हुए जातिगत जनगणना कराने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन हाल ही में जारी जनगणना प्रपत्र प्रोफार्मा में इसका कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रपत्र के कॉलम नंबर 13 एवं 14 में केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य वर्ग की जानकारी मांगी गई है जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई अलग प्रावधान नहीं किया गया है अधिवक्ताओं का कहना है कि इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार ओबीसी वर्ग की अलग से जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है जो कि इस वर्ग के साथ अन्याय है।

## आज आयेंगे राज्यपाल



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज बिछिया के कन्हारीकला में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कन्हारीकला पहुंचकर कार्यक्रम स्थल सहित समस्त व्यवस्थाओं का विस्तृत एवं सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत बिछिया में बनाए गए हेलीपैड स्थल से की गई जहां उन्होंने आगमन एवं प्रस्थान व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान बैरिकेडिंग सुरक्षा घेरा वीआईपी मूवमेंट रूट एवं ग्रीन रूम की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। प्रत्येक विभाग अपने स्टॉल में शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करे जिससे आमजन को अधिकतम जानकारी प्राप्त हो सके। इसके लिए पशुपालन, जनजातीय कार्य विभाग, वन विभाग, आयुष विभाग, कृषि, उद्यानिकी, एनआरएलएम सहित अन्य विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग द्वारा हेल्थ चेकअप, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और सिकल सेल एनीमिया के मरीजों का उपचार भी किया जाएगा। अधिकारियों द्वारा मंचीय व्यवस्था का भी विस्तार से परीक्षण किया गया। राज्यपाल यहां पशुपालन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के अंतर्गत मंडला, बालाघाट एवं डिंडोरी जिले के चयनित पशुपालकों को एक-एक दुधारू पशु प्रदान करेंगे। शासकीय स्कूलों में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे एवं उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। पीएम जन मन योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा में तैयारियां पूर्ण करें तथा प्रत्येक व्यवस्था में गुणवत्ता एवं अनुशासन बनाए रखें।

# प्रदर्शन कर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने रानी दुर्गावती महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया कि महाविद्यालय में अनेक मूलभूत सुविधाएं की कमी है जिससे विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालय में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है इसके साथ ही शौचालय में भी पानी की व्यवस्था नहीं है महाविद्यालय में सुरक्षा कर्मी की नियुक्ति की जाए महाविद्यालय में जर्जर कक्षाओं में सुधार कार्य करवाया जाए, शौचालय की साफ सफाई निरंतर की जाए इसके साथ की महाविद्यालय के गेट के सामने अवैध रूप से खड़े होने वाले ऑटो पर रोक लगाई जाए इसके साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि यदि ज्ञापन पर कोई संज्ञान नहीं लिया जाता है तो विद्यार्थी परिषद भविष्य में आंदोलन हेतु बाध्य होगा इस दौरान नगर मंत्री शिवांग मार्को,रविन्द्र यादव, संदीप, अंकित वरकड़े, प्रवीण चंद्रौल, तन्मय पटेल, विवेक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस पर प्रशिक्षण बैठक

मण्डला(स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी के आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन सभी मंडल जिला और प्रदेश स्तर पर होना है और वर्तमान में कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को संगठन के विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित करने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 भी चल रहा है अभी तक जिले के दो मंडलों अंजनिया और पदमी में प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्ण संपन्न हो चुके हैं जिसमें कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया। भाजपा कार्यालय में 30 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण वर्ग के निमित्त जिला कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष भाजपा प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, जयदत्त झा, राजेश जैन, महेंद्र राठौर, महेंद्र पटेल, श्रीमति मंजू कछवाहा, जिला महामंत्री संतोष रजक, नरेश चंद्रोल, जिला मंत्री शशिकांत श्रीवास्तव, जोरावर सिंह, श्रीमति कौशल्या मरावी, श्रीमति कृष्णा पंजवानी, देवेन्द्र झा, जिला कार्यालय मंत्री थामन बरमैया मंडला नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर परिषद बिछिया अध्यक्ष मीना हरदहा, रजनी मरावी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शोभित रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विषयों में चर्चा हुई।

## हत्या का खुलासा, आरोपी पहुंचा जेल

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** थाना महाराजपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऊपरटोला केहरपुर निवासी प्रभू मरावी उम्र 35 वर्ष की संदिग्ध मृत्यु के संबंध में मर्ग क्रमांक 26/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच प्रारंभ की गई घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही की गई तथा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए जांच के दौरान साक्षियों के कथन लिए गए जिनसे यह तथ्य सामने आया कि मृतक एवं संदेही शिवम मरावी के बीच पूर्व में विवाद एवं मारपीट हुई थी तथा आरोपी द्वारा मृतक को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी मर्ग जांच के दौरान शासकीय जिला अस्पताल से प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण सिर में गंभीर चोट एवं छाती पर ब्लंट ट्रॉमा मृत्यु का कारण लेख किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 103/1 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान संदेही शिवम मरावी उम्र 30 वर्ष निवासी ऊपरटोला केहरपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपने कथन में बताया कि 28 मार्च को ग्राम बेरटोला में मृतक के साथ शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों महाराजपुर लौटे और रात्रि में पुनः विवाद होने पर मृतक द्वारा पत्थर उठाकर मारने का प्रयास किया गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने मैदान में पड़े सीमेंट के पत्थर से मृतक के सिर, सीना एवं पेट पर प्रहार किया जिससे उसकी मृत्यु हो गई घटना के पश्चात आरोपी द्वारा प्रयुक्त पत्थर को झाड़ियों में छिपा दिया गया जिसे आरोपी के निशान देही पर बरामद किया गया। साथ ही घटना के समय पहने हुए खून लगे कपड़े भी जप्त किए गए हैं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

संपादकीय

# असम की 'गेमचेंजर' महिलाएं

असम की महिलाएं पिछले दशक में सत्ता की दशा और दिशा भी तय कर रही हैं। सूबे के 2011 के विधानसभा चुनाव में महिलाएं भले ही पुरुषों से वोटिंग में पीछे रही हों, लेकिन एक दशक के बाद आगे निकल गई हैं। इससे साफ है कि महिला वोटर असम में साइलेंट नहीं बल्कि निर्णायक रोल भी अदा कर रही है। इस तरह महिलाएं सत्ता की धुरी बन रही है, जिन्हें साधे रखने के लिए हर राजनीति पार्टी सियासी दांव चल रही हैं।

2011 के विधानसभा चुनाव के वोटिंग पैटर्न देखें तो 126 सीटों में से 103 सीटों पर महिलाएं मतदान में पुरुषों से पीछे रहीं थीं, लेकिन एक दशक के बाद महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। महिलाएं हर 10 में से लगभग 6 सीटों पर पुरुषों से आगे रहीं। इस तरह से 60 फीसदी सीटों पर हार जीत का रोल महिला वोटर अदा कर रही है। सवाल यह है कि क्या चाय बागान वाले इलाके में मतदान में आई भारी गिरावट इस बढ़त को खत्म कर सकती है।

असम में 9 अप्रैल को चुनाव है। इस राज्य में वोटिंग के पैटर्न को महिलाओं ने चुपचाप, लेकिन निर्णायक रूप से, पूरी तरह से बदल दिया है। 2011 में असम की 126 विधानसभा सीटों में से 103 सीटों पर महिलाओं की वोटिंग पुरुषों के मुकाबले पीछे रही, जिसमें औसत अंतर लगभग दो प्रतिशत अंक का था। 2016 तक, यह अंतर न केवल खत्म हुआ, बल्कि पलट गया। महिलाएं 73 सीटों पर पुरुषों से आगे निकल गईं, जिसमें उन्होंने औसतन 0.35 अंकों की बढ़त दर्ज की। 2021 में यह बढ़त बरकरार रही, 72 सीटों पर महिलाओं का वर्चस्व रहा, जहां औसत अंतर 0.45 अंक था। यह बदलाव मात्र एक चुनाव चक्र में हुआ और तब से यह पलटा नहीं है। लिंग-आधारित रुझान भी कुल मिलाकर इसी तरह बने रहने की संभावना है। पूरे राज्य में महिलाओं का मतदान पुरुषों से ज़्यादा होता है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर नहीं करता कि अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं कहां खींची गई हैं। असम में तीन रुझान 9 अप्रैल के लिहाज से अहम हैं। पहला, लिंग-आधारित बढ़त असली है और लगातार बनी हुई है। पिछले दो चुनावों से पूरे राज्य में महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। जिन सीटों पर यह अंतर सबसे ज़्यादा है जैसे जमुनामुख, धेमाजी, सोतिया, अभयपुरी उत्तर वे अलग-अलग जिलों और अलग-अलग पार्टियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में फैली हुई हैं। इस वजह से इस रुझान को महज कोई स्थानीय विसंगति मानकर नजरअंदाज करना मुश्किल हो जाता है। दूसरा, अगर ऊपरी असम में 2021 में मतदान में आई गिरावट कोई ढांचागत समस्या न होकर सिर्फ उस चुनाव तक सीमित थी, तो 2016 के स्तर तक वापस पहुंचने से कुल मतदान में काफी बढ़ोतरी हो सकती है। इस क्षेत्र की चाय बागान वाली सीटें काफी प्रतिस्पर्धी होती हैं, और मतदान में पांच अंकों के उतार-चढ़ाव का चुनावी नतीजों पर सीधा असर पड़ता है। तीसरा, बराक घाटी के भीतर के अलग-अलग रुझानों की कोई साफ वजह समझ नहीं आती। जहां हैलाकांडी ने प्रगति की, वहीं करीमगंज और कछार स्थिर बने रहे। 2026 में यह अंतर बढ़ेगा या कम होगा, यह शायद जमीनी स्तर पर होने वाली उस लामबंदी पर निर्भर करेगा, जिसे कोई भी ऐतिहासिक डेटासेट दर्ज नहीं करता। 2026 के लिए निर्वाचन क्षेत्र-स्तर के नतीजे निकालने से पहले, एक बात साफ-साफ कह देनी चाहिए। भारत के परिसीमन आयोग ने सितंबर 2023 में असम की विधानसभा सीमाओं को फिर से तय किया था। कुल सीटों की संख्या 126 ही है, लेकिन कई निर्वाचन क्षेत्रों के नाम, नंबर और सीमाएं बदल गई हैं, कुछ तो काफी ज्यादा।

# संवैधानिक संस्थाओं पर उठते सवालों से कमजोर होता लोकतंत्र

योगेंद्र योगी

देश में समय के साथ लोकतंत्र के परिपक्व होने के बजाए कमजोर होने की आहट आ रही है। आजादी के बाद देश में ऐसा पहली बार हुआ है कि संवैधानिक संस्थाओं को पक्षपात के आरोपों के कारण कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। इन संस्थाओं के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इन पर पूरी तरह से सत्तारुढ केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के इशारों पर काम करने करने और विपक्ष के अधिकारों को दबाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। आरोपों के इस घेरे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के सभापति रहे जगदीप धनखड़, भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक और अब मुख्य चुनाव आयुक्त आ चुके हैं।

लोकसभा स्पीकर को हटाने के लिए 118 विपक्षी सांसदों के समर्थन से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। विपक्षी सांसदों का दावा था कि ओम बिरला ने पक्षपातपूर्ण व्यवहार दिखाया है और उनका कार्यालय अपेक्षित निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहा है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कई बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया और स्पीकर की भूमिका पर चर्चा हुई है और कई बार मेरा नाम लिया गया, मेरे बारे में गंदी बातें कही गईं। उन्होंने कहा कि यह सदन भारत के लोगों की अभिव्यक्ति है। यह सदन किसी एक पार्टी का नहीं है, यह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। जब भी हम बोलने के लिए उठते हैं, हमें बोलने से रोक दिया जाता है। पिछली बार जब मैंने बात की थी, तब मैंने हमारे प्रधानमंत्री के किए गए समझौतों के बारे में एक बुनियादी सवाल उठाया था। कई बार मुझे बोलने से रोका गया है। पहली बार लोकसभा के इतिहास में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया है।

नेता विपक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 17वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 51त्न थी। नेशनल एवरेज 66त्न था। 16वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 52त्न थी। नेशनल एवरेज 80त्न था। 15वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 43त्न थी, जबकि नेशनल एवरेज 76त्न था। उन्होंने कुछ सदस्यों की शिकायतों पर भी बात की कि उन्हें माइक्रोफोन की दिक्कतों की वजह से बोलने नहीं दिया गया। शाह ने कहा कि जो कोई भी नियमों का पालन नहीं करेगा या सदन में अनुशासन बनाए नहीं रखेगा, उसका माइक्रोफोन बंद कर दिया जाएगा और कहा कि संसद की कार्यवाही इसी तरह चलनी चाहिए।

**नेता विपक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 17वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 51% थी। नेशनल एवरेज 66त्न था। 16वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 52% थी। नेशनल एवरेज 80% था। 15वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 43% थी, जबकि नेशनल एवरेज 76% था।**



लोकसभा स्पीकर बिरला के कामकाज के तौर-तरीकों पर उनको हटाने का प्रस्ताव लाकर नाराजगी जताने से पहले राज्यसभा के सभापति रहे जगदीप धनखड़ पर इसी तरह के आरोप लगाते हुए विपक्ष ने दिसंबर 2024 में उन्हें पद से हटाने का नोटिस दिया था। विपक्ष का आरोप था कि राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे ने आरोप लगाया था कि कि धनखड़ एक सरकारी प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं और एक स्कूल के प्रधानाध्यापक की तरह व्यवहार कर रहे हैं, जो अक्सर अनुभवी विपक्षी नेताओं को उपदेश देते हैं और उन्हें सदन में बोलने से रोकते हैं। खरगे ने यह भी दावा किया था कि सदन में हुई गड़बड़ी के लिए स्वयं श्री धनखड़ जिम्मेदार हैं।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने विपक्ष का सभापति धनखड़ को हटाने का नोटिस खारिज कर दिया था, जिसमें पक्षपातपूर्ण तरीके से उच्च सदन के संचालन का आरोप लगाते हुए सभापति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने की मांग की गई थी। हरिवंश ने यह कहते हुए विपक्ष का नोटिस खारिज कर दिया कि यह तथ्यों से परे है और इसका मकसद केवल प्रचार हासिल करना है। उपसभापति ने कहा था कि धनखड़ के खिलाफ नोटिस अनुचित और त्रुटिपूर्ण है, जिसे उपराष्ट्रपति की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए जल्दबाजी में तैयार किया गया है। राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी को सौंपे अपने फैसले में हरिवंश ने कहा कि नोटिस देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा कम करने और मौजूदा उपराष्ट्रपति की छवि खराब करने की साजिश का हिस्सा है।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के घटक दलों ने सभापति धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस 10 दिसंबर को राज्यसभा के महासचिव को सौंपा था। नोटिस पर कांग्रेस, टीएमसी, आम आदमी पार्टी, डीएमके, समाजवादी पार्टी और कई अन्य विपक्षी दलों के 60 नेताओं ने हस्ताक्षर किए थे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, डीएमके नेता तिरुचि शिवा और टीएमसी के नेता डेरेक ओब्रायन ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर रॉय, राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी, मुख्य सचेतक जयराम रमेश, वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला तथा कई अन्य सीनियर सदस्यों ने धनखड़ के खिलाफ दिए गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे।

संसद के दोनों सदनों के प्रमुखों के खिलाफ हटाने के प्रयासों के अलावा विपक्षी दलों ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव लाने के संबंध में लोकसभा और राज्यसभा में सौंपा है। एसआईआर को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है। विपक्ष का आरोप है कि इस प्रक्रिया का इस्तेमाल भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि जिस तरह लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को हटाने के विपक्ष के प्रयास सफल नहीं हो सके, उसी तरह मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ महाभियोग के भी पारित होने की संभावना क्षीण है। विपक्ष के पास महाभियोग पारित कराने के लिए आवश्यक संख्या बल नहीं है। इस तरह के संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों को हटाने के लिए एकजुट विपक्ष के प्रयास बेशक सफल नहीं हो पाएं, किन्तु ऐसे प्रयासों से इन पदों की गरिमा कम हुई है। देश में विपक्ष को पूरी तरह से खारिज करके मजबूत लोकतंत्र की तरफ नहीं बढ़ा जा सकता।

संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर उठते सवालों के घेरे में भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (कैग) का पद भी आ चुका है। इस पद के चयन के लिए कमेटी बनाने की मांग पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका लंबित है। एनजीओ सेंटर फॉर पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन की याचिका में कहा गया है कि अभी कैग की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति करते हैं। इस पद की अहमियत को देखते हुए इसके लिए योग्य और निष्पक्ष व्यक्ति का चयन जरूरी है इसलिए, सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता विपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की कमेटी के जरिए कैग के चयन का आदेश दे। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर चुका है।

संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर उठते सवाल भारतीय लोकतंत्र में एक गंभीर विषय बन गए हैं। इन संस्थाओं को परिपक्वता से काम करना चाहिए ताकि उन पर सवाल न उठें। विपक्ष का आरोप है कि इन संस्थाओं का इस्तेमाल राजनीतिक हितों के लिए किया जा रहा है, वहीं सरकार का कहना है कि वे संविधान के अनुसार काम कर रही हैं। यह बहस लोकतंत्र के लिए जन आंदोलन का रूप ले चुकी है।

# अद्वितीय प्रेरक व्यक्तित्व : पं. रामेश्वर प्रसाद गुरु

डॉ. वंदना पाण्डेय दुबे

जन्मदिवस 01अप्रैल

बात सन 1962 की है जब संस्कारधानी के क्राइस्ट चर्च स्कूल के प्रभावशाली शिक्षक पं.रामेश्वर प्रसाद गुरुजी महापौर चुने गए। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी गुरु जी के गुणों को शब्दों में सहेज पाना न केवल मुश्किल वरन् असंभव है। उन्हें प्रेम और आदर के साथ गुरु जी के नाम से ही जाना जाता था। ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ और सिद्धांतों के पक्के गुरुजी महापौर बनने के बाद भी अपने घर से स्कूल साइकिल से ही जाते थे। नगर निगम में महापौर की कुर्सी पर विराजित होने के बाद कार्यालयीन कार्यों के लिए ही वे निगम की कार का प्रयोग करते थे। व्यक्तिगत कार्यों के लिए उन्होंने सदैव साइकिल का ही प्रयोग किया।

प्रखर बुद्धि के स्वामी होने के साथ ही वे सूक्ष्म भावनाओं के सागर भी थे, गुरुजी ने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से इसे सही साबित कर दिया। वे एक श्रेष्ठ शिक्षक थे । उनमें आदर्श शिक्षक के समस्त गुण विद्यमान थे। गणित जैसे रुखे विषय के शिक्षक होने के बावजूद भी वे विद्यार्थियों में सर्वप्रिय रहे। जीवन की समस्याओं के गणित का समाधान भी उन्होंने सरलता से हंसते मुस्कुराते किया। निराश मन लेकर आने वाले भी उनसे मिलकर आशा का पुंज ले जाते थे। वे सदैव आत्म वंचना, आत्म प्रदर्शन से दूर रहे। अपनी बातों और दूसरों की गलतियों को मधुरता के साथ रेखांकित कर देने का अद्भुत गुण भी था उनमें। सदैव प्रसन्न रहना, मुस्कुराना उनके व्यक्तित्व का अभिन्न अंग था। उन्होंने जीवन पथ के कांटों को हटाया ही नहीं वरन वहां सुमन बिखरते चले गए। अपनी दुख-पीड़ा को न तो प्रदर्शित किया न सार्वजनिक बनाया। इसके विपरीत दूसरों के दुख दर्द में बराबरी से हिस्सा लिया, उसे बांटा और दूर किया। सभी वर्ग, धर्म और बौद्धिक स्तर के लोग उनके सानिध्य में समानता का अनुभव करते थे। वे जबलपुर के गौरव पुरुष, सबके मित्र थे। गुरु जी दान मुक्त हस्त से और प्रशंसा दिल खोलकर करते थे, किंतु अपनी प्रशंसा सुनने से कतराते थे। दूसरों के लिए तन - मन, धन न्यौछावर करने वाले गुरु जी अपने प्रति हमेशा बेपरवाह रहे। देकर भूल जाना उनका स्वभाव था। वे इतने संकोची इतने थे कि कार्य स्वयं कर लेना ही उन्हें आसान लगता था बजाए किसी से कहने या करवाने के । गंभीर बातों को सहजता से लेने वाले गुरु जी सरल और विनोदी स्वभाव के कारण वातावरण को कभी भी बोझिल नहीं बनने देते थे । उपदेश देना उनकी फितरत में नहीं था, उनका सादगी पूर्ण, आडंबर रहित व्यक्तित्व - कृतित्व, आचरण ही लोगों के लिए उपदेश था। याद आ रही है उनके व्यक्तित्व को प्रकाशित करती हुई ये पंक्तियां ..



हम तो बिके जाते हैं उन अहले कर्म के हाथों
करके एहसान भी जो नीचे नजर रखते हैं।

गुरु जी एक श्रेष्ठ पत्रकार भी थे। वसुधा और प्रहरी के अतिरिक्त वे अनेक पत्र पत्रिकाओं से जुड़े रहे। उन्होंने समाज और जीवन के हर पहलू पर कविताएं लिखीं । सशक्त कवि के रूप में उनकी पहचान दूर-दूर तक थी। शिक्षा साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में विशेष रूचि के कारण ही गुरु जी जबलपुर में चंचलबाई महिला महाविद्यालय, भातखंडे संगीत महाविद्यालय, बिदामबाई गुगलिया कन्या विद्यालय, डिसल्वा रतनशी हायर सेकंडरी विद्यालय व भवानी प्रसाद तिवारी शिक्षा मंदिर की स्थापना में सहभागी बने । यह गर्व की बात है कि इन संस्थाओं का जैसा गौरवपूर्ण इतिहास रहा वैसा ही उनका वर्तमान भी है। गुरुजी और उनकी मित्र मंडली ने होली को सामाजिक और सांस्कृतिक पर्व के रूप में स्थापित किया।जिसमें शहर के सभी वर्ग के लोग हर्षोल्लास से मिलते जुलते, नाचते-गाते और होली का आनंद उठाते थे।गुरुजी कहते थे कि साहित्यिक, सांस्कृतिक रुचि उन्हें अपने पिता सुविख्यात व्याकरणाचार्य पं. कामता प्रसाद गुरु जी से विरासत में मिली। समाज की विसंगतियां पर उन्होंने न केवल नजर डाली बल्कि समाज की नजरों में रखा भी। शोषण के विरुद्ध उनका चिंतित स्वर देखिए -

आज जहर की हंसी हंसा है पूंजी पति अनजाने में
कौन कयामत आने को है मुफलिस के वीराने में ।

उनकी एक कविता में दुखती आत्मा का स्वर इस प्रकार रहा..

जिस्म वही है शक्ल वही है पर मानव दिल बदल गया
धन के इस खूनी चढ़ाव से हिमालय भी दहल गया ।

गुरु जी सड़ी गली परंपरा तोड़ने के पक्षधर थे। वे जानते थे विद्रोह के बिना परिवर्तन संभव नहीं है और विद्रोह करना भी आसान नहीं। इसलिए उन्होंने आव्हान किया -

आज नया इंसान बनने विद्रोही शुरुआत चाहिए !
वज्र शक्ति संकल्पना वाला विषपाई सुकरात चाहिए!!

आजादी की लड़ाई में कूद पड़ने की प्रेरणा उन्हें अपने भावुक हृदय से मिली थी किंतु भावनाओं पर उनके मस्तिष्क का नियंत्रण भी था। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा तो लिया ही, इसके लिए लोगों को प्रेरित भी किया। उन दिनों उनके द्वारा लिखा गया गीत खून की मांग आज भी जन-मन में उत्साह उमंग का संचार करता है । खून की मांग उनके अंतर्मन की एक चिंगारी थी जो ज्वाला में तब्दील होकर कविता के रूप में उतरी थी। उसी की एक झलक ..

खून चाहिए प्रेम पर पलती हुई जवानी का
खून चाहिए हमें चिता पर जलती हुई जवानी का
एक बात है एक मांग है मरघट आज जगा तो यारों
सर पर बांधे कफन खड़ा हूँ चलो कि आग लगा दो यारो।

गुरु जी अब हमारे बीच नहीं हैं किंतु उनके द्वारा स्थापित किए गए आदर्श आज हर कदम पर मार्गदर्शक के रूप में हमारे साथ हैं। उनके जन्मदिन पर नगरवासियों की ओर से सादर नमन....

**लेखिका- प्राचार्य**
**चंचलबाई महिला महाविद्यालय, जबलपुर**

# भारत चीन के आर्थिक संबंध दोस्ती है या दबाव?

नीरज कुमार दुबे

भारत और चीन के बीच व्यापार का रिश्ता आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां सच्चाई और दिखावा आमने सामने खड़े हैं। ऊपर से सब कुछ तेजी से बढ़ता हुआ दिखता है, लेकिन अंदर ही अंदर यह रिश्ता भारत की आर्थिक रीढ़ पर दबाव डाल रहा है। यह कहानी केवल व्यापार की नहीं, बल्कि ताकत, निर्भरता और रणनीति की है। हम आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 155 अरब डॉलर से भी ऊपर पहुंच चुका है। पहली नजर में यह उपलब्धि लगती है, लेकिन यही आंकड़ा सबसे बड़ा खतरे का संकेत भी है। कारण साफ है, यह व्यापार संतुलित नहीं है। भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 116 अरब डॉलर के पार जा चुका है। इसका मतलब यह है कि भारत चीन से बहुत ज्यादा खरीद रहा है और बहुत कम बेच पा रहा है। चीन से आयात 135 अरब डॉलर के करीब है, जबकि भारत का निर्यात मुश्किल से 20 अरब डॉलर के आसपास सिमटा हुआ है। यह असंतुलन सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह भारत की आर्थिक निर्भरता का खुला सबूत है। भारत आज भी इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, दवाओं के कच्चे माल और सोलर उपकरणों के लिए चीन पर काफी हद तक निर्भर है। दरअसल सस्ती कीमतों का लालच भारत को इस जाल में बांधे हुए है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह सस्ता सौदा वास्तव में सस्ता है? जब एक देश आपकी सप्लाई चेन पर नियंत्रण रखता है, तो वह केवल व्यापार नहीं करता, बल्कि आपकी अर्थव्यवस्था पर भी असर डालता है। यही चीन कर रहा है। हैरत की बात यह भी है कि गलवान जैसी घटनाओं के बाद उम्मीद थी कि भारत चीन से दूरी बना लेगा। लेकिन हकीकत उलट है। दोनों देशों के बीच व्यापार न केवल जारी है, बल्कि तेजी से बढ़ा है। कारण यही है कि भारत अभी भी कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चीन पर निर्भर है। बुलेट ट्रेन परियोजना से लेकर औद्योगिक मशीनों तक, भारत को चीन से सामान लेना पड़ रहा है। यानी राजनीतिक तनाव अपनी जगह है, लेकिन आर्थिक मजबूरी अपनी जगह है। मगर भारत अब इस असंतुलन को समझ चुका है और धीरे धीरे अपनी रणनीति बदल रहा है। देश में विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। छोटे और मध्यम उद्योगों को ताकत दी जा रही है। नए व्यापार समझौते किए जा रहे हैं ताकि निर्यात बढ़ सके। इसके साथ ही, ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत ने समझदारी दिखाई है। अब वह केवल एक स्रोत पर निर्भर नहीं रहना चाहता। तेल और गैस की सप्लाई को विविध बनाया जा रहा है। यह संकेत साफ है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

दूसरी तरफ चीन अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। उसका लक्ष्य साफ है कि उसे दुनिया की फैक्ट्री बने रहना है और हर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करनी है। हम आपको यह भी बता दें कि चीन का वैश्विक व्यापार अधिशेष लगातार बढ़ रहा है। वह नए बाजारों में घुस रहा है और तकनीकी तथा खनिज संसाधनों पर नियंत्रण बढ़ा रहा है। यही वजह है कि भारत जैसे देश चाहकर भी उससे पूरी तरह दूरी नहीं बना पा रहे हैं। इसके अलावा, हाल के बयानों में चीन ने भारत के साथ सहयोग की बात कही है। लेकिन यह सहयोग उतना सीधा नहीं जितना दिखता है। चीन चाहता है कि भारत उसके साथ खड़ा रहे, जबकि भारत अपनी स्वतंत्र आर्थिक पहचान बनाना चाहता है। यानी यह रिश्ता अब दोस्ती का नहीं, बल्कि संतुलन का खेल बन चुका है। यह एक ऐसा दौर है जहां दोनों देश एक दूसरे से जुड़े भी हैं और एक दूसरे से बचने की कोशिश भी कर रहे हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि आने वाले समय में भारत और चीन के बीच आर्थिक मुकाबला और तेज होने वाला है क्योंकि सप्लाई चेन का बंटवारा होगा, नए विनिर्माण केंद्र उभरेंगे और तकनीक के क्षेत्र में सीधी टक्कर होगी। भारत अगर अपनी रणनीति पर कायम रहता है, तो वह इस असंतुलन को धीरे धीरे कम कर सकता है। लेकिन अगर वह चूक गया, तो यह निर्भरता और गहरी हो जाएगी।

# सड़कों से गायब हुए फुटपाथः अतिक्रमण पर आँख बंद करके बैठा प्रशासन

डॉ. शैलेश शुक्ला

सड़कों से गायब होते फुटपाथ आज भारत के शहरी जीवन की एक कठोर सच्चाई बन चुके हैं, और अभी तक की स्थिति तक उपलब्ध नवीनतम सरकारी रिपोर्टों, नीतिगत दस्तावेजों और विश्वसनीय अध्ययनों को देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि यह समस्या न तो नई है और न ही आकस्मिक, बल्कि यह लगातार उपेक्षा, कमजोर शहरी नियोजन और प्रशासनिक निष्क्रियता का परिणाम है। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट रोड एक्सीडेंट इन इंडिया 2022 के अनुसार देश में कुल सड़क दुर्घटना मृत्यु में लगभग 19 प्रतिशत पैदल यात्रियों की हिस्सेदारी रही। इसका सीधा अर्थ यह है कि हर पाँच में से लगभग एक व्यक्ति, जो सड़क पर जान गंवा रहा है, वह पैदल चल रहा था। यह आँकड़ा केवल दुर्घटना का नहीं, बल्कि शहरी ढाँचे की प्राथमिकताओं का दर्पण है, जहाँ पैदल चलने वालों की सुरक्षा को व्यवस्थित रूप से नजरअंदाज किया गया है।

भारत के शहरी ढांचे में पैदल यात्रियों की भूमिका को समझना आवश्यक है। विभिन्न शहरी परिवहन अध्ययनों, जैसे कि नैशनल अर्बन ट्रांसपोर्ट पॉलिसी 2006 और उसके बाद के संशोधित दृष्टिकोणों में यह स्वीकार किया गया है कि भारतीय शहरों में 20 से 40 प्रतिशत तक यात्राएँ छोटी दूरी की होती हैं, जिन्हें लोग पैदल या गैर-मोटर चालित साधनों से तय करते हैं। इसके बावजूद, शहरों की सड़क योजना मुख्यतः मोटर वाहनों की गति और संख्या को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। नीति और व्यवहार के इस अंतर ने फुटपाथों को 'वैकल्पिक' बना दिया है, जबकि वे वास्तव में शहरी जीवन की मूलभूत आवश्यकता हैं। परिणामस्वरूप, आज अधिकांश शहरों में या तो फुटपाथ मौजूद ही नहीं हैं, या वे इतने खंडित, संकरे और अव्यवस्थित हैं कि उनका उपयोग करना जोखिम भरा हो जाता है।

फुटपाथों के अतिक्रमण की समस्या इस संकट को और गहरा करती है। शहरी स्थानीय निकायों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले फुटपाथ, व्यवहार में बहुउद्देश्यीय और अनियंत्रित उपयोग के स्थल बन गए हैं। उन पर रेहड़ी-पटरी, अस्थायी दुकानें, अवैध पार्किंग, निर्माण सामग्री और कई बार स्थायी संरचनाएँ तक देखी जा सकती हैं। यह स्थिति केवल अवैधता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह शहरी अर्थव्यवस्था और नियोजन के बीच असंतुलन का भी संकेत है। 2014 ने स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया था कि स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित तरीके से निर्दिष्ट क्षेत्रों में स्थान दिया जाए, ताकि उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और सार्वजनिक स्थानों का अतिक्रमण भी नियंत्रित हो। लेकिन 2026 तक उपलब्ध विभिन्न राज्य स्तरीय क्रियान्वयन रिपोर्टों और मीडिया विश्लेषणों से यह स्पष्ट है कि अधिकांश शहरों में टाउन वेंडिंग कमेटियाँ पूरी तरह सक्रिय नहीं हैं और न ही पर्याप्त वेंडिंग जोन विकसित किए गए हैं। इस नीति-क्रियान्वयन अंतर ने फुटपाथों को अव्यवस्था के हवाले कर दिया है।

प्रशासनिक दृष्टि से देखें तो समस्या और भी जटिल दिखाई देती है। नगर निगमों और विकास प्राधिकरणों के पास अतिक्रमण हटाने के लिए पर्याप्त कानूनी शक्तियाँ मौजूद हैं, लेकिन कार्रवाई प्रायः असंगत और अल्पकालिक होती है। समय-समय पर चलाए जाने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान कुछ दिनों के लिए दृश्य परिवर्तन अवश्य लाते हैं, लेकिन स्थायी सुधार नहीं कर पाते। इसका एक प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है, क्योंकि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अक्सर स्थानीय स्तर पर



विरोध और दबाव का कारण बनती है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी भी एक बड़ी बाधा है, जहाँ सड़क, यातायात, नगर नियोजन और पुलिस विभाग अलग-अलग काम करते हैं, लेकिन साझा रणनीति का अभाव रहता है। यह संस्थागत विफलता फुटपाथों की दुर्दशा को स्थायी बना देती है।

फुटपाथों की गुणवत्ता और डिजाइन भी उतनी ही गंभीर समस्या है। भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा जारी दिशानिर्देश स्पष्ट रूप से बताते हैं कि शहरी सड़कों पर फुटपाथों की न्यूनतम चौड़ाई, समतल सतह, बाधा-रहित मार्ग और दिव्यांगजन के लिए सुगम डिजाइन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। लेकिन जमीनी स्तर पर इन मानकों का पालन अपवाद के रूप में ही देखने को मिलता है। कई शहरों में फुटपाथ बीच-बीच में टूट जाते हैं, कहीं बिजली के खंभे या पेड़ रास्ता रोक लेते हैं, तो कहीं ऊँचाई और ढलान इतनी असमान होती है कि पैदल चलना लगभग असंभव हो जाता है। इस प्रकार की अव्यवस्थित संरचना पैदल यात्रियों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर करती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव यह दिखाते हैं कि यदि नीति-निर्माण में पैदल यात्रियों को प्राथमिकता दी जाए, तो शहरी जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार संभव है। विश्व बैंक और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के अध्ययन यह बताते हैं कि जिन शहरों में पैदल और साइकिल आधारित परिवहन को बढ़ावा दिया गया है, वहाँ न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, बल्कि प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएँ भी कम हुई हैं। इसके विपरीत, भारत के अधिकांश शहर अभी भी वाहन-केंद्रित विकास मॉडल पर आधारित हैं, जहाँ सड़कों का विस्तार तो होता है, लेकिन फुटपाथों को या तो नजरअंदाज किया जाता है या बाद में जोड़ने की कोशिश की जाती है, जो अक्सर असफल रहती है।

समाधान की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता दृष्टिकोण में बदलाव की है। फुटपाथों को 'सप्लीमेंटरी' नहीं, बल्कि 'प्राथमिक' अवसंरचना के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रत्येक नई सड़क परियोजना में फुटपाथों को अनिवार्य घटक बनाया जाए और उनके लिए अलग से बजट और समयसीमा तय की जाए। इसके साथ ही, अतिक्रमण के समाधान के लिए केवल दमनात्मक कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि समावेशी नीति की आवश्यकता है, जिसमें स्ट्रीट वेंडर्स के लिए व्यवस्थित और कानूनी स्थान उपलब्ध कराए जाएँ। स्ट्रीट वेंडर्स ऐक्ट 2014 का प्रभावी क्रियान्वयन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते इसे गंभीरता से लागू किया जाए।

अंततः, फुटपाथों का प्रश्न केवल शहरी नियोजन या यातायात प्रबंधन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह नागरिक अधिकारों, गरिमा और लोकतांत्रिक समानता से जुड़ा हुआ विषय है। जब कोई नागरिक अपने ही शहर में सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से पैदल नहीं चल सकता, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि शासन के मूल उद्देश्यों पर भी प्रश्नचिह्न है। 2026 के इस समय में, जब भारत 'स्मार्ट सिटी', 'अमृत योजना' और सतत विकास की बात कर रहा है, तब यह आवश्यक है कि विकास की परिभाषा को पुनः परिभाषित किया जाए। सड़कों की चौड़ाई और वाहनों की गति से आगे बढ़कर, यह सुनिश्चित करना होगा कि हर व्यक्ति-चाहे वह पैदल हो-सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक तरीके से शहर में चल सके। फुटपाथों की वापसी दरअसल शहरों को अधिक मानवीय बनाने की दिशा में पहला और अनिवार्य कदम है, और जब तक प्रशासन इस सत्य को स्वीकार नहीं करता, तब तक अतिक्रमण और अव्यवस्था की यह कहानी यूँ ही दोहराई जाती रहेगी।

# युद्ध का 32वां दिनः इजरायल ने ईरानी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना, इस्फहान शहर में भारी बमबारी

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का आज 32वां दिन है। अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी 2026 को ईरान पर हमला शुरू करने के बाद से पूरी मिडिल ईस्ट में तनाव जारी है। एक महीने पूरे होने के बाद भी लड़ाई हमले जारी हैं, मिडिल ईस्ट में लगातार 32वें दिन भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दे रही हैं।

मंगलवार तड़के ईरान ने इजरायल की राजधानी यरुशलम पर हमला किया, वहीं इजरायल ने भी तेहरान में हमले किए, जिससे वहां कि बिजली गुल हो गई, इसके अलावा लेबनान में सैन्य कार्रवाई के दौरान 4 इजरायली सैनिकों की मौत हो गई। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अब तक क्या क्या हुआ है और इसका किन-किन खाड़ी देशों पर प्रभाव पड़ा है, आइए एक नजर में जानते हैं पूरी डिटेल....

फार्स न्यूज एजेंसी ने प्रांत में गवर्नर के दफ्तर के एक सुरक्षा अधिकारी, अकबर सालेही के हवाले से बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि हमलों में कुछ फौजी ठिकानों को निशाना बनाया गया था, हालांकि उन्होंने उन जगहों के बारे में साफ-साफ कुछ नहीं बताया। अधिकारी ने यह भी कहा कि नुकसान कितना हुआ है और क्या कोई हताहत हुआ है, यह अभी तुरंत साफ नहीं हो पाया है।

बता दें कि इस्फहान प्रांत ईरान के रक्षा उद्योग का एक अहम केंद्र है और यहां कई बड़े परमाणु रखे हुए हैं। इस प्रांत में कई बड़े फौजी अड्डे भी शामिल हैं, जिनमें बदर एयरबेस, 8वां शिकारी एयरबेस और चौथा वायु सेना अड्डा शामिल हैं।

अमेरिका और इजराइल ने अब ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं। इजराइल और अमेरिका ने अपने



ऑपरेशन के दौरान ईरान के 5 परमाणु ठिकानों पर हमला बोला। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के अराक, अरदकान, इस्फहान, नतांज और बुशहर जैसे अहम परमाणु स्थलों को निशाना बनाया गया।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट में चल रही लड़ाई में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वो ईरान को बार-बार बर्बाद करने की धमकी देते रहें हैं। लेकिन आज वह युद्ध के 32वें दिन होर्मुज स्ट्रेट के मुद्दे पर पीछे हटते दिख रहे हैं।

ट्रंप ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर समाप्त करने के संकेत दिए हैं। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका अब मिडिल ईस्ट की ऊर्जा पर निर्भर नहीं है, ऐसे में वह होर्मुज स्ट्रेट को खोले बिना ही ईरान के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। युद्ध के 32वें दिन ईरान ने इजरायल की यरुशलम पर बड़ा हमला किया है। मंगलवार सुबह-सुबह यरुशलम में कम से कम 10 जगहों पर धमाकों की आवाजें सुनाई दी। ईरान द्वारा किए इस हमले की इजरायली सैनिकों ने पुष्टि की है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के अनुसार, ईरान की वायु सेना ने सेंट्रल ईरान के इस्फहान शहर के ऊपर अमेरिकी निर्मित रूक्त-9 रीपर लंबी दूरी के ड्रोन को मार गिराया है।

अमेरिका-इजरायली हमलों के जवाब में ईरान लगातार खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। इसी क्रम में ईरान ने सऊदी के अल-खारज प्रांत ड्रोन दागा है, जिसे सऊदी की एयर डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया। ड्रोन के मलबे से छह घरों को मामूली नुकसान हुआ है। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

संयुक्त अरब अमीरात के दुबई बंदरगाह के लंगरगाह क्षेत्र में मौजूद कुवैती के विशाल कच्चे तेल टैंकर पर ईरान ने जानबूझकर हमला किया। ईरानी हमले के कारण कुवैती तेल टैंकर में आग लग गई, हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को दक्षिणी लेबनान में अभियानों के दौरान चार इजरायली सैनिकों की मौत की पुष्टि की है। आईडीएफ ने यह भी कहा कि तीन सैनिक घायल हुए हैं।

ईरानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मंगलवार को तेहरान में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं और राजधानी के कुछ हिस्सों में बिजली गुल हो गई।

28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान में किए गए हमले के बाद ईरान ने मिडिल ईस्ट में उन जगहों पर हमले किए हैं, जहां - अमेरिकी सैनिक तैनात थे। इसके साथ ही तेल अवीव और इजरायल सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं।

अब तक ईरान ने इस क्षेत्र के नौ देशों - बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात - पर हमले किए हैं। एक ईरानी ड्रोन ने साइप्रस में यूनाइटेड किंगडम के एक सैन्य अड्डे के रनवे पर भी हमला किया।

मिडिल ईस्ट में जारी संकट का असर भारत, पाकिस्तान बांग्लादेश समेत कई देशों में देखने को मिल रहा है। इस युद्ध ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बड़ा झटका दिया। तेल आपूर्ती बाधित होने से भारत रूक्त और प्राकृतिक गैस का संकट गहरानी लगा।

# ईरान को बर्बाद करने की कसम खाने वाले ट्रंप के हौसले पस्त, होर्मुज खोले बिना ही युद्ध खत्म करने के दिए संकेत

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में चल रही लड़ाई के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर समाप्त करने के संकेत दिए हैं। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका अब मिडिल ईस्ट की ऊर्जा पर निर्भर नहीं है, ऐसे में वह होर्मुज स्ट्रेट को खोले बिना ही ईरान के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ईरान में स मिलिट्री कैंपेन खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने अपने सहयोगियों को संकेत दिया कि वह चार से छह हफ्ते के टाइमलाइन में ईरान के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन खत्म करने के लिए तैयार हैं, भले ही होर्मुज स्ट्रेट बंद रहे।

ट्रंप का मानना है कि यदि



अमेरिका ईरान की नौसैनिक और मिसाइल क्षमताओं को कमजोर करने जैसे अपने मुख्य उद्देश्यों को हासिल कर लेता है, तो होर्मुज स्ट्रेट के बंद रहने के बावजूद वह अपनी दुश्मनी खत्म कर सकता है और जीत का एलान कर सकता है।

ट्रंप ने स्पष्ट किया कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर जाने वाला 84त्र तेल एशियाई बाजारों में जाता है। ऐसे में इसे फिर से खोलना अब एशिया और यूरोप की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि अमेरिका अब मिडिल ईस्ट की ऊर्जा पर निर्भर नहीं है।

ट्रंप के इस फैसले से शायद होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का कंट्रोल और अधिक बढ़ जाएगा, अगर ट्रंप ऐसा करते हैं तो ईरान का दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक पर नियंत्रण बना रह सकता है, जिससे इसे फिर से खोलने के लिए डिप्लोमैटिक कोशिशों पर फोकस होगा।

गौरतलब है कि ट्रंप ने ईरान को बार-बार चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने होर्मुज से जहाजों की आवाजाही को रोका तो भीषण हमले किए जाएंगे। ईरान को बार-बार बर्बाद करने की धमकी देने के बाद होर्मुज स्ट्रेट को बिना खुलवाए पीछे हटना ट्रंप का बड़ा यू-टर्न है।

रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और उनके सलाहकारों का मानना है कि अगर वह होर्मुज को जबरन खुलवाने की कोशिश करते हैं तो युद्ध लंबा खींच सकता है, ऐसे में ट्रंप प्रशासन ने तय किया है कि वह होर्मुज को खुलवाने की बजाय मौजूदा रणनीति सैन्य अभियानों को कम करने से पहले ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमताओं को कमजोर करने पर फोकस कर रहा है।

## कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, ड्रग्स के धंधे में शामिल था मृतक

**नई दिल्ली।** कनाडा के सरे में गोलीबारी की एक घटना में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि इस घटना का संबंध कथित तौर पर संगठित अपराध से है। इस बात की जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। ग्लोबल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स स्थित एक टाउनहाउस कॉम्प्लेक्स से गोलीबारी की घटना सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम ने सोमवार को एक अपडेट में बताया कि पीड़ित की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया, सेखों का पहले भी पुलिस से पाला पड़ चुका था और माना जाता था कि वह नशीले पदार्थों के धंधे में शामिल था। शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि यह संगठित अपराध से जुड़ी एक सुनियोजित घटना थी।

# मसूद अजहर का खत्म होता कुनबाः पहले ऑपरेशन सिंदूर में परिवार के 10 लोग मारे गए और अब बड़े भाई की रहस्यमयी मौत


नई दिल्ली

जैश-ए-मोहम्मद का सरगना और भारत में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मौलाना मसूद अजहर के बड़े भाई मोहम्मद ताहिर अनवर की पाकिस्तान में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि उसकी मौत रहस्यमय परिस्थितियों में हुई है।

प्रतिबंधित आतंकवादी समूह के आधिकारिक चैनल ने बताया कि अनवर का अंतिम संस्कार सोमवार को पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जामिया मस्जिद उस्मान वाली में हुआ है। हालांकि, उसकी मौत का सटीक कारण अभी तक सामने नहीं आया है।

खबरों के मुताबिक, अनवर मसूद अजहर के पांच भाइयों में से एक था। उसने जैश-ए-मोहम्मद में अहम भूमिका निभाई और इस आतंकी संगठन के ऑपरेशन्स में सक्रिय रूप से शामिल था।

इससे पहले मसूद अजहर ने पिछले साल दावा किया था कि



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की लक्षित हवाई हमलों में उसके परिवार के 10 सदस्य और उसके चार सहयोगी मारे गए थे।

अजहर के नाम से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुख्यालय (बहावलपुर स्थित जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह) पर हुए हमले में मारे गए लोगों में उसकी बड़ी बहन, उसका पति, एक भतीजा और उसकी पत्नी, एक भतीजी और उसके बड़े परिवार के पांच बच्चे शामिल थे। मसूद अजहर को 1994 में भारत में गिरफ्तार किया गया था और एअर इंडिया आईसी 814 विमान के अपहरण के बाद रिहा कर दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध मसूद अजहर भारत में हुए कई आतंकी हमलों की साजिश में शामिल रहा है। इनमें 2001 का संसद हमला, 2008 का मुंबई हमला, 2016 का पठानकोट हमला और 2019 का पुलवामा हमला शामिल हैं।

# लंदन में टॉयलेट साफ करने वाला बना पाकिस्तान का संकटमोचक ट्रंप परिवार के जरिए व्हाइट हाउस में की बैकडोर एंट्री

नई दिल्ली

पाकिस्तान अपनी तमाम नापाक हरकतों के बावजूद बैक डोर नीति के सहारे अमेरिका का करीबी बन रहा है। ईरान के साथ चल रहे युद्ध में भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पाक सरकार को जरूरत से ज्यादा अहमियत दिया जा रहा है। दरअसल, बिलाल बिन साकिब नाम के एक क्रिप्टो कारोबारी ने ट्रंप प्रशासन के साथ ऐसी सेटिंग की है, जिसके दम पर ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान के लिए वाइट हाउस के बंद दरवाजे खोल दिए। बिलाल बिन साकिब ने अपनी कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के जरिए पाकिस्तान को वो कूटनीतिक बढ़त दिलाई है, जिसे पाने में बड़े-बड़े एक्सपर्ट विफल रहे थे।

कभी लंदन के स्टोर में शौचालय साफ करने और मजदूरी करने वाले बिलाल बिन साकिब ने अपनी डिजिटल ताकत और ट्रंप



परिवार के साथ निजी रिश्तों के दम पर इस्लामाबाद के लिए व्हाइट हाउस के बंद दरवाजे खोल दिए हैं। आज बिलाल बिन साकिब को क्रिप्टो ब्रो के नाम से जाना जाता है। बिलाल बिन साकिब आज पाकिस्तान की गुप्त रणनीति के मास्टरमाइंड बनकर उभरे हैं, जिसने ट्रप परिवार के साथ सीधे संबंध बनाए हैं, साकिब ने जिसने अपनी कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के जरिए पाकिस्तान को वो कूटनीतिक बढ़त दिलाई है, जिसे पाने में बड़े-बड़े एक्सपर्ट विफल रहे थे। साकिब ने अपनी कंपनी के जरिए ट्रंप के बेटे जेफरी विटकॉफ को इस्लामाबाद तक लाया, जहां ट्रंप के बेटे का स्वागत राजकीय अतिथि की तरह किया गया। पाकिस्तानी कारोबारी द्वारा ट्रंप के बेटे से इस निजी रिश्ते का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि पाकिस्तान अब अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में मेडिएटर बनकर उभर रहा है।

यही नहीं इस निजी रिश्ते के चलते पाकिस्तान ने ट्रंप प्रशासन से अपनी उन पुरानी मांगों को मनवाया है, जिसमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को अमेरिकी आतंकवादी सूची में डलवाना और पाकिस्तानी उत्पादों पर भारी टैरिफ कटौती शामिल है। पाकिस्तान ने अपनी दिवालिया अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए ट्रंप के व्यापारिक हितों को अपनी राष्ट्रिय हितों से जोड़ दिया है। न्यूयॉर्क के रूजवेल्ट होटल सौदे से लेकर क्रिप्टो माइनिंग के लिए ग्रिड का 5% हिस्सा समर्पित करने तक, इन सबके पीछे बिलाल बिन साकिब की रणनीति काम कर रही है।

## पीएम मोदी ने एक शक्तिशाली राष्ट्र की नींव रखीः मनोज सिन्हा

**जम्मू, (वार्ता)।** जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत आज पूरी दृढ़ता के साथ खड़ा है। उपराज्यपाल ने महावीर जयंती मनाने के लिए एसएस जैन सभा द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम, महावीर जन्म कल्याणक में अपने संबोधन के दौरान कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने एक शक्तिशाली राष्ट्र की नींव रखी है, जो दुनिया को अपने इस संदेश से प्रेरित कर रहा है कि सच्ची शांति कमजोरी नहीं बल्कि अटूट साहस है और यह समय पुल बनाने का है, न कि युद्ध के मैदान बनाने का। उन्होंने भगवान महावीर की अहिंसा और अनेकांतवाद की शिक्षाओं पर बात की और आज की दुनिया में सही विश्वास, ज्ञान और आचरण पर जोर दिया, जिसे इस समय करुणा, शांति और भाईचारे की अत्यंत आवश्यकता है। वैश्विक संघर्षों और कलह के बीच मानवता को भगवान महावीर की शिक्षाओं से सीख लेनी चाहिए।

# ममता बनर्जी का लेटर बमः फर्जी वोटर घुसाकर लोकतंत्र की चोरी कर रही है भाजपा

कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि मैंने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर बंगाल की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ रची जा रही गंभीर साजिश पर गहरी चिंता व्यक्त की है। भाजपा के एजेंट पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में हजारों फर्जी फॉर्म 6 आवेदन भेजकर गैर-निवासियों और बाहरी लोगों को बंगाल की मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं। यह मतदाता अपहरण का प्रयास है, वही गंदा खेल जो भाजपा ने महाराष्ट्र और दिल्ली में सफलतापूर्वक खेला है। वास्तविक मतदाता आवेदनों के निपटारे में देरी की ओर इशारा करते हुए बनर्जी ने दावा किया, जबकि 60 लाख से अधिक वास्तविक मतदाता अभी भी विचाराधीन हैं और दोषपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया के कारण 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, चुनाव आयोग अब संदिग्ध रूप से बंद



दरवाजों के पीछे इन फर्जी आवेदनों पर कार्रवाई करने में जल्दबाजी कर रहा है। यह न केवल अवैध है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के विरुद्ध है, बल्कि बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर सीधा हमला है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा, मैंने चुनाव आयोग से इस अलोकतांत्रिक प्रक्रिया को तुरंत रोकने, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का सख्ती से पालन करने और यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि 28.02.2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद कोई भी फर्जी मतदाता शामिल न हो। बंगाल अपनी लोकतंत्र को दिन दहाड़े चोरी होने नहीं देगा। बंगाल की जनता देख रही है। पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अब भाजपा द्वारा चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने के एक और सुनियोजित प्रयास को देख रहे हैं। विश्वसनीय रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि भाजपा के एजेंटों द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय और कई जिलों में बड़ी संख्या में फॉर्म 6 आवेदन जमा किए जा रहे हैं। ये मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए सामान्य आवेदन नहीं लगते, बल्कि मतदाता सूची में गैर-निवासियों को शामिल करने की एक शरारती चाल प्रतीत होती है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन


# राजस्थान के मंदिर में बिजनेसमैन हर्ष मेहता संग दिखीं मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर खबरों में हैं। राजस्थान के एक प्रसिद्ध मंदिर से उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में, अभिनेत्री हर्ष मेहता नाम के व्यक्ति के साथ नजर आ रही हैं। बता दें, पिछले कुछ समय से यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि ये दोनों एक रिश्ते में हैं। रविवार को मलाइका अरोड़ा और हर्ष मेहता राजस्थान के आदिनाथ जैन मंदिर पहुंचे। इस दौरान मलाइका ने बेहद साधारण सफेद कुर्ता पहना था, वहीं हर्ष नीली शर्ट में दिखे। मंदिर परिसर में मौजूद स्थानीय लोगों और प्रशंसकों ने उनके साथ खूब सेल्फी लीं। भीड़ को देखते हुए वहां के अधिकारियों को व्यवस्था संभालने के लिए बीच-बचाव करना पड़ा। इस दौरान दोनों ने प्रशंसकों के साथ काफी गर्मजोशी से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के मुताबिक, हर्ष मेहता एक हीरा कारोबारी हैं और उनकी उम्र 33 साल बताई जा रही है। उम्र के इस फासले को लेकर भी इंटरनेट पर काफी चर्चा हो रही है, क्योंकि मलाइका पिछले साल 52 वर्ष की हुई हैं। हालांकि, इन दावों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मलाइका अरोड़ा की निजी जिंदगी हमेशा से सुर्खियों में रही है। अरबाज खान से तलाक और अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद अक्सर उनका नाम अलग-अलग लोगों के साथ जोड़ा जाता रहा है।



# छह नामों से जानी जाती थी मीना कुमारी

अपने संजीदा अभिनय से दर्शकों के दिलों को छू लेने वाली महान अदाकारा मीना कुमारी रील लाइफ में.. ट्रेजडी क्वीन.. के नाम से मशहूर हुयी लेकिन रियल लाइफ में वह छह नामों से जानीं जाती थीं। बचपन के दिनो में मीना कुमारी की आंखे बहुत छोटी थी इसलिये परिवार वाले उन्हें चीनी कहकर पुकारा करते थे। ऐसा इसलिये कि चीनी लोगो की आंखे छोटी हुआ करती है। लगभग चार वर्ष की उम्र में ही मीना कुमारी ने फिल्मों में अभिनय करना शुरू कर दिया। प्रकाश पिक्चर के बैनर तले बनी फिल्म लेदरफेस में उनका नाम रखा गया बेबी मीना। इसके बाद मीना ने बच्चो का खेल में बतौर अभिनेत्री काम कियाइस फिल्म में उन्हें मीना कुमारी का नाम दिया गया। वर्ष 1962 मीना कुमारी के सिने कैरियर का अहम पड़ाव साबित हुआ। इस वर्ष उनकी आरती,मै चुप रहूंगी.और साहिब बीबी और गुलाम जैसी फिल्में प्रदर्शित हुई। इसके साथ हीं इन फिल्मों के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामित की गई। यह फिल्म फेयर के इतिहास मे पहला ऐसा मौका था जहां एक अभिनेत्री को फिल्म फेयर के तीन नामांकन मिले थे। एक अगस्त 1932 का दिन था। मुंबई में एक क्लीनिक के बाहर मास्टर अली बक्श नाम के एक शख्स बड़ी बेसब्री से अपनी तीसरी औलाद के जन्म का इंतजार कर रहे थे। दो बेटियों के जन्म लेने के



बाद वह इस बात की दुआ कर रहे थे कि अल्लाह इस बार बेटे का मुंह दिखा दे, तभी अंदर से बेटी होने की खबर आयी तो वह माथा पकड़ कर बैठ गये।मास्टर अली बख्श ने तय किया कि वह बच्ची को घर नहीं ले जायेंगे और वह बच्ची को अनाथालय छोड़ आये लेकिन बाद में उनकी पत्नी के आंसुओं ने बच्ची को अनाथालय से घर लाने के लिये उन्हें मजबूर कर दिया। बच्ची का चांद सा माथा देखकर उसकी मां ने उसका नाम रखा माहजबीं। बाद में यही माहजबीं फिल्म इंडस्ट्री में मीना कुमारी के नाम से मशहूर हुई।वर्ष 1939 में बतौर बाल कलाकार मीना कुमारी को विजय भट्ट की लेदरफेस में काम करने का मौका मिला। वर्ष 1952 मे मीना कुमारी को विजय भट्ट के निर्देशन में ही बैजू बावरा मे काम करने का मौका मिला। फिल्म की सफलता के बाद मीना कुमारी बतौर अभिनेत्री फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गई।वर्ष 1952 मे मीना कुमारी ने फिल्म निर्देशक कमाल अमरोही के साथ शादी कर ली। मीना कुमारी यदि अभिनेत्री नहीं होती तो शायर के रूप में अपनी पहचान बनाती। हिंदी फिल्मों के जाने माने गीतकार और शायर गुलजार से एक बार मीना कुमारी ने कहा था , ये जो एक्टिग मैं करती हूं उसमें एक कमी है .ये फन. ये आर्ट मुझसे नही जन्मा है ख्याल दूसरे का .किरदार किसी का और निर्देशन किसी का। मेरे अंदर से जो जन्मा है .वह लिखती हूं जो मैं कहना चाहती हूं वह लिखती हूं।मीना कुमारी ने अपनी वसीयत में अपनी कविताएं छपवाने का जिम्मा गुलजार को दिया जिसे उन्होंने ..नाज..उपनाम से छपवाया।सदा तन्हा रहने वाली मीना कुमारी ने अपनी रचित एक गजल के जरिये अपनी जिंदगी का नजरिया पेश किया है

अपने संजीदा अभिनय से दर्शको के दिल पर राज करने वाली मीना कुमारी 31 मार्च 1972 को अलविदा कह गयी।

# राहुल बनर्जी की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा फेफड़ों में रेत भर जाने से तड़पकर हुई मौत!

अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी की दुखद मौत के मामले में नई जानकारी सामने आई है। चश्मदीदों के मुताबिक, राहुल की जान अपनी एक महिला सह-कलाकार को बचाने की कोशिश में गई। यह हादसा ओडिशा के तालसारी बीच पर तब हुआ जब वे एक टीवी सीरियल की शूटिंग कर रहे थे। स्थानीय नाविकों के अनुसार, शूटिंग के दौरान पानी घुटनों तक ही गहरा था। तभी अचानक महिला सह-कलाकार का पैर फिसल गया और वह पानी के एक गहरे गड्ढे में गिर गईं। उन्होंने साड़ी पहनी हुई थी, जो पानी में फंस गई। राहुल उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन इसी दौरान वे खुद भी गहरे पानी की चपेट में आ गए। जहां क्रू के सदस्यों ने महिला कलाकार को तुरंत बचा लिया, वहीं राहुल को पानी से बाहर निकालने में करीब एक घंटा लग गया। पुलिस ने बताया कि राहुल की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उनके फेफड़ों में काफी मात्रा में रेत और खारा समुद्र का पानी भर गया था। वे पानी के अंदर काफी देर तक सांस लेने के लिए संघर्ष करते रहे। जब उन्हें बाहर निकाला गया, तब वे जीवित थे और दर्द से कराह रहे थे, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बालासोर पुलिस ने इस मामले में प्रोडक्शन टीम की बड़ी लापरवाही की ओर इशारा किया है। पुलिस का कहना है कि शूटिंग के लिए न तो ओडिशा पुलिस से अनुमति ली गई थी और न ही स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। अधिकारियों का कहना है कि अगर उन्हें जानकारी होती, तो वहां लाइफगार्ड, डॉक्टर और बचाव नौकाएं तैनात की जातीं, जिससे शायद इस हादसे को टाला जा सकता था।



# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में ज्ञापन सौंपा



नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि को वापिस लेने, ईंधन गैस की पर्याप्त उपलब्धता करने एवं बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि पर रोक लगाने , पेट्रोल डीजल की उपलब्धता निरंतर करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर द्वारा मंगलवार को राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आमजन महंगाई की मार से पहले से ही प्रभावित है उस पर सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि करके एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी करके जनता का जीना कठिन कर दिया है। पेट्रोल/डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाया कि ईंधन गैस के लिए लोग घंटों धूप में लाइन में लगे रहते हैं जिससे आम आदमी की दिनभर की मजदूरी चली जाती है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शहर मनीष साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली दरों में भारी वृद्धि की जा रही है। जिससे हर वर्ग की मुसीबत बढ़ेगी। लगातार बिजली के दाम बढ़ने से लोग पहले से परेशान है ।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण धनीराम पटेल ने बताया कि अब फिर से बिजली के दाम बढ़ाये जा रहे हैं। बिजली कटौती भी एक समस्या बनी हुई है किसानों को बिजली नहीं मिल रही। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रोहित पटेल ने बताया कि पेट्रोल डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता नही है। डीजल के कारण खेती किसानी और व्यापारिक कारोबार प्रभावित होता है। जिला एन एस यू आई के जिला अध्यक्ष ईशान राय ने मांग की कि 1 अप्रैल से रोजमर्रा की वस्तुओं एवं कई सेवाओं के दामों, शुल्कों की वृद्धि को रोका जाए। उक्त मौके पर भगवत सिंह जाट,अस्सू नेमा, आशीष राजवेध , बाबी खान, अजय दुबे,अमित गोलू राय, देवेंद्र शुक्ला, संतोष शुक्ला , रज्जू पाठक, डॉ राजकुमार नेमा, मनोज राव, यासीन खान, मिक्की राय, सोनू प्रजापति, अंकुर बटरी, सौरभ रिछारिया, अभिषेक प्रजापति, संदीप मुगदियार, रीतेश नामदेव, आजाद खान, संजय राजपूत, मो. आजाद, अरविंद चौबे,अंकुर बाटली, घनश्याम जाटव, अन्नी यादव के बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, प्रतियोगी पुरस्कृत

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

ल्यूमेनोवा फाउंडेशन द्वारा शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में बी.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, रंगोली, रोल प्ले नुक्कड़ नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज और ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से प्रभावशाली स्वास्थ्य संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के विजेता में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका पांडे, द्वितीय ऋतु बसेने, तृतीय वंदना रावटेल एवं रोल प्ले नुक्कड़ नाटक में प्रथम प्राची, अस्मा, सुनाक्षी, मुस्कान, साक्षी, प्रज्ञा, अंजलि, भूमि , साथ ही भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय



एस. निवेथा, तृतीय ङ्क भूमिका बागरी, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम संस्कृति श्रीवास्तव, द्वितीय दीक्षा दिवगैया, तृतीय पूजा बघेल, चतुर्थ सान्या सिंह बघेल रहीं। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी सदस्यों के मार्गदर्शन में किया गया जिनमें डॉ. शारदा नागवंशी प्राचार्य, ममता चौबे , विनीता बिसेन एवं सभी सिस्टर ट्यूटर का रहा। इस पहल का उद्देश्य भविष्य के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जागरूक करना एवं उन्हें समाज में स्वास्थ्य संदेश फैलाने के लिए प्रेरित करना है।

# साहिल का भारत के अंडर 19 वॉलीबॉल टीम में हुआ चयन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत। शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे अध्यनरत वॉलीबाल हॉस्टल के छात्र साहिल सोनी का चयन भारत के अंडर 19 वॉलीबॉल टीम के संभावित 24 खिलाडियों में हुआ। साहिल प्रशिक्षक मनीष कटारे एवं शाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में विगत चार पांच वर्षो से कड़ी मेहनत कर रहे थे विगतवर्ष वह इस उपलब्धि से चूक गए थे इस



वर्ष उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की साहिल वॉलीबॉल खेल के शानदार लिब्रो है इस उपलब्धि उन्होंने नेहरु विद्यालय को गौरवान्वित किया। पिछले वर्ष भी साहिल को उत्कृष्ट खेल के लिए बंसल न्यूज़ का पँख पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है साहिल की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाहा ,ए.डीपीसी विपनेश जैन, जिला क्रीड़ा खेल एवं खेल युवा कल्याण विभाग अधिकारी सुनीता यादव, विद्यालय पूर्व प्राचार्य ए के चौबे, प्राचार्य प्रीति नेमा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन, पी.टी.आई पंकज नेमा एवं समस्त विद्यालय ने शुभकामनाएं दी हैं।

# मूर्ति को नुकसान पहुंचाने वाला आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

## आरोपी द्वारा शराब के नशे में दिया गया घटना को अंजाम

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

31.03.2026 की सुबह थाना तेन्दूखेड़ा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मदनपुर के पास स्थित ग्राम बरेली में रोड किनारे बने एक मंदिर में स्थापित मूर्ति को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची ।अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु विशेष टीमों का गठन-* मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं शीघ्र गिरफ्तारी हेतु तत्काल तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया तथा मूर्ति को हुए नुकसान का जायजा लिया गया। आसपास के क्षेत्र में सघन जांच करते हुए स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई एवं संभावित साक्ष्य एकत्रित किए गए। साथ ही पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों के संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी जुटाई गयी। *शराब के नशे में दिया गया घटना को अंजाम पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक की गई कार्यवाही के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त मंदिर के पास रात्रि में कुछ व्यक्तियों द्वारा शराब का सेवन किया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा सक्रियता दिखाते हुए संबंधित व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित की गई।

जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम बरेली निवासी तुलसीराम ठाकुर द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ शराब का सेवन किया गया था। शराब सेवन के पश्चात उसके दोनों साथी अपने-अपने घर चले गए, जबकि तुलसीराम ठाकुर मंदिर के पास ही सो गया। इसी दौरान नशे की हालत में तुलसीराम ठाकुर द्वारा मंदिर में स्थापित मूर्ति को नुकसान पहुंचाया जाना पाया गया। आरोपी को चंद घंटों में लिया गया अभिरक्षा में- पुलिस टीम द्वारा सक्रियता से कार्यवाही करते हुए आरोपी तुलसीराम ठाकुर की तलाश की गई, जिसे ग्राम बरेली स्थित खेत से अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसके खिलाफ धारा 298 बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी के साथियों के विरुद्ध कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही घटना को अंजाम देने वाले आरोपी तुलसीराम ठाकुर के साथ घटना दिनांक को शराब का सेवन करने वाले अन्य दो साथियों कमलेश ठाकुर एवं रामसिंह ठाकुर के विरूद्ध भी कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है। उक्त प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी, तेन्दूखेडा, निरीक्षक किशोर वामनकर, सउनि जितेन्द्र राजपूत, शशांक दुबे, प्रधान आरक्षक संजय शाह, लालू भाई, आरक्षक नारायण एवं अमन की मुख्य भूमिका रही है।

# पुस्तकालय समाज के ज्ञान तीर्थ : श्रीधर

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

पुस्तकालय समाज का ज्ञान तीर्थ है, इसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। सकारात्मक पुस्तक पढ़ना ही ज्ञानार्जन का एकमात्र रास्ता है। वर्तमान में सोशल मीडिया का अध्ययन बढ़ रहा है, जो विचारों की अधिकता के कारण भटकाव को भी बढ़ा रहा है। उपरोक्त विचार माधवराव सप्रे संग्रहालय भोपाल के संस्थापक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने व्यक्त किए। वे यहां डाइट परिसर स्थित पुस्तकालय भवन को देखने पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वह शासन द्वारा बने इस शानदार पुस्तकालय का लाभ उठाएं, यहां आकर सदस्य बने और पुस्तकों को पढ़ें।



**पुस्तकें दी भेंट**-उन्होंने सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र सिंह को अपनी ओर से पुस्तकालय के लिए पुस्तकें भेंट की और भविष्य में भी बड़ी संख्या में पुस्तकें देने का वादा किया। सीईओ से हुई लंबी चर्चा में उन्होंने जिले के पुस्तकालयों को व्यवस्थित करने, उनमें सदस्य संख्या बढ़ाने का प्रयास करने और अन्य स्थानों पर पुस्तकालय खोलने हेतु आग्रह किया, साथ ही स्वयं सहयोग देने भी कहा।

**ये भी रहे मौजूद**

इस दौरान डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, सुशान्त पुरोहित, डॉ बृजेश शर्मा, आशीष खरे, दिनेश उभान बोहानी भी मौजूद रहे।

## करौंदी घाट में तीन दिवसीय भव्य हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)। ग्राम करौंदी स्थित माँ नर्मदा के उत्तर तट पर श्री त्यागी जी आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 31 मार्च 2026 (मंगलवार) से प्रारंभ होकर 02 अप्रैल 2026 (गुरुवार) तक चलेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री रामायण पाठ कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। आयोजकों द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। समारोह के दौरान महाप्रसादी वितरण, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# सामूहिक जवारा विसर्जन जुलूस को लेकर नरसिंहपुर पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत। 01.04.2026 को सामूहिक जवारा विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा व्यापक एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस टीमों द्वारा जुलूस मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से रखी जा रही नजर-* जवारा विसर्जन जुलूस के दौरान नगर के प्रमुख भवनों एवं चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि संपूर्ण क्षेत्र पर व्यापक नजर बनाए रखते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके साथ-साथ जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रमुख चौराहों, मार्गों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर पुलिस अधिकारी एवं जवान लगातार तैनात रहकर निगरानी कर रहे हैं। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से भी जुलूस की गतिविधियों पर सतत नजर रखी जावेगी। यातायात सुगमता हेतु अतिरिक्त पुलिस बल रहेगा तैनात यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जो समयानुसार यातायात को डायवर्ट करेगा, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस द्वारा शांति समिति के सदस्यों एवं आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। आसमाजिक तत्वों पर रखी जा रही विशेष नजर:* इसके अतिरिक्त, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सतत चेकिंग की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**अपील**

नरसिंहपुर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें एवं जुलूस के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखें।

# श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन के आयोजन से माहौल हुआ धर्ममय

## रामकथा के श्रवण से मिलते है संस्कार : रामस्वरुपाचार्य जी महाराज



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)। क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इमलिया ( कल्याणपुर ) में श्री रामाश्रित सत्संग सभा के तत्वावधान में जारी 57 वे श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन के आयोजन से समूचा माहौल धर्ममय हो गया है। यज्ञ मे प्रतिदिन बड़ी संख्या मे अनेक क्षेत्रीय श्रद्धालु सपरिवार यज्ञ शाला की परिक्रमा लगाने एवं धार्मिक प्रवचनों को सुनने यज्ञ एवं कथास्थल पहुँच रहे है। सोमवार को प्रवचन मे कामतनाथ पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य महाराज ने भरत मिलाप प्रसंग , भरत के चरित्र का वर्णन एवं भरत की शांतिप्रिय राममिलाप यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि व्यक्ति को इस प्रकार की कोई यात्रा या आंदोलन नहीं करना चाहिए जिसमें राष्ट्र की आर्थिक हानि या क्षति हो । उन्होंने राम नाम की शक्ति , महिमा एवं लाभ बतलाये एवं कहा कि भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है क्योंकि सकल सृष्टि है राम में,कण कण व्यापे राम ।राम चरित्र पावन सुधा , राम चरण सुख धाम । राम नाम संजीवनी,सकल सृष्टि आधार ।राम नाम तरण तारण ,राम नाम पतवार। उन्होंने भारतीय किसान एवं कृषि परंपरा भारतीय संस्कृति के आधार इमलिया ग्राम के लोगों द्वारा यज्ञ स्थल हेतु भूमि देने की प्रशंसा की तथा राम रस श्रवण करने वाले हजारों श्रोताओं, यज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित मुकेश बुधोलिया ,संगीत सहयोगी रामकृष्ण कौरव ,नीरज कौरव , श्री रामाश्रित सत्संग सभा इमलिया एवं समस्त आसपास के भक्तों सनातनियों की प्रशंसा की। प्रवचन कार्यक्रम मे बाल विदुषी साध्वी सुश्री प्रभा भारती वृंदावन धाम ने भगवान कृष्ण के बाल रूप का मनमोहक चित्रण किया। उनके द्वारा प्रस्तुत कृष्ण उपासना,राधा कृष्ण भजन संकीर्तन का हजारों की संख्या में श्रोताओं ने आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पेयजल, प्रसाद वितरण एवं वाहन पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं समिति द्वारा की गई है। पुलिस प्रशासन का सहयोग निरंतर मिल रहा है। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय जनों से उपस्थिति की अपील की है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत घानामार में हुआ श्रमदान, संरक्षण का संदेश

## जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में शामिल हुई प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी

**डिंडौरी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग की राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूसा के पोषक ग्राम घानामार में गुरुवार को श्रमदान एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के तालाब में श्रमदान कर साफ-सफाई से हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इसके पश्चात सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल शासन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन का अभियान है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे वर्षाजल संचयन, पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जब तक समाज की सक्रिय भागीदारी नहीं होगी, तब तक जल संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है। शहपुरा विधायक श्री ओम प्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें जनभागीदारी सबसे अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि गांव-गांव में



तालाब बनाया जाए। नदी नाले झरने जलाशय मेड बंधान, सड़क के किनारे फलदार पेड़ पौधे लगाए जाए। विधायक श्री धुर्वे ने विकसित भारत जी राम जी योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2026 से इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को साल में 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा 15 दिवस के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विकासखंड डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बसनिया के पोषक ग्राम संझौला टोला तक सड़क निर्माण कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संकल्प से समाधान योजना के तहत वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड एवं पीएम किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने पर जोर दिया।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, संवर्धन एवं सतत उपयोग सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि डिंडौरी जिले में जल संरक्षण करना काफी आसानी से किया जा सकता है जल संकट से निपटने के लिए केवल शासकीय प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि इसमें जन-जन की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि गांवों में पारंपरिक जल स्त्रोत जैसे तालाब, कुएं एवं बावड़ियों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। श्रमदान के माध्यम से इन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं गहरीकरण कर उन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है, जिससे वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन संभव होगा।

श्रीमती बागरी ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जल संरक्षण, रोजगार सृजन एवं ग्रामीण विकास को एक साथ जोड़ते हुए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराएं।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण अपने आसपास के जल स्त्रोतों की रक्षा एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हम अपने गांवों को जल समृद्ध बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

हितलाभ वितरण के अंतर्गत राजस्व विभाग ग्राम घानामार निवासी श्री सेवाराम एवं श्री जगदीश पिता मन्ना को फौती नामांतरण आदेश, ग्राम रूसा माल के श्री विमल कुमार पिता गंभीर को वसीयतनामा नामांतरण तथा श्री देव सिंह पिता कवल सिंह को बटवारा नामांतरण आदेश प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भव्या वालरे, प्रिन्सी मार्को, मायरा मार्को, अलीशा मार्को एवं शिवानी परस्ते को लाड़ली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत श्री कृष्ण कुमार सरैया को ऑटो रिक्शा की चाबी विथ आइस बॉक्स हेतु 2.70 लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया।

# यातायात थाना बना आधुनिक, ड्रायविंग तकनीक और शिक्षा का केंद्र वर्चुअल ड्राइविंग सिम्युलेटर

## ऑनलाइन डीएल प्रक्रिया और ट्रैफिक पाठशाला का शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्र मत)।

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कटनी यातायात पुलिस ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 30 मार्च को थाना यातायात कटनी में नवनिर्मित (ट्रैफिक पाठशाला) एवं (सिम्युलेटर रूम) का भव्य शुभारंभ किया गया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि कटनी यातायात थाना, मध्यप्रदेश का ऐसा पहला थाना बन गया है, जहाँ जन-सहयोग से अत्याधुनिक सिम्युलेटर रूम स्थापित किया गया है। इस नवाचार का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। यह विशेष परियोजना कैल्डेरिस (कैलरी) कंपनी के सहयोग से तैयार की गई है। इस अवसर पर कैल्डेरिस कंपनी के डीआईओपी सतेन्द्र सिंह एवं प्लांट हेड प्रियव्रत विश्वास विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डी.ए.व्ही.




स्कूल के छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक पाठशाला एवं सिम्युलेटर के माध्यम से वर्चुअल राइडिंग का अनूठा अनुभव कराया गया। इस अत्याधुनिक सिम्युलेटर सेटअप का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को वास्तविक सड़क पर वाहन चलाने से पूर्व सुरक्षित डिजिटल वातावरण में यातायात संकेतों, सड़क की (सांकेतिक भाषा), आवश्यक सावधानियों एवं नियमों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। वर्चुअल ड्राइविंग सिम्युलेटर: स्क्रीन एवं कंट्रोलर के माध्यम से बिना वास्तविक वाहन के सुरक्षित वातावरण में ड्राइविंग/राइडिंग का प्रशिक्षण, जिससे नए चालकों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया: परिवहन सेवा (सारथी पोर्टल) के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस हेतु आवेदन, आधार-आधारित सत्यापन, ऑनलाइन परीक्षा एवं शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को सरल एवं स्पष्ट रूप से समझाया जा रहा है। ट्रैफिक



पाठशाला: स्कूली विद्यार्थियों हेतु विशेष कक्षाओं का आयोजन, जिसमें ट्रैफिक सिग्नल, सड़क सुरक्षा नियम एवं सुरक्षित यात्रा के उपाय सिखाए जाते हैं।

जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित जनों को ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि पात्र व्यक्ति एक सरल ऑनलाइन टेस्ट के माध्यम से पारदर्शी तरीके से अपना लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकता है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा किए यह कटनी के लिए गौरव का विषय है कि हमारा यातायात थाना प्रदेश में इस नवाचार की शुरुआत करने वाला पहला थाना बना है। अत्याधुनिक सिम्युलेटर के माध्यम से यातायात नियमों को सीखना न केवल प्रभावी है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर तक लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# कांग्रेस की रीढ़ है सेवादल इसे मजबूत करना जरूरी

कटनी (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव के आव्हान पर जिला कांग्रेस सेवादल कटनी शहर अध्यक्ष मंगल सिंह तत्वाधान में 29 मार्च दिन रविवार को प्रात: 9 बजे मिशन चौक से सुभाष चौक तक तिरंगा यात्रा की गई एवं सुभाष चौक में ध्वज वंदन कर राष्ट्र गान किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह से कांग्रेस सेवादल कांग्रेस पार्टी की रीड की हड्डी है और इसे मजबूत करने की आवश्यकता है, सेवादल पूर्व अध्यक्ष पंकज गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवादल में युवाओं को जोड़ने की आवश्यकता है युवा ही देश का भविष्य है और युवा ही प्रदेश और देश की गूंगी, बेहरी सरकार को उखाड़ फेंकने में सक्षम है, कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष मंगल सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी वरिष्ठ नेता युवा और मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सोनी, मनोज गर्ग वरिष्ठ कांग्रेस से



## युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर, तिरंगा यात्रा के जरिए संगठन को मजबूत करने का संदेश

जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव, सेवादल कोषाध्यक्ष मुन्ना भाईजान, इमरान खान, सेवादल मुड़वारा ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश कनोजिया, सोनू चौहान, किशन केवट, उदय सिंह गोंड, अमर कुमार कोल, सुधीर चौधरी, रुद्र निगम, हर्ष सेन, कृष्णा कोल, सत्यम यादव, अरूण यादव, संदीप पाल, अतुल वंशकार, अतुल पटेल, अशोक सेन, आलोक यादव, नितेश पाल, धनंजय यादव, अभय सिंह, रेणुका, सुधा कोल, कमला बाई, सुमित्रा रैदास, सुमन कोल, सावित्र कोल, नेहा कोल, विजय, रोशनी कोल, अख्तर खान, भोला प्रसाद सोनखरे, अरुण वंशकार, वरुण, सपना राव आदि कार्यक्रम पर उपस्थित रहे।

# अग्रहरि परिवार हीरागंज ने किया श्रीराम शोभायात्रा का भव्य स्वागत

## आकर्षण का केंद्र रही अयोध्या की तर्ज पर तैयार श्री राम की जीवंत झाँकी

कटनी (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम के स्वागत में शहर भर में जगह-जगह विभिन्न स्टाल लगाए गए लेकिन अग्रहरि परिवार हीरागंज द्वारा शोभायात्रा का स्वागत एक अनोखे अंदाज में किया गया। अग्रहरि परिवार ने भगवान के स्वागत में द्वार सज्जा, रंगोली, दीपमाला, कलश स्थापना, छप्पन भोग, पूजन आरती के साथ अयोध्या वाले बालक राम एवं बाल हनुमान की नयनाभिराम जीवंत झाँकी प्रस्तुत की एवं जिसने शोभायात्रा के साथ मार्ग से निकलने वाले सभी लोगों का ध्यान खींचा। इस मनमोहक झाँकी को देख लोग स्वत: ही कुछ पल के लिए ठहर गए, कोई भी भगवान के बाल स्वरूप को बिना अपने मोबाइल या कैमरे में कैद किए आगे नहीं बढ़ सका। शोभायात्रा का स्वागत शीतल मधुर पेय से किया गया। बालक



राम की वेशभूषा में नगर की चर्चित कवयित्री पुष्पा प्रांजलि के पुत्र विवान (11 वर्ष) एवं बाल हनुमान के रूप गोपाल अग्रहरि के पुत्र विनायक (6 वर्ष) ने सबका मन मोह लिया। परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्याम अग्रहरि के मार्गदर्शन एवं बलराम अग्रहरि, नवीन अग्रहरि, नीरज अग्रहरि, विनीत अग्रहरि, विकास अग्रहरि, किशन अग्रहरि, गोपाल अग्रहरि, प्रथम अग्रहरि, अनीता अग्रहरि, विनीता अग्रहरि, राधा अग्रहरि, रचना अग्रहरि, सरोज अग्रहरि, पुष्पा अग्रहरि, सुरभि अग्रहरि आदि परिजनों के सामूहिक प्रयास से हीरागंज में अवधपुरी-सा वातावरण हो गया। बालदल में दिशा, श्रेया, तोयजा, श्रीद्धी, शौर्य, कार्तिक, शुभ, सानवी भी बहुत उत्साहित दिखे। साथ ही सभी परिजन ड्रेस कोड में नजर आए। सभी नगरवासियों ने अग्रहरि परिवार को सनातन संस्कृति को समर्पित इस अनूठी पहल के लिए बधाई दी।

# धूमधाम से निकली साईं शोभायात्रा

## श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** साईं फेंस क्लब द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला साईं जन्मोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में भव्य साईं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा साईं मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान साईं बाबा की सुसज्जित पालकी आकर्षण का केंद्र रही। जैसे ही शोभायात्रा श्री श्री 1008 दक्षिण



मुखी बड़े हनुमान मंदिर पहुंची, वहां श्रद्धालुओं द्वारा साईं बाबा की पालकी का भव्य स्वागत किया गया तथा महाआरती उतारी गई। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर साईं बाबा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल जीवंत झांकियों ने सभी का मन मोह लिया और भक्तों को साईं भक्ति में सराबोर कर दिया। साईं फेंस क्लब के सदस्यों ने बताया कि 29 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अभिषेक पूजन, भजन संध्या, शोभायात्रा, हवन पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन के तीसरे दिन हवन-पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन समिति के द्वारा भंडारे में भक्तों की भारी भीड़ और सभी ने श्रद्धा भाव से सेवा में सहभागिता की अपील की गई है। साईं सोभायात्रा मे डॉ रजनीश शास्त्री, पप्पू गुप्ता, गुल्लू खम्परिया, संदीप गुप्ता मंटू, सुरेंद्र सोनी, रौनक खण्डेलवाल, सुनील, हसीजा, प्रदीप दुबे, सुमित जायसवाल, सुरेन्द्र सोनी, दीपक कचेर, मनीष साहु, अमित तोमर, रूपेश पहारिया, डॉ. रमेश सोनी, संजय नाकरा, शरद गुप्ता, वीरेंद्र सोनी, प्रदीप गुप्ता, कमलेश सोनी, विपिन सोनी, सुशांत पटेल, भीष्म बरसानी, मधु गुप्ता, माही तिवारी, शिखा खम्परिया, बाबू टुटेजा, सुरेन्द्र पाटक, दिनेश चेलानी, मनोज गोस्वामी सहित अन्य लोगो की मौजूदगी रही।



# कलेक्टर तिवारी कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सुन रहे लोगों की समस्याएं

## अधिकारियों को दे रहे निराकरण के निर्देश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सुन रहे लोगों की समस्याएं। अधिकारियों को दे रहे निराकरण के निर्देश। कलेक्टर अब तक 69 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुन कर निराकरण के निर्देश दे चुके हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं

## त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

कटनी (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के क्रम में 31 मार्च को कंट्रोल रूम कटनी के सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया। उन्होंने प्रत्येक आवेदक की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में मुख्यत: पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेन-देन से संबंधित मामले, पुलिस द्वारा सुनवाई



न होने की शिकायतें, भूमि/प्लॉट संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध एवं अन्य पुलिस से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों को आश्वस्त किया कि कटनी पुलिस उनकी समस्याओं के निराकरण एवं सुरक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया सहित जिले के समस्त अनुभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आवेदकों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

# कुलदेवी माता महालक्ष्मी एवं भगवान श्री अग्रसेन महाराज की 28 वीं महाआरती

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कुलदेवी महालक्ष्मी जी एवं भगवान श्री अग्रसेन जी की महाआरती का क्रम निरंतर जारी है। महाआरती समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ ही श्रृद्धा- भक्ति और समाज को एक जूट करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। भगवान श्री अग्रसेन जी के आदर्शों को आत्मसात कर एक-ईट एक-रूपये के सिद्धांत को अपनाकर समाज कल्याण की दिशा में भी अग्रसर हो रहा है। महाआरती में अग्रबंधु जजमानी कर पुण्य लाभ भी अर्जित कर रहे हैं। 28वीं महाआरती की जजमानी- अशोक कुमार अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल खुईया पान वाले परिवार द्वारा की गई है। समाज के अग्रजनो की उपस्थिति सराहनी रही। पवन मित्तल, परसोत्तम अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद, दशरथ, अशोक, सुरेश चंद्र, नरवर, मुरली मनोहर, किशोर कुमार, सुबोध अग्रवाल, स्वामी प्रसाद, योगाचार्य मुकेश, कंछेदी लाल, अनूप, जीवनलाल, अनिरुद्ध, श्याम बिहारी, वीरेंद्र सेठ, संजीव बंसल, अंबिकेश, गोपाल कृष्ण, घनश्याम, अशोक अग्रहरि, राजकुमार, मोहन कुमार, अतुल, नीरज, आदित्य प्रकाश, यशकांत, वैभव, आशीष, सागर, निलेश, विवेक, शैलेश, गोकुल, कमलकांत, रविकांत, विविध, आकाश, हर्ष, शौर्य महिलाओं में आशा, रानी, पुष्पा, रेखा, उमा, सरिता, सीमा, निशा, संगीता, रश्मि, माया, निमिषा, शिल्पी, सरला मित्तल, श्वेता, पायल, चंचलकुमारी, सौम्या, कुमारी आन्या, कुमारी नबीका महाआरती में शामिल होकर इस एतिहासिक पल के साक्षी बनें और महाआरती समूह द्वारा प्रारंभ इस अभिनव पहल से समाज को गौरान्वित कर रहे हैं।

# रायपुर से हुई मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी

## जमीन धोखाधड़ी मामले में ढीमरखेडा पुलिस को मिली सफलता

कटनी (स्वतंत्र मत)।

थाना प्रभारी बीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में महर्षि महेश योगी संस्थान की जमीन धोखाधड़ी मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण प्राथी रणजीत पटेल पिता घासीराम पटेल निवासी ग्राम बरेली की रिपोर्ट पर आदी पटेल, मुकेश पटेल के विरूद्ध महार्षि की जमीन विक्रय के नाम पर 24 लाख 52 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई थी जो प्रार्थी रणजीत पटैल की रिपोर्ट पर थाना ढीमरखेडा में अपराध कभाक 63/26 धारा 318(2), 318 (4), 319 (2), 336 (3) 61 (2) बीएनएस का प्रकरण उक्त आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई जो 26 मार्च को आरोपी मुकेश पटेल के द्वारा



एस.आर. एम. फाउडेंसन ऑफ इण्डिया के नाम से फर्जी बैंक खाता खुलवाया गया था जो उक्त अपने खुलवाये गये फर्जी बैंक खाते से आरोपी मनीष पांडे, दिलीप दुबे द्वारा अपने खाता में पैसा टांसफर कर लिया जाता था आरोपी मुंकूदी पटैल के नाम से भी आरोपी मुकेश पटेल द्वारा फर्जी बैंक खाता खुलवाया था जिससे मनीष पांडे दिलीप दुबे अपने बैंक खातो में पैसा ट्रांसफर कराया जाता था। आरोपी मुंकूदी पटैल एंव मुकेश पटैल को पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था। प्रकरण का एक अन्य आरोपी मनीष पांडे जो की पूर्व में थाना एनकेजे क्षेत्र में रहता था और अपना मकान बेचकर यहां से जा चुका था। थाना ढीमरखेड़ा पुलिस को इसके रायपुर में होने की खबर मिली तो उसे दबोचने के लिए विशेष दल रवाना किया गया और पुलिस दल ने फरार आरोपी मनीष पटेल को रायपुर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया।

## नि:शुल्क शासकीय शव वाहन सुविधा उपलब्ध

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन द्वारा नि:शुल्क शासकीय शव वाहन सेवा संचालित की जा रही है। इस सुविधा के तहत शासकीय अस्पतालों में उपचार के दौरान किसी रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित की मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाया जाता है। इसके लिए नागरिक निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों 0755-2440502, 6269907250 एवं 6269906944 पर संपर्क कर सेवा का लाभ ले सकते हैं। यह सुविधा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य शासकीय अस्पतालों से उपलब्ध है। योजना का मुख्य उद्देश्य मृतकों के परिजनों को कठिन समय में सहारा प्रदान करना और पार्थिव शरीर को सम्मानजनक तरीके से उनके घर तक पहुंचाना है।

# 6 ग्रुपों का शपथ ग्रहण संपन्न

कटनी (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस सत्कार गार्डन परिसर में महाकौशल, विंध्य रीजन का शपथ ग्रहण समारोह विधायक संदीप जायसवाल, के मुख्य अतिथ्यि में तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विनी कासलीवाल संदीप झांझरी इंदौर, अतिरिक्त महासचिव प्रदीप झांझरीवाल, प्रवीण सिंघई, महासचिव विनय अनीता जैन, पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री अलका जैन, सुभाष जैन, डॉ. शिखर जैन, अनूप सिंघई, स.सि. संदीप जैन, स.सि. अनुराग जैन के विशिष्ट अतिथ्य में आयोजित भव्य 6 ग्रुप के एक साथ भव्य ऐतिहासिक शपथग्रहण समारोह में कटनी ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष संजय जैन, अध्यक्ष सुधीर जैन-पप्पू एवं कटनी रॉयल ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष अंकित जैन, अध्यक्ष आकेत जैन-सत्कार सहित समस्त ऊर्जावान नव-मनोनित पदाधिकारियों एवं कटनी मेन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष मगन जैन को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई। महाकोशल- विंध्य रीजन में प्रथम बार 6 ग्रुपों का एक साथ



आयोजित यह सुव्यवस्थित शपथग्रहण समारोह अत्यंत सराहनीय रहा। दोनों ही ग्रुपों की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मंगलगान एवं स्वागत प्रस्तुति ने कार्यक्रम को एक सुंदर एवं प्रभावशाली शुरुआत प्रदान की। फेडरेशन के महासचिव एवं शपथविधि अधिकारी विनय अनिता जैन द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध तरीके से सभी 6 ग्रुपों का शपथग्रहण संपन्न कराया गया। यह गरिमामय आयोजन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल, अतिरिक्त महासचिव प्रदीप झाँझरी, प्रवीण सिंघई एवं रीजन के निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप जैन की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कटनी रॉयल ग्रुप के अध्यक्ष भाई आकेत जैन द्वारा उपलब्ध कराया गया सुंदर एवं सुव्यवस्थित परिसर आयोजन की विशेषता रहा, जहाँ भीषण गर्मी के बावजूद सभी ने आरामदायक वातावरण में कार्यक्रम का आनंद लिया, साथ ही, लजीज एवं विविध स्वादिष्ट व्यंजनों ने कार्यक्रम के समापन सत्र को और भी यादगार बना दिया। 6 ग्रुप के शपथग्रहण आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका कटनी मेन ग्रुप के वरिष्ठ सदस्यों एवं कटनी रॉयल ग्रुप के रॉयल युवा सदस्यों का आपसी तालमेल था, जिसने इस आयोजन को गरिमामयी व् ऐतिहासिक बना दिया। और में इस ऐतिहासिक पल काए एक भव्य आयोजन का साक्षी बना यह मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में गौशाला स्थित नवनिर्मित भव्य जिनमंदिर में सभी राष्ट्रीय एवं रीजन पदाधिकारियों द्वारा भगवान श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ जी की शांतिधारा, प्रक्षाल व् श्रीजी का प्रमाजर्न करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महाकोशल-विंध्य रीजन के अध्यक्ष सी, मनोज जैन के महीनों के श्रम एवं समर्पण, कार्यक्रम को लयब रूप देने की सशक्त कार्ययोजना, तथा सचिव हेमंत सपना एवं कोषाध्यक्ष सुनील चित्रा घिया के समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप फेडरेशन महासचिव विनय जैन की भावना साकार रूप ले सकी। पुन: इस उत्कृष्ट एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए समस्त समर्पित आयोजक टीम को हार्दिक बधाई एवं नव-कार्यकाल हेतु मंगलमय शुभकामनाएं कार्यक्रम का संचालन संजय सिंघई, अमित सिंघई, ब्रजेश जैन द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था के संभागीय उपाध्यक्ष मगन जैन द्वारा किया गया।

# चेस कैंडिडेट्स में प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

## विमेंस में दिव्या ने वैशाली से बराबरी की, दूसरे राउंड के सभी मुकाबले ड्रॉ

साइप्रस।

साइप्रस के पाफोस में चल रहे स्न्ढ्ढष्ठश्व कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने दूसरे राउंड में चीन के वेई यी के खिलाफ ड्रॉ खेला। दूसरे राउंड में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे।

विमेंस में दिव्या देशमुख ने वैशाली रमेशबाबू से ड्रॉ खेला। दो राउंड के बाद फैबियानो कारुआना, आर प्रज्ञानानंदा और जावोखिर सिंदारोव 1.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

पहले राउंड में जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने दूसरे दिन भी अच्छा खेल दिखाया और काले मोहरों से वेई यी पर दबाव बनाया। हालांकि वेई यी ने अंत में शानदार वापसी कर मुकाबला बराबरी पर खत्म किया। प्रज्ञानानंदा के पास अतिरिक्त प्यादा था, लेकिन सफेद मोहरों की मजबूत स्थिति के कारण 46 चाल में ड्रॉ हुआ।




अन्य मुकाबले भी ड्रॉ रहे

दूसरे राउंड में अन्य मुकाबले भी ड्रॉ रहे। अनीश गिरि और फैबियानो कारुआना, जावोखिर सिंदारोव और मैथियास ब्लूबाउम के बीच भी मुकाबले बराबरी पर खत्म हुए। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और आंद्रेई एसिपेंको का मैच भी ड्रॉ रहा। जिनेर झू और कतेरीना लाग्नो का मुकाबला भी ड्रॉ रहा, जहां समय दबाव के बावजूद लाग्नो ने बराबरी हासिल की। बिबिसारा असाउबायेवा-अलेक्जेंड्रा गोन्याचकिना और झोंगयी तान-अन्ना मुझीचुक के मुकाबले भी ड्रॉ रहे। महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख के पास बढ़त लेने का मौका था, लेकिन वह वैशाली के खिलाफ जीत की स्थिति को भुना नहीं सकीं। समय दबाव में हुई गलती का फायदा उठाकर वैशाली ने वापसी की और मैच ड्रॉ करा लिया।



# एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

लुसाने।

भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप प्रो लीग से बाहर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजेता टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में खेलने का अवसर मिलता है।भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद से ही प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले कुछ समय में काफी अच्छा प्रदर्शन करती आ रही है जिससे उसे नेशंस कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं पुरूषों वर्ग टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की तैयारी जारी है।

# फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ले सकते हैं संन्यास



**टोक्यो।** जापान ग्रां प्री में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने से निराश फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ने कहा है कि वह अब अपने भविष्य को लेकर विचार कर रहे हैं। वर्स्टापेन के अनुसार सारी जिंदगी आप रेस नहीं कर सकते और जीवन में आगे भी काफी कुछ है। इससे माना जा रहा है कि वह आने वाले दिनों में संन्यास का फैसला कर सकते हैं। इस सत्र के नियमों से भी वह परेशान नजर आये। चार बार के विश्व चैंपियन वर्स्टापेन ने भी मान है कि जापान ग्रां प्री में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। सुजुका सर्किट पर 11वें स्थान से शुरुआत करने के बाद वह आठवें स्थान तक ही पहुंच सके। इस सत्र में नियमों और इंजन के ढांचे को लेकर भी वह नाराज दिखे। रेस के दौरान एक ऐसा पल भी देखने को मिला जब उनकी गाड़ी की बैटरी तकरीबन समाप्त हो गई थी और इसी कारण वह पिछड़ गये। वहीं क्वालिफाइंग के बाद वर्स्टापेन ने कहा था कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर कई चीजों पर विचार करना है। जब उनसे इस बारे में दोबारा पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि वह फॉर्मूला वन में अपने आगे के रास्ते को लेकर विचार कर रहे हैं। बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री रद्द कर दिए जाने से भी खिलाड़ियों को लंबा ब्रेक मिला है। वर्स्टापेन का कहना है कि वह इसी दौरान आने वाले समय में अपने भविष्य पर फैसला ले सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि जिंदगी केवल फॉर्मूला वन तक सीमित नहीं है और आगे कई रास्ते हैं। उनके इस बयान से साफ है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो वह संन्यास भी ले सकते हैं। वर्स्टापेन का मानना है कि फॉर्मूला वन में बने रहने के लिए खेल का मजेदार बने रहना जरूरी है।

# बॉल टैम्परिंग में फखर जमान पर दो मैच का बैन

### लाहौर के कप्तान शाहीन पर फाइन, होटल में चार लोगों को ले जाने की कोशिश

नई दिल्ली।

पाकिस्तान के ओपनर फखर जमान पर पाकिस्तान सुपर लीग में बॉल टैम्परिंग के मामले में दो मैच का बैन लगाया गया है। यह फैसला लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के मैच के बाद लिया गया।

मंगलवार की सुबह लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी पर भी टीम ने सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के मामले में फाइन लगाया है। फ्रेंचाइजी ने अफरीदी पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपए (लगभग 3600 डॉलर) का फाइन लगाया।

शाहीन ने बिना अनुमती चार लोगों को टीम होटल के कमरे में ले जाने की कोशिश की थी। पाकिस्तान के पंजाब पुलिस के मुताबिक, अफरीदी और उनके साथी खिलाड़ी सिकंदर रजा ने बिना अनुमति चार लोगों को होटल के कमरे में ले जाने की कोशिश की।क्करु ने बयान जारी कर बताया कि फखर जमन को प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.14 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह लेवल-3 का ऑफेंस है। मैच रेफरी रोशन महानामा ने सभी सबूत देखने के बाद यह फैसला सुनाया।



क्या है पूरा मामला

लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच खेले गए इस मुकाबले में विवाद 19वें ओवर के बाद शुरू हुआ। उस समय कराची को आखिरी ओवर में 14 रन चाहिए थे। फखर जमन को पेसर हारिस रउफ और कप्तान शाहीन शाह अफरीदी के साथ बातचीत करते देखा गया। इसके बाद अंपायर ने गेंद चेक की। जांच के बाद अंपायर ने माना कि गेंद की स्थिति जानबूझकर बदली गई है। इसके चलते लाहौर टीम पर 5 रन की पेनल्टी लगाई गई और गेंद बदल दी गई। इस फैसले के बाद कराची को आखिरी ओवर में 9 रन की जरूरत रह गई।

# मनिका बत्रा ने लिली झांग को हराकर ग्रुप स्टेज में हासिल की जीत

**मकाओ।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने मंगलवार को यहां आईटीटीएफ वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे दिन अलग-अलग नतीजे दिए।महिला सिंगल्स के लिए टेबल टेनिस वर्ल्ड रैंकिंग में 47वें नंबर पर मौजूद मनिका बत्रा ने अमेरिका की दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी लिली झांग पर 3-2 (11-7, 11-2, 14-16, 5-11, 11-6) से जीत दर्ज की।30 साल की मनिका बत्रा सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम करने के लिए तैयार दिख रही थीं, उन्होंने तीसरे गेम में 5-2 की बढ़त बना ली और दो मैच पॉइंट हासिल किए।हालांकि, पूर्व पैन अमेरिकन सिंगल्स चैंपियन लिली झांग ने ज़बरदस्त वापसी की और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया, फिर गेम जीत लिया।इसी मोमेंटम के साथ, झांग ने चौथा गेम जीत कर मैच को डिसाइडर तक पहुंचा दिया।हालांकि, तीन बार की ओलंपियन बत्रा ने दबाव में वापसी की और अपने आखिरी ग्रुप मैच में जीत हासिल की।आईटीटीएफ वर्ल्ड कप में सभी ग्रुप स्टेज मैच बेस्ट-ऑफ-फाइव गेम्स फॉर्मेट में होते हैं, जिसके बाद नॉकआउट राउंड के लिए बेस्ट-ऑफ-सेवन में बदल जाते हैं। मनिका बत्रा आईटीटीएफ वर्ल्ड कप के पहले दिन ग्रुप 4 में जापान की दुनिया की नंबर 5 मिवा हरिमोटो से टूर्नामेंट का अपना पहला मैच हार गई थीं।सिर्फ टॉप 16 ग्रुप टॉपर्स ही राउंड ऑफ 16 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगे। मिवा हरिमोटो और लिली झांग बुधवार को आमने-सामने होंगी, जिसके बाद ग्रुप 4 की विनर का फैसला होगा।



### वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप में चीन ने 13 गोल्ड जीते

**तियानजिन।** 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया।हांगकांग,13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा।इस साल के इवेंट में 78 देशों और क्षेत्रों के कुल 1,179 पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया, जो इसे टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा बनाता है।16 डेलीगेशन्स ने गोल्ड मेडल जीते, जबकि 29 पोडियम पर पहुंचे, जो इस खेल की बढ़ती ग्लोबल पहुंच और बढ़ते कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है।

# ओवर्टन ने धोनी का रिकार्ड तोड़ा

### आठवें नंबर पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे जैमी ओवर्टन ने आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 43 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के साथ ही पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का भी एक रिकार्ड तोड़ दिया। ओवर्टन के कारण ही सीएसके 100 रन से ऊपर पहुंची। टीम के 127 रनों में से 43 रन ओवर्टन ने बनाए और धोनी का आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 38 रनों के स्कोर को रिकार्ड भी तोड़ दिया। धोनी इस मैच में शामिल नहीं थे। वह चोट के कारण शुरुआती मैचों से बाहर हैं। इस मैच में टीम को एक बार फिर धोनी की कमी महसूस की। आईपीएल में सीएसके की ओर से धोनी ने अब तक 6 मैच नहीं खेल पाये हैं और इनमें से पांच मैचों में टीम हार है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह टीम के लिए कितने जरुरी हैं।




जैमी ओवर्टन अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नंबर 8 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अभी तक यह रिकॉर्ड धोनी के नाम दर्ज था। धोनी ने साल 2024 में विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 37 रनों की पारी खेली थी, जबकि अब ओवर्टन ने 43 रन बनाए।

इस ऑलराउंडर ने रन आउट होने से पहले 36 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की सहायता से 43 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 119.44 रन था। उनके अलावा दो और बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंचे थे। वहीं अन्य बल्लेबाज बुरी तरह असफल रहे।

# कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल

### ब्रेंट क्रूड 115 डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतें मंगलवार 31 मार्च को लगातार चौथे दिन बढ़ीं। पश्चिम एशिया में युद्ध और तनाव के कारण सप्लाई प्रभावित हो रही है, जिससे तेल की कीमतों में तेजी आई है। मई डिलीवरी के लिए ब्रेंट क्रूड 115.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि जून कॉन्ट्रैक्ट 108.96 डालर पर था। अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 105.96 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जो 9 मार्च के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ होरमुज़ को प्रभावी रूप से बंद करने से स्थिति और गंभीर हो गई है। यह मार्ग दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल सप्लाई और बड़ी मात्रा में गैस टैंकरों के लिए अहम है। सप्लाई में बाधा के कारण बाजार में तेज उछाल देखने को मिला। मार्च में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में करीब 59 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई, जो अब तक का सबसे बड़ा मासिक उछाल है। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 58 प्रतिशत बढ़ा, जो मई 2020 के बाद सबसे अधिक है।





### विलियम वॉल्श होंगे इंडिगो के नये सीईओ

**नयी दिल्ली।** देश की अग्रणी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व प्रमुख विलियम वॉल्श को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।खुद एक पायलट रहे श्री वॉल्श इस समय अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) के महानिदेशक पद पर हैं, जहां उनका कार्यकाल 31 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है।एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इंडिगो के निदेशक मंडल ने मंगलवार को हुई बैठक में श्री वॉल्श की नियुक्ति पर मुहर लगायी।वह तीन अगस्त तक अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे।

# एफपीआई ने मार्च में की रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट और रुपये में जारी तेज गिरावट के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में भारतीय पूंजी बाजार में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की।शुद्ध बिकवाली उनके द्वारा लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने मार्च में पूंजी बाजार से कुल 1,26,991 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की जो अपने-आप में रिकॉर्ड है। कोरोना काल में मार्च 2020 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी की है।मार्च 2020 में जब पहली बार लॉकडाउन लगा था तब एफपीआई ने 1,18,203 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी। इक्विटी से एफपीआई ने मार्च में 1,17,775 करोड़ रुपये निकाले जिसका असर शेयर बाजारों पर साफ दिखा।महीने के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 11 प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही।यह पहला मौका है जब एक ही महीने में इक्विटी में एफपीआई निवेश में एक लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गयी है। डेट में उनकी शुद्ध बिकवाली 8,469 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 2,616 करोड़ रुपये रही।




### एयरटेल की डाटा सेंटर कंपनी नेक्स्ट्रा में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल ने अपनी डाटा सेंटर कंपनी नेक्स्ट्रा में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा है जिसका इस्तेमाल कंपनी के विस्तार और विकास को गति देने के लिए किया जायेगा।एयरटेल ने सोमवार रात एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मुख्य निवेशक एल्फा वेव ग्लोबल होगा जो 43.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा।कार्लाइल 24 करोड़ डॉलर और एंकरेज कैपिटल 3.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा।शेष राशि (29 करोड़ डॉलर) का निवेश खुद एयरटेल द्वारा किया जायेगा।

# महिला उद्यमी 6 सिग्मा क्वालिटी प्रणाली का मंत्र अपनायें: वैष्णव



**नयी दिल्ली।** रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उद्योग संभाल रही महिलाओं को अपने संगठन और आपूर्ति श्रृंखला में गुणवत्ता की संस्कृति पर ध्यान केंद्रित करते हुए 6सिग्मा ( 99.9997 प्रतिशत शुद्धता) की संस्कृति अपनाने का आह्वान किया है।श्री वैष्णव यहां भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के महिला प्रभाग फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइज़ेशन (फिक्की- एफएलओ) के 42वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।सम्मेलन को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी संबोधित किया।इस सम्मेलन में फिक्की-एफएलओ ने उद्यमशीलता विकास, कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता, नेतृत्व विकास और आम जन की रोज़ी-रोटी से जुड़े क्षेत्रों में कार्य के जरिए शहरी और ग्रामीण भारत में अपनी बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया।दो दिन के सम्मेलन में उद्योग, मीडिया, राजनीति और सार्वजनिक जीवन से जुड़ी जानी-मानी महिला हस्तियां शामिल हुईं।

# ईरान युद्ध लंबा चला तो महंगे हो सकते हैं मोबाइल फोन, कंप्यूटर

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण मेमोरी और चिपसेट की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने लगी है और युद्ध लंबा चलने की स्थिति में मोबाइल फोन, कंप्यूटर और हर उस डिवास के दाम बढ़ सकते हैं, जिनमें इनका इस्तेमाल होता है।भारत में नोकिया इंडिया की प्रबंधक विभा मेहरा ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी करने के बाद संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि युद्ध के कारण दूसरी चीजों के साथ मेमोरी और चिपसेट की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।अभी डिवाइसों की आपूर्ति को लेकर कोई समस्या नहीं है, क्योंकि पर्याप्त इनवेंटरी उपलब्ध है, लेकिन युद्ध जारी रहा तो मध्यम अवधि (छह महीने से दो साल) में असर दिखने लगेगा।उन्होंने कहा कि फिलहाल मेमोरी और चिपसेट के दाम बढ़ने लगे हैं।कुछ लोगों ने इनका भंडारण शुरू कर दिया है और दाम बढ़ा दिये हैं।ऐसे में तुरंत नहीं तो आने वाले कुछ समय में इसका असर जरूर दिखेगा।इंडिया मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स 2026 जारी करते हुए श्रीमती मेहरा ने कहा कि भारत में डाटा उपभोग तेजी से बढ़ रहा है।पिछले पांच साल में 21.7 प्रतिशत की औसत दर से बढ़ता हुआ कुल डाटा ट्रैफिक साल 2025 में 27.6 एग्जाबाइट मासिक पर पहुंच गया।



वहीं प्रति यूजर औसत मासिक डाटा खपत 18.2 प्रतिशत की औसत वृद्धि के साथ पिछले साल 31.1 जीबी पर रहा।उन्होंने बताया कि इस वृद्धि में 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए)का सबसे बड़ा योगदान रहा।कुल 5जी डाटा उपभोग में इसकी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक रही।मोबाइल डाटा यूजरों की तुलना में एफडब्ल्यूए यूजरों ने 10 गुना डाटा की खपत की।साल दर साल 5जी एफडब्ल्यूए यूजरों की संख्या में दुगुनी हो गयी है।

# मारुति सुजुकी को 76.83 करोड़ का जीएसटी नोटिस

**नयी दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी को आयकर विभाग ने 76.83 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है।कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे हरियाणा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्राधिकरण से आज ही यह नोटिस मिला है।




इसमें 38 करोड़ 41 लाख 70 हजार रुपये का जीएसटी और ब्याज भरने का आदेश दिया गया है।इसके साथ ही इतनी ही राशि जुर्माने के तौर पर जमा कराने के लिए कहा गया है।इस प्रकार कुल 76 करोड़ 83 लाख 40 हजार रुपये के भुगतान के लिए कंपनी को नोटिस जारी किया गया है।यह मामला अप्रैल 2019 से मार्च 2024 के दौरान टैक्स क्रेडिट नोट्स से संबंधित है।मारुति सुजुकी ने कहा है कि वह इस आदेश के खिलाफ पहली अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करेगी।

# एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को प्रदान करेगा मजबूत आधार : मुख्यमंत्री यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उत्तर प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि काशी विश्वनाथ धाम दुनिया के सात पवित्र स्थानों में शामिल है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कर्मक्षेत्र भी है। उनके नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है, जो स्थिरता, संभावनाओं और भरोसे का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। वाराणसी की तरह उज्जैन भी धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से विशेष महत्व रखता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दोनों ही शहरों में धार्मिक पर्यटन की बड़ी संभावनाओं को देखते हुए विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। दोनों राज्यों के बीच भौगोलिक रिश्ते होने के साथ सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश साझा विरासत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस क्रम में आज आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को आधार प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार




को बनारस में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।

***आर्थिक विकास को गति देने हुए एमओयू***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, पारम्परिक शिल्प, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच देने के उद्देश्य से आयोजित सहयोग सम्मेलन का वाराणसी के होटल रामाडा में दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं श्री महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति तथा ओडीओपी की पहल को मजबूत करने, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा अंतर्राज्यीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिये उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के मध्य 2 महत्वपूर्ण एमओयू हुए। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उत्तर प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

***देश ने किया लाल सलाम को आखिरी सलाम***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प से देश ने लाल सलाम को आखिरी सलाम किया है। नक्सलवाद लोकतंत्र की स्थापना के लिए बड़ी चुनौती था। मध्यप्रदेश अब नक्सल मुक्त हो चुका है। इससे प्रदेश के विकास और औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सुशासन के नये प्रतिमान स्थापित किए है। उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने भी कानून-व्यवस्था के साथ विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।

***केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना दोनों राज्यों के लिए महत्वपूर्ण***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी नीति आधारित पारदर्शिता, उद्योगों के लिए उपलब्ध विशाल भूमि बैंक, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेशक हितैषी वातावरण के साथ नए अवसरों का केन्द्र बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के कार्यों की शुरुआत हुई है। इसका लाभ मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड और उत्तर प्रदेश के जिलों को भी मिलेगा। यह परियोजना सिंचाई के साथ पेयजल सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के लिए यह स्थिति नये प्रयासों और नये सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण संभावनाएं पैदा कर रही है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश मिलकर मुरैना में 2000 मेगावॉट के सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सिंहस्थ के आयोजन के लिए हर तरह के प्रबंधन की तैयारियां चल रही है। प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ के आयोजन की व्यवस्थाओं के अध्ययन से सिंहस्थ के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। इस संदर्भ में आज विश्वनाथ कॉरिडोर की व्यवस्थाओं को भी समझा है।



# रोगियों के उपचार प्रयासों में सेवा भाव प्रमुख : राज्यपाल पटेल

## राज्यपाल ने की लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा मानवता की सेवा है। इससे आत्म संतोष मिलता है। प्रदेश को सिकल सेल और टी.बी. मुक्त बनाने के प्रयासों में सेवा भाव को सर्वोपरि होना चाहिए।

राज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को लोकभवन में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन 2047 एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा जवाहर खण्ड सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाएं और पात्रता आदि की समुचित जानकारी दें। प्रदेश स्तरीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शून्य से 40 वर्ष तक के व्यक्तियों की विशेष तौर पर जाँच करें। जाँच शिविरों में आमजन को बताएँ कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सिकल सेल एनीमिया का इलाज कवर होता है। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत सिकल सेल रोगियों के इलाज की जिलेवार समीक्षा की।

***जन प्रतिनिधि पोषण आहार वितरण में करें सक्रिय सहयोग***- राज्यपाल श्री पटेल ने बैठक में टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विशेष कर जनजातीय क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि टी.बी. रोगियों को पोषण आहार वितरण में सक्रिय सहयोग करें। राज्यपाल श्री पटेल ने निक्षय मित्रों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में और अधिक निक्षय मित्रों को जो?कर पोषण आहार वितरण को ब?ाने के प्रयासों पर बल देने के निर्देश दिए है।

***खनन क्षेत्रों में भी कराएं टी.बी. की सघन जाँच***- राज्यपाल श्री पटेल ने खनन क्षेत्रों में निवासरत और कार्यरत व्यक्तियों की टी.बी. जाँच कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सिकल सेल जाँच लक्ष्य एवं पूर्ति, जेनेटिक कार्ड वितरण, हाईड्राक्सी यूरिया की उपलब्धता, गर्भावस्था में माताओं और शिशुओं का सिकल सेल प्रबंधन, सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, आयुष्मान योजना का लाभ, दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरण, 125 दिवसीय सिकल सेल जागरूकता अभियान आदि विस्तार से समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

# किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है सरकार: उप मुख्यमंत्री



## कृषि बजट में 90 हजार करोड़ का प्रावधान

भोपाल

मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाते हुए राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो किसानों के कल्याण और कृषि विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा मंगलवार को नीमच जिले के जावद में मंडी प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय जहर मुक्त जीरो बजट कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे वर्ष कृषि और किसानों से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों और नई पद्धतियों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने किसानों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने जो भी नई तकनीकें और अनुभव प्राप्त किए हैं, उन्हें अपनी खेती में लागू करें ताकि उत्पादन बढ़ाने के साथ लागत को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक और कम लागत वाली खेती की दिशा में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।

***किसानों के हित में चलाई जा रहीं अनेक योजनाएं***- उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि आयुष्मान भारत के माध्यम से गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है, वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों के खातों में सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाई जा रही है। श्री देवड़ा ने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करे तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना अवश्य साकार होगा। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना करते हुए किसानों को आधुनिक तकनीक और ज्ञान के साथ खेती को और अधिक समृद्ध बनाने का संदेश दिया।

## पेट्रोलियम पदार्थो की सतत आपूर्ति जारी: खाद्य मंत्री

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि मध्यप्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोलियम पदार्थों की सतत आपूर्ति जारी है। प्रदेश के बॉटलिंग प्लांट्स में घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। घरेलू गैस उपभोक्ताओ द्वारा की गई बुकिंग के विरूद्ध एलपीजी सिलेण्डर का प्रदाय निरंतर रूप से किया जा रहा है। साथ ही कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को शासन द्वारा तय किये गये प्राथमिकता क्रम अनुसार आवंटन प्रतिशत के आधार पर कॉमर्शियल गैस सिलेण्डरों की सप्लाई सतत रूप से की जा रही है।
घरेलू एवं कॉमर्शियल की सप्लाई में किसी प्रकार का अवरोध नहीं है। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय तक काम कर रहे हैं। प्रदेश के जिलों में स्थित बॉटलिंग प्लांट तथा वितरकों के पास उपलब्धता एवं प्रदाय की सतत रूप से समीक्षा की जा रही है।
प्रदेश में आज की स्थिति में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल/डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की कमी की कोई स्थिति नहीं है, एवं कंपनी के डिपो से भी डीजल/पेट्रोल की लगातार कंपनी द्वारा पूर्ति की जा रही है।
कालाबाजारी के विरूद्ध कार्यवाही
प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 2131 स्थानों पर जांच की गई तथा 2959 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए। साथ ही 9 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 438 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें एक प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।



# रसीलपुर में माँ कलेही दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

## एकादशी पर हजारों भक्तों ने लगाई अर्जी

हटा

समीपी ग्राम रसीलपुर में एकादशी तिथि पर माँ कलेही के पावन दरबार में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवरात्रि समापन के बाद आयोजित इस विशेष अवसर पर क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। एक ओर जहां ग्राम में स्थापित जवारों का विधिविधान से पूजन किया गयाद्ध वहीं पूरे गांव से जवारों को श्रद्धापूर्वक माँ कलेही के दरबार में अर्पित किया गया। इसके पश्चात सभी जवारों का सामूहिक पूजन कर भक्तों ने माता रानी के समक्ष अपनी-अपनी अर्जी लगाई और सुख.समृद्धि की कामना की।धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि के समापन उपरांत एकादशी की रात्रि में जो भी भक्त सच्चे मन से माँ कलेही के दरबार में मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। इसी आस्था के चलते देर रात तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। इस दौरान आसपास के गांवों के अलावा कटनी, जबलपुर, सागर, पन्ना और छतरपुर सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते रहे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और जयकारों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। जिन्होंने व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रसीलपुर में आयोजित यह धार्मिक आयोजन न केवल आस्था का केंद्र बना बल्कि क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी करता नजर आया।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के लिए बैठकें निर्धारित

**दमोह।** जिले में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं मासिक ग्रेडिंग की समीक्षा के लिए 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक क्रमवार समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि ये बैठकें संयुक्त कलेक्टर राकेश सिंह मरकाम की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित विभागों के एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

# अजबधाम में आस्था का महासागर

## जै-जै सरकार के प्राकट्य दिवस पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अजबधाम

तपोभूमि अजबधाम में 31 मार्च का दिन आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति के दिव्य रंगों से सराबोर नजर आया, जब महंत अजबश्री जै-जै सरकार के प्राकट्य दिवस पर भव्य धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला संपन्न हुई। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर को आस्था के महापर्व में बदल दिया। प्रात:कालीन बेला में ब्रह्ममुहूर्त से ही देवश्री रामकुमार मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि गूंज उठी। अजबश्री के अनुज्ञावती शिष्य एवं उत्तराधिकारी महंत राम अनुग्रह दास छोटे सरकार ने विधिविधान से अभिषेक पूजन कर आरती कीए जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात अजबश्री मानस मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों और चौपाइयों की मधुर धुनों पर भक्तगण पूरी श्रद्धा के साथ झूमते नजर आए। महंत रामानुग्रह दास द्वारा अजबश्री के पावन पदों का पूजन एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भक्तों ने अजबश्री की पादुका पूजन में बढ़.चढ़कर भाग लिया और अपने जीवन में सुख.समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में जै-जै सरकार के भक्त मंडल एवं शिष्य मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अजबधाम परिसर में दिनभर भक्तिए सेवा और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। इस दिव्य आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया बल्कि अजबधाम की पावन भूमि को एक बार फिर भक्ति के प्रकाश से आलोकित कर दिया।

# एचपीव्ही टीकाकरण को न टालें, किशोरियों का कराएं टीकाकरण

दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया ने बताया कि जिले में किशोरियों को एचपीव्ही संक्रमण से होने वाले खतरे से बचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीव्ही टीकाकरण अभियान निरंतर प्रगति पर है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत सभी विकासखण्डों में सक्रिय रूप से टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। पथरिया विकासखण्ड में



सीबीएमओ डॉ. जतिन दुबे की देखरेख में अभियान को गति देते हुए आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर नरसिंहगढ़ में 39 किशोरियों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 8 किशोरियों सहित कुल 47 किशोरियों का एचण्पीण्व्ही टीकाकरण किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत सिंह ने बताया कि जिले में कुल लक्षित 14336 किशोरियों के विरूद्ध 2496 किशोरियों का सफल टीकाकरण एवं यूविन पोर्टल पर प्रविष्टि की जा चुकी है। यह ऑकड़ा लगातार बढ़ रहा है और शेष लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य सहयोगी विभागों महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के साथ समन्वय कर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एचपीव्ही टीका किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाने में अत्यंत प्रभावी है।

# स्टेशन चौराहा पर शराब दुकान खोले जाने का विरोध



**दमोह।** शराब दुकान के विरोध में स्टेशन चौराहा पर क्षेत्रीय नागरिकों एवं व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। धरना प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि स्टेशन चौराहा पर अनेक व्यापारियों की दुकान है और पास में ही अनेक लोगों का निवास हैं। थोड़ी ही दूर पर जैन मंदिर भी है, यहां पहले से शराब दुकान नहीं थी। इस वर्ष चौराहे पर शराब दुकान खोले जाने की जानकारी लगी है जिसका सभी लोग विरोध कर रहे हैं। लगभग 2 घंटे तक लोगों ने धरना प्रदर्शन किया इसके बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान कहीं और खोले जाने की मांग रखी गई। देर तक रास्ते बंद रहा ज्ञापन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।


**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

सार्वजनिक उदघोषणा

रा.मा.क्र. 218 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 21/4/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम/ पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | कंदेली | 4/154 | 1125 वर्गफुट | राजेश नेमा, राकेश कुमार नेमा, मुकेश कुमार नेमा, सुषमा नेमा, क्षमा नेमा पिस. स्व. गुलाबचंद नेमा सा. कंदेली | राजेश नेमा, राकेश कुमार नेमा, मुकेश कुमार नेमा, सुषमा नेमा, क्षमा नेमा पिस. स्व. गुलाबचंद नेमा सा. कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 26/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण/ नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाथीताल कॉलानी जबलपुर में भवन क्रमांक जी-11 श्री सान्ता मित्रा पिता श्री अमुल्ला रतन मित्र के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06.06.2018 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री सान्ता मित्रा पिता श्री अमुल्ला रतन मित्र ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.01.2026 के माध्यम से श्री रॉड्रिक्स बर्नार्ड पिता श्री फ्रांसिस ज़ेवियर बर्नार्ड को विक्रय किया है। अतः श्री रॉड्रिक्स बर्नार्ड पिता श्री फ्रांसिस ज़ेवियर बर्नार्ड द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर जिला जबलपुर**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-/0286/ बी-121/ 2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवम उपाध्याय पिता श्री पवन उपाध्याय निवासी:- म.नं. 33, शुभम परिसर लक्ष्मी मेमोरियल स्कूल के पास गढ़ा जबलपुर एवं करनप्रीत सिंह दुआ पिता गुरुबचन सिंह दुआ कोसमघाट विरुद्ध 1. अनावेदक भोलानाथ पिता रेवा प्रसाद म.नं.-आई 26, अवधपुरी कालोनी ग्वारीघाट जबलपुर 2. हरिलाल, बच्चू रमेश कुमार पिता थारूमल रोहाणी ग्राम 33/ए साउथ सिविल लाईन अमन अपार्टमेंट के पीछे तह. व जिला जबलपुर द्वारा ग्राम कोसमघाट में स्थित खसरा नं. 392/1/1/1, 392/1/2, 392/2/2 रकबा 0.025 हे. भूमि पर रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। खसरा नं. 392/1/2 रकबा 0.1320 हे. जो की आवेदक के हक और हिस्से की है मुआवजा की राशि प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जो कि विचाराधीन है। प्रकरण में अतिरिक्त तहसीलदार खम्हरिया द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार खसरा नं. 392/1/1/1 रकवा 0.021 हे. के भूमिस्वामी भोलानाथ पिता रेवा प्रसाद का कब्जा ना होने एवं मूल खसरा नं. का नक्शा 0.021 हे. कम होने के कारण उक्त खसरा नं.392/1/1/1 रकवा 0.021 हे. विलोपित करने एवं रिंगरोड हेतु अधिग्रहित भूमि 0.025 हे. के स्थान पर 0.026हे. अधिग्रहण होने के कारण खसरा नं. 392/2/1 रकया 0.026 हे. शासकीय राष्ट्रीय राजमार्ग दर्ज किया जाना एवं मुआवजा राशि हरिलाल, बच्चू रमेश कुमार पिता थारूमल रोहाणी को स्वीकृत किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 06/04/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से पेश कर सकता है। उक्त म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण का विधि अनुरूप निराकरण किया जावेगा। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-18/03/2026
पेशी दिनांक- 06/04/2026

सील

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर

# वर्ष 1998 से सेवा दे रहे प्राथमिक शिक्षक फिर भी पुरानी पेंशन स्कीम से वंचित

## मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित 7 को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट में रीवा जिले के 28 शिक्षकों ने एक अहम याचिका दायर कर मप्र स्कूल शिक्षा सेवा (टीचिंग कैडर) सेवा शर्त एवं भर्ती नियम, 2018 को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि इन नियमों और 27 जुलाई 2019 को जारी कार्यपालिक निर्देशों के कारण उन्हें उनके वर्षों पुराने अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। मंगलवार को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीज़न बेंच ने मामले पर राज्य सरकार सहित 7 को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। जवाब पेश करने बेंच ने अनावेदकों को 4 सप्ताह का समय दिया है। दरअसल यह मामला प्रदेश के हजारों शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसका असर सेवा शर्तों, पेंशन और वरिष्ठता से जुड़े व्यापक वर्ग पर पड़ सकता है।



### वर्ष 1998-99 से दे रहे सेवा

इस संबंध में रीवा जिले के प्राथमिक शिक्षक पंकज पांडेय व 27 अन्य की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि वे सभी वर्ष 1998-99 से स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं और लंबे समय तक शिक्षा कर्मी एवं अध्यापक के रूप में सेवा दे चुके हैं। इसके बावजूद 2018 के नए नियम लागू कर उन्हें फ्रेश एंट्री यानी नए कर्मचारी की तरह माना जा रहा है। इससे उनकी सीनियरिटी समाप्त हो गई है और उन्हें नई सेवा शर्तों के तहत शामिल कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि नियम 18(1) और 18(2) के तहत उनसे एक बाध्यकारी अंडरटेकिंग भरवाई गई, जिसके जरिए नई शर्तों को स्वीकार कराया गया। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया दबाव में कराई गई और कई शिक्षकों ने मजबूरी में इसे स्वीकार किया।

### पुरानी पेंशन योजना के तहत मिले लाभ

शिक्षकों का तर्क है कि उन्हें पुरानी पेंशन योजना यानी के तहत लाभ मिलना चाहिए, क्योंकि उनकी सेवा 1998 से लगातार जारी है। लेकिन 2018 के नियमों के कारण उन्हें इस अधिकार से वंचित कर दिया गया है। साथ ही, वर्षों की सेवा से अर्जित वरिष्ठता और अन्य लाभ भी खत्म कर दिए गए हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि इतने लंबे समय तक सेवा देने के बाद किसी कर्मचारी को अचानक नया कर्मचारी मानना पूरी तरह मनमाना और अन्यायपूर्ण है। यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है, जो समानता और समान अवसर के अधिकार की गारंटी देते हैं। इसके अलावा, 1998 की भर्ती प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों का हवाला देते हुए कहा गया है कि कुछ शिक्षकों का नियमितीकरण नहीं हो पाया, जबकि उन्हें भी समान शर्तों पर शामिल किया जाना चाहिए था। याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट से मांग की है कि 2018 के नियमों और 2019 के कार्यपालिक निर्देशों को असंवैधानिक घोषित किया जाए और उन्हें पुरानी पेंशन योजना के तहत सभी लाभ तथा सीनियरिटी बहाल की जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विवेक बड़ेरिया ने पैरवी की।

## पुलिस कप्तान ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जनता की शिकायतों एवं समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि/परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 51 शिकायतें थी। उनके द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को शीध्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों/राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बीएस गोठरिया, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय उपस्थित रहे।

## जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरेला की गौर चौकी पुलिस ने बताया कि बिलहरी निवासी 40 वर्षीय संतकुमार पटेल ने विगत 29 मार्च को किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसे परिजनों ने उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी बीती देररात उपचार दौरान मौत हो गई। मृतक के साले दिनेश पटेल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।






## शासकीय विद्यालय को भेंट की उपयोगी वस्तुएं



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने हेल्थ फाउंडेशन के माध्यम से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शैक्षणिक संसाधनों और उपयोग आने वाले आवश्यक उपकरणों का वितरण किया। इस पहल अनेक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे और बेहतर शैक्षणिक वातावरण व उन्नत शिक्षण सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के तहत् शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर को साइंस लैब की स्थापना के लिए उपकरण, विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था, खेल सामग्री, स्मार्ट बोर्ड, पाठ्य-पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्रियां उपलब्ध कराई गईं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संसाधन प्रदान कर उनकी सीखने की क्षमता को सुदृढ़ बनाना है। कंपनी का मानना है कि शिक्षा में निवेश समाज के समग्र विकास की आधारशिला है और इस दिशा में किए गए प्रयास दीर्घकालिक प्रभाव उत्पन्न करेंगे। इस कार्यक्रम में डीइओ घनश्याम सोनी, दीपक कश्यप, अशोक कुमार तिवारी व खुशबू शर्मा की उपस्थिति में विद्यालय को सामग्री प्रदान की गई।

## बहन के घर पहुंचे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ग्वारीघाट थानातंर्गत पुरानी बस्ती में अपनी बहन के घर हुए विवाद को सुलझाने गये भाई के साथ युवकों ने मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक के सीने में गंभीर चोट आई है, जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती निवासी 35 वर्षीय निशांत पटेल को बीती रात उसकी बहन नीतू ने बुलाया कि भैया नीचे दुकान वाला मोहित केवट और कुछ लड़के विवाद कर रहे है। निशांत जब मौके पर पहुंचा और उसने मोहित व उसके साथी दीपक जाटव, बाबी व भरत को विवाद करने से मना किया तो चारों ने गालीगलौज शुरु कर दी। इसी बीच दीपक जाटव ने चाकू से निशांत पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसके सीने व हाथ में गंभीर चोट आ गई। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**